VPL

वर्ष 10 अंक 34
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
12 नवंबर 2024
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in



DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 अदालत ने परिसर की सफाई से संतुष्ट होने पर डीयू को छात्रसंघ...
06 डिजिटल घुसपैठ ; आतंकवाद का नया पैंतरा : ऋषभदेव शर्मा
11 बुमराह अगुआई करेंगे, राहुल के पारी का आगाज करने की संभावना: गंभीर










## मणिपुर के जिरिबाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 11 उग्रवादी मारे गये

इंफाल, (भाषा) मणिपुर में जिरिबाम जिले बोरोबेकरा में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि फौजी वर्दी में आये इन उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने और नजदीक के सीआरपीफ शिविर पर अंधाधुध गोलियां दागनी शुरु कर दी जिसके बाद मुठभेड़ छिड़ गयी। उनके पास अत्याधुनिक हथियार थे।

### सामाजिक समरसता राष्ट्र का आभूषण, मैट्स के रजत जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति का उद्बोधन

# उद्योगों से जुड़े लोगों की जटिलताएं दूर कर आसान मार्ग हो : जगदीप धनखड़

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विगत दिवस देश के लोकप्रिय शिक्षण संस्थानों में से एक महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के ''रजत जयंती'' समारोह के अति महत्वपूर्ण अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने आशीर्वाद वचन में कहा कि हमारे देश के व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े देश के लोगों को व्यवस्था का दबाव महसूस नहीं होना चाहिए। वे समाज में सम्मान के पात्र हैं। वे धन सृजक, नौकरी प्रदाता, अर्थव्यवस्था के चालक और सामाजिक सद्भाव में योगदानकर्ता हैं।








व्यापार में लगे लोगों ने समाज को वापस लौटाने की कला सीख ली है। यहां तक कि हमारा स्वतंत्रता आंदोलन भी उनके महत्वपूर्ण योगदान को चिह्नित करता है। यह बात उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। वह महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी (मेट्स) के विज्ञान भवन में आयोजित रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'आर्थिक राष्ट्रवाद' का सिद्धांत कुछ व्यक्तियों के वित्तीय लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है। अनुसंधान और नवाचार में निवेश वर्तमान में निवेश है। भविष्य में निवेश है। विकास में निवेश है। नवाचार और अनुसंधान अर्थव्यवस्था के प्रेरक इंजन हैं। युवा इनके सहारे देश को आगे बढ़ाकर विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा बचाने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि अनावश्यक आयात पर अंकुश लगे। नवीन प्रौद्योगिकी विधियां, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, ब्लाकचेन, 3डी, यहां तक कि 6 जी भी, यह सभी गेम चेंजर हैं। यह तभी आगे बढ़ेंगी जब आप जैसी प्रतिभाएं इन पर ध्यान देंगी। आपको इसके लिए प्रशिक्षित होना होगा। हम एक और औद्योगिक क्रांति के शिखर पर हैं। यह अवसर और चुनौतियां दोनों प्रदान करता है। यह हमारी कार्यशैली में शामिल हैं और इनका गलत इस्तेमाल हमें मार्ग से उतार सकता है। इसलिए सामान्यीकरण कर ही इनका उपयोग होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि आपके पास एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जहां शासन पारदर्शी और जवाबदेह है। शासन में आने के लिए भ्रष्टाचार पासवर्ड हुआ करता था। विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली अब शासन से बाहर निकल गई हैं। कानून के समक्ष समानता एक जमीनी हकीकत है। हाल में लांच हुई इंटर्नशिप योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सराहना करते हुए, धनखड़ ने कहा कि एनईपी तीन दशकों के गहर विचार-विमर्श के बाद विकसित हुई है, जिसमें हजारों सुझावों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह अनुभवात्मक शिक्षा, आलोचनात्मक सोच प्रदान करता है, जबकि अनुसंधान के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि दूसरा अपनी बात कहे ओर हम उसे मानें ही, पर उसकी बात न सुनना, उस पर चिंतन और मंथन न करना, यह हमारी सभ्यता का अंग नहीं है। विभिन्न मत रखना एक ऊर्जा है। इससे ही व्यक्ति को स्वयं को सही करने की अनुमति मिलती है और कुछ नही तो सिक्के का दूसरा पहलू तो दिखता है। उन्होंने कहा कि ''सामाजिक समरसता के बिना बाकी सब अर्थहीन हो जाता है।'' सामाजिक समरसता हमारा आभूषण है। इसके पूर्व उपराष्ट्रपति तथा संस्थापक श्री नंदकिशोर गर्ग अध्यक्ष श्री विनीत कुमार लोहिया तथा सम्मानित अतिथि डॉ मनीष वर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की , तथा श्री नंदकिशोरगढ़ (संस्थापक मैट्स) और चेयरमैन श्री विनीत कुमार लोहिया ने उपराष्ट्रपति महोदय का अंग वस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया तथा हनुमान जी की सुंदर प्रतिमा भेंट कर उनको सम्मानित किया, हनुमान जी की प्रतिमा स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी हमारे ''जाट समाज'' के देवता भी हैं इस पर सभी लोगों ने आनंदित होकर तालियां भी बजाई। उपराष्ट्रपति महोदय ने कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान श्री बजरंग लाल जी गुप्ता को याद करना नहीं भूले और उनके कई बार नाम लेकर उल्लेख किया तथा उनकी पुस्तक की भी चर्चा की जो उन्होंने देश की आर्थिक विकास के ढांचे पर लिखी है।










कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित थे तथा गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन संस्थान की जो छवि और लोकप्रिय बढ़ी है वह हमको इसलिए मालूम है कि मेरे पास सबसे ज्यादा सिफारिश इसी कॉलेज में प्रवेश के लिए आते हैं लेकिन मैं बेबस हूं क्योंकि नियम विरुद्ध कोई भी प्रवेश कठिन कार्य हो गया है। मेट्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नंद किशोर गर्ग ने संस्थान के 25 वर्षों की अपनी संघर्ष और उपलब्धियां की यात्रा बताते हुए महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों की भी चर्चा की तथा कहा कि हम आज हॉस्पिटल और शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणीय माने जाते हैं इसके लिए हमारी उदारता और समाज के प्रति समर्पण और जवाब देही भी है।

कार्यक्रम के समापन पर श्री जगदीप धनकर जी ने कार्यक्रम में पधारे प्रथम पंक्ति के विशिष्ट लोगों से भी भेंट की इस अवसर पर नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता ने उपराष्ट्रपति को नेशनल एक्सप्रेस समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए डॉक्टर वैदिक को याद दिलाया विदित हो कि डा० वेद प्रताप वैदिक उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ जी के राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान कोलकाता में उनके विशिष्ट अतिथि होते थे। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुबोध जिंदल, टीआर गर्ग, आनंद गुप्ता, ज्ञान अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, जगदीश मित्तल, श्री बजरंग लाल गुप्ता (Rss) श्री वासुदेव गर्ग, विपिन गुप्ता संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भारत विकास परिषद मीडिया) श्री श्याम सुंद सीएमडी र( बाबू भाई बीकानेर वाला) श्री विनय गुप्ता मुरादाबाद ( लोहिया ग्रुप) श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल श्री संत कुमार चौधरी ( संस्थापक चेयरमेन शंकरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन ), श्री जगमिंदर गुप्ता, श्री अशोक अग्रवाल (एकल)नरेश गुप्ता (एकल)एसपी गोयल, श्री अतुल सिंघल (नमो इंपैक्ट मीडिया) नंद किशोर अग्रवाल, मोहन गर्ग, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, प्रो. नीलम शर्मा, प्रो. रजनी मल्होत्रा ढींगरा आदि मौजूद रहे। उन्होंने यह भी कहा कि ''आर्थिक राष्ट्रवाद'' का सिद्धांत कुछ व्यक्तियों के वित्तीय लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है।

# एसटी, एससी और ओबीसी की सामूहिक ताकत को तोड़ना चाहती है कांग्रेस: मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सामूहिक ताकत को तोड़ने की कोशिश कर रही है ताकि उनके बीच विभाजन पैदा किया जा सके और उनकी आवाज कमजोर की जा सके और अंततः उनके लिए आरक्षण समाप्त किया जा सके।

उन्होंने 'नमो एप' के माध्यम से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा, ''इसलिए मैं बार-बार कहता रहता हूं कि एक रहेंगे, तो सेफ (सुरक्षित) रहेंगे।'' मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) गठबंधन के पांच साल के शासन की 'विफलताओं' को भी रेखांकित किया और कहा कि राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए 'भ्रष्टाचार, माफिया और कुशासन' से मुक्त कराना होगा।

मोदी ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक कांग्रेस के 'शाही परिवार' से हर कोई आरक्षण के प्रावधान का 'कट्टर विरोधी' रहा और जब तक पार्टी सत्ता में थी तब तक उसने इसके पक्ष में उठने वाली सभी आवाजों को कुचल दिया क्योंकि दलित, ओबीसी और आदिवासी समाज तब बिखरे हुए थे। उन्होंने कहा कि लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने समझना शुरू कर दिया कि बाबा साहेब आंबेडकर ने क्या कहा था और कई राज्यों में कांग्रेस को चुनौती देते हुए एक साथ खड़े हो गए। उन्होंने कहा, ''ओबीसी समाज 1990 तक एक साथ नहीं आ सका। लेकिन जब वे साथ आए तो कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। उसके बाद से कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार नहीं बना पाई है। आज देश के सिर्फ तीन राज्यों में उसकी सरकार है।''

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की 'सामूहिक ताकत' को तोड़ने का फैसला किया है क्योंकि उसका राज परिवार नाराज है। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ सालों से यह उनका (कांग्रेस का) एजेंडा बन गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जिन राज्यों



में दलितों, ओबीसी, आदिवासियों की सबसे अधिक संख्या है, वहां आज भाजपा-राजग शासन में है और इन राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में आने की कोई संभावना नहीं है।''

मोदी ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्ग सामूहिक रूप से एससी, एसटी और ओबीसी बनने के बजाय 'सैकड़ों छोटी जातियों' में टूट जाएं ताकि वे बिखर जाएं, अपनी पहचान खो दें और एक-दूसरे से लड़ें। उन्होंने कहा, ''जब ये समाज छोटी जातियों में विभाजित होंगे तो एससी, एसटी और ओबीसी के रूप में उनकी आवाज कमजोर हो जाएगी। जिस दिन ऐसा हो जाएगा, कांग्रेस की साजिश कामयाब हो जाएगी। इससे आरक्षण भी खत्म हो जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं कहता रहता हूं कि एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे। सभी ओबीसी, एससी और एसटी सोसायटी को एकजुट रहना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि लोगों ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस द्वारा दिया गया एक पुराना विज्ञापन सोशल मीडिया पर साझा किया है... शायद राजीव गांधी तब पार्टी के नेता थे। उन्होंने कहा, ''इस विज्ञापन में एससी, एसटी और ओबीसी को बहुत खराब तरीके से पेश किया गया है। अपने विज्ञापन में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि आरक्षण को एससी, एसटी और ओबीसी से छीना जाना चाहिए।''

मोदी ने दावा किया कि झारखंड की जनता इस बार विधानसभा चुनाव में बदलाव को संकल्पित है और इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्य की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। उन्होंने कहा, ''झारखंड इस बार बदलाव करने को संकल्पित हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि झामुमो, कांग्रेस व राजद ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। पिछले पांच साल इन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कीं, लेकिन आज झारखंड के लोग देख रहे हैं कि इनके ज्यादातर वादे झूठे हैं।

भाजपा झारखंड में 'रोटी, बेटी और माटी' के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। इसके माध्यम से वह आदिवासी अस्मिता का सवाल उठाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी महिलाओं का कथित उत्पीड़न, धर्मांतरण, जमीन पर कब्जा और धोखा देकर विवाह करने तथा इसके परिणामस्वरूप आदिवासियों की संख्या में लगातार कमी आने का मुद्दा उठा रही है। राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठबंधन सरकार है।

मोदी ने कहा कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने महसूस किया कि लोगों में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को लेकर भी भारी गुस्सा है।

उन्होंने कहा, ''परिवारवादी पार्टियां, भष्टाचारी तो होती ही हैं। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली नौजवानों के रास्ते में सबसे बड़ी दीवार होती हैं। झामुमो के परिवारवादियों ने कांग्रेस के 'शाही परिवार' से ऐसी गंदी चीजें सीखी हैं, जिसमें उन्हें कुर्सी और खजाना... इन दो चीजों की ही चिंता रहती है। नागरिकों की उन्हें परवाह ही नहीं होती है।'' उन्होंने कहा कि इसलिए इस बार के विधानसभा चुनाव में झामुमो गठबंधन की सत्ता से विदाई तय है। उन्होंने कहा, ''इसकी उल्टी गिनती शुरु हो चुकी है।''

प्रधानमंत्री ने झामुमो और कांग्रेस पर चुनावों के दौरान जनता से झूठे वादे करने और उन्हें 'ठगने' का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी सत्तारूढ़ गठबंधन के दलों ने 'बड़ी-बडी बातें' कीं लेकिन आज झारखंड के लोग देख रहे हैं कि उनके सारे वादे अधूरे पड़े हैं।

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को उसने ऐसे ही ठगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी (मल्लिकार्जुन खरगे) तो खुद कहते हैं कि इनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी है।''

## रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए झारखंड को 'धर्मशाला' बना दिया गया है: योगी

**रांची,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर राज्य को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए 'धर्मशाला' में तब्दील कर देने का आरोप लगाया।

आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया, पत्थरबाजों और त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों और व्यवधान पैदा करने वालों से 'निपटने' के लिए झारखंड में 'डबल इंजन' की सरकार की जरूरत है। उन्होंने गढ़वा के भवनाथपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया, ''झारखंड रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए 'धर्मशाला' में तब्दील हो गया है, जिन्हें अराजकता फैलाने के लिए खुली छूट दे दी गई है।'' उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर वे विभाजित हुए तो उनका सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे तो सेफ (सुरक्षित) रहेंगे।'' आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने भ्रष्टाचार, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों की लूट को बढ़ावा दिया। सोरेन परिवार, लालू प्रसाद के परिवार और गांधी परिवार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि रांची, पटना और दिल्ली के तीन परिवार अपने ही विकास के लिए लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

## वायनाड को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाएंगे: राहुल गांधी



**वायनाड** (केरल), (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ लोगों को संबोधित किया और वायनाड को विश्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों की श्रेणी में लाने का वादा किया।

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी इस उपचुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार हैं। यह दूसरी बार था जब राहुल ने प्रियंका के लिए चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। इससे पहले वह 23 अक्टूबर को प्रचार में शामिल हुए थे, जब प्रियंका अपना नामांकन दाखिल करने के लिए कलपेट्टा पहुंची थीं।

राहुल ने यहां सुल्तान बाथरी में असम्पशन जंक्शन से चुंगम जंक्शन तक प्रियंका के साथ रोड शो करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''एक चुनौती के रूप में, मैं वायनाड को दुनिया का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाने में उनकी (प्रियंका गांधी की) मदद करूंगा।'' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि वायनाड के लोगों ने उन्हें सिखाया कि राजनीति में 'प्रेम' शब्द का बड़ा महत्व है।

उन्होंने कहा, ''मैंने उस शब्द का प्रयोग नहीं किया, लेकिन वायनाड के लोगों ने मुझे सिखाया कि राजनीति में इस शब्द का बड़ा स्थान है।''

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि नफरत और क्रोध से लड़ने के लिए प्रेम और स्नेह ही एकमात्र हथियार हैं। सुल्तान बाथरी में असम्पशन जंक्शन से चुंगम जंक्शन तक सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ दिखी। बाद में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रियंका के साथ तिरुवंबाडी विधानसभा क्षेत्र में एक अन्य रोड शो में भी भाग लिया, जो वायनाड लोकसभा सीट का हिस्सा है।

भीड़ को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, ''मैंने अपना राजनीतिक जीवन 2004 में शुरू किया और 2019 में वायनाड का सांसद बना। 15 साल तक, मैंने अपनी राजनीति में कभी 'प्रेम' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। लेकिन जब मैं वायनाड आया, तो 'प्रेम' मेरी राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया।'' उन्होंने कहा, ''जब मैं कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' पर निकला, तो उस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रेम और स्नेह को एक राजनीतिक औजार के रूप में उपयोग करना था।'' वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव 13 नवंबर को होगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: शूटर शिवकुमार समेत चार अन्य को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**मुंबई,** (भाषा) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम एवं चार अन्य आरोपियों को यहां की एक अदालत ने सोमवार को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और मुंबई अपराध शाखा ने रविवार को शूटर शिवकुमार (20) तथा उसके चार साथियों को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया।

अपराध शाखा ने आरोपियों को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद पाटिल के समक्ष पेश किया। पुलिस ने आरोपियों की रिमांड मांगते हुए अदालत से कहा कि वह मामले के वित्तीय पहलुओं की जांच करना चाहती है और साथ ही यह भी जानना चाहती है कि शूटर ने अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार कैसे हासिल किए। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपी अनुराग कश्यप ने शिवकुमार को दो लाख रुपये दिये थे और इस पैसे के स्रोत की जांच करने की जरूरत है। पुलिस ने कहा कि शिवकुमार वांछित आरोपी शुभम लोनकर के संपर्क में था और इसलिए यह जानने के लिए उसकी हिरासत की जरूरत है कि वह (लोनकर) कहां है। आरोपी की ओर से पेश हुए वकील अमित मिश्रा ने अदालत में दलील दी कि शिवकुमार जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और उसे पुलिस हिरासत में भेजा जा सकता है।

# 'ट्रंप 2.0' में कसौटी पर भारत- अमेरिका का रिश्ता



लेखक राशिद हाशमी वरिष्ठ पत्रकार और शारदा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं

**डॉनल्ड** ट्रंप का दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनना तय हो चुका है। सवाल बड़ा है कि अबकी बार भारत-अमेरिका के संबंध कितने मजबूत बनेंगे, मोदी-ट्रंप की पुरानी दोस्ती वीजा से लेकर ट्रेड और डिफेंस तक क्या बदलाव ले आएगी। अमेरिका को 47वां राष्ट्रपति मिलने जा रहा है, बाइडेन का चेहरा बदलेगा और पिछली बार हार कर जीतने वाले ट्रंप को अमेरिका का नया बाजीगर कहा जा रहा है। डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस ने ट्रंप को तगड़ी टक्कर दी। ट्रंप चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं, इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। संकेत उसी वक़्त मिलने लगे थे जब दीपावली के मौके पर -पोस्ट के कर ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुद का दोस्त बताया था। ट्रंप जानते हैं कि राष्ट्रवाद की इबारत भारत की संस्कृति से जुड़ी हुई है और इस सूत्र के साथ हर हिंदू खुद को जुड़ा हुआ पाता है। बांग्लादेश में तख़्तापलट के वक़्त हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तब भी ट्रंप ने बुलंद आवाज में हिंसा की निंदा की थी।

जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक्स पोस्ट के जरिए ट्रंप को बधाई देते हुए लिखा- मेरे अजीज दोस्त डॉनल्ड ट्रंप को इलेक्शन में ऐतिहासिक जीत के लिए दिल की गहराईयों से बधाई। अपने पहले कार्यकाल में आपने कामयाबी की मिसाल गढ़ी, उसे ध्यान में रखते हुए मुझे उम्मीद है कि भारत-अमेरिका के रणनीतिक रिश्ते और वैश्विक साझेदारी नए आयाम तक पहुंचेगी। चलिए मिलकर देश के नागरिकों की बेहतरी, विश्व शांति और स्थायित्व के लिए काम करें। पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने खुलकर भारत को समर्थन देते हुए दोस्ती की मिसाल पेश की थी। खास बात ये है कि पिछली बार भारत के पड़ोसी चीन और पाकिस्तान को प्रायोजित आतंकवाद के लिए ट्रंप की लताड़ भी पड़ी थी। हालांकि इस बार डॉनल्ड ट्रंप का जोर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों पर है। सवाल ये कि इस पॉलिसी का असर सामरिक सहयोग, कूटनीति, सैन्य डील और व्यापार पर कितना पड़ेगा ये विश्लेषण का विषय है।

1. भारत के साथ व्यापार और ट्रंप की नीतियांः डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान आर्थिक और व्यापार नीतियों के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को पहले स्थान पर रखा गया। इस दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका को कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से बाहर रखा गया। ट्रंप प्रशासन एक बार फिर अमेरिका केंद्रित राजनीति पर जोर देगा। ट्रंप ने हाल ही में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में भारत के फार्मास्युटिकल और कपड़ा उद्योग जिन्हें ट्रम्प ने एक बड़ा ह्यदुर्व्यवहारकर्ताह्न कहा है, नए आयात शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना मित्र कहते हैं, इसलिए उनकी जीत भारत के लिए एक अवसर भी हो सकती है, बशर्ते ट्रंप चीन को अलग थलग करके व्यापार नीति के लिए प्रतिबद्ध हों। भारत इस स्थिति का फायदा उठाकर चीनी-अमेरिकी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित कर सकता है।

2. रक्षा, सुरक्षा और आव्रजन (इमिग्रेशन): ट्रंप ने हाल ही में आव्रजन विशेषकर एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर सख्त रुख अपनाया है। अगर ट्रंप प्रशासन वेतन में कटौती और विदेशी श्रमिकों पर दूसरे प्रतिबंध लगाने की कोशिश करता है तो संभावना है कि भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए नौकरी के अवसर कम हो जाएंगे। पिछले कुछ सालों में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच रक्षा और सैन्य सहयोग मजबूत हुआ है। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग में सुधार और मजबूती आने की संभावना है। ट्रंप प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग बेहतर और मजबूत होने की क्षमता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को सीमित करने के लिए क्वाड तंत्र के माध्यम से अपनी सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों के साथ तनाव के बीच हथियारों की बिक्री और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ अधिक सैन्य अभ्यास से भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

3. अवैध घुसपैठः घुसपैठ के मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के भी एक जैसे विचार हैं। डॉनल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव में घुसपैठ को मुद्दा बनाया था। इधर भारत में ठफ्छ और उअअ के जरिए मोदी सरकार की तरफ से अवैध घुसपैठ को बहुत बड़ी चुनौती दी गई। अगर भारत नागरिकता संशोधन कानून के मुद्दे पर आगे बढ़ा तो इतना तय है कि ट्रंप का समर्थन यक ीनन मिलेगा।

4. आतंकवाद और चरमपंथ- दूसरी बार अमेरिका की कमान संभालने जा रहे ट्रंप आतंकवाद के खिलाफ बहुत आक्रामक रहे हैं। इस्लामिक जिहाद के खिलाफ ट्रंप की जुबान बार बार खुली है। यहां तक कि वो अमेरिका में मुस्लिमों की बढ़ती आबादी को भी खतरा बता चुके हैं। उम्मीद है कि भारत को पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठनों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिका का समर्थन मिलेगा।

# मथुरा के 105 वालंटियर्स राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ रवाना



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**वृंदावन/मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा के 105 वालंटियर्स को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मथुरा के 105 स्वयंसेवको जिसमे होम गाड्र्स नेहरू युवा केंद्र वालंटियर्स सिविल डिफेन्स वालंटियर्स एनसीसी भारत स्काउट एंड गाइड वालंटियर्स को राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2024 से 23 नवंबर 2024 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न वालंटियर संगठनो से आपदा मित्रो का चयन कराया गया हैं। चयनित आपदा मित्रो का मनोबल बढ़ाने एवं लखनऊ बस के माध्यम से भेजने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी मथुरा शैलेन्द्र कुमार सिंह पहुंचे। जिलाधिकारी मथुरा ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद मथुरा के सभी 105 वालंटियर्स आपदा प्रबंधन में अपना मुख्य योगदान देंगे।

यह सभी वालंटियर्स ट्रेनिंग के बाद जनपद में होने वाली किसी भी प्रकार की आपदा जैसे अग्निकांड बाढ़ भूकंप डूबना औद्योगिक दुर्घटना सड़क दुर्घटना जैसी अन्य सभी प्रकार की आपदाओं से बचाव के संबंध में पूर्ण जानकारी देकर तथा आपदाओं के दौरान आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को राहत एवं बचाव के द्वारा सहायता देकर अपना योगदान देते रहेंगे तथा भविष्य में होने वाली आपदाओं को कम कर सकेंगे।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय जिला कमांडेंट होमगाड्र्स डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

# वैश्य समाज के विभिन्न घटकों को संगठित कर कुरीतियों को त्यागने का होगा प्रयास

## पर्यावरण फ्रेंडली होगा वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव व महासंगम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**कोटा.** अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम -2024 का आयोजन सीएडी ग्राउंट में 16 नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समाज की विभिन्न समितियां घर-घर पहुंच कर अन्नकूट में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम और पूरी रूपरेखा को बता रही है साथ ही कुरितियों को त्यागने का संकल्प करा रही है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला कोटा की ओर से आयोजित किए जा रहे अन्नकूट महोत्सव व महासंगम को लेकर वैश्य समाज की एक टीम सोमवार को माथुर वैश्य समाज के अन्नकूट में पहुंची और उन्हें वैश्य समाज के अन्नकूट के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश विजय व मुख्य संयोजक प्रकाश चंद गुप्ता ने बताया कि समाज की सभी घटक मिलकर कार्य करेंगे तो वृहद रूप से समाज का विकास होगा साथ ही कुरीतियों कों त्यागने में मदद मिल सकेगी। दिनेश विजय ने कहा कि इस बार वैश्य समाज का अन्नकूट पर्यावरण फेंडली होगा।

जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता व जगदीश चुने वाले के अनुसार इस बार का अन्नकूट में कई नवाचार देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि परत्यागता और विधवा बहन बेटियों को लेकर एक कार्ययोजना बनाई जाएगी जिसमें इनकी हर संभव मदद होगी और एक परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाने पर भी विचार चल रहा है। जिला समन्वयक मुकेश विजय व कोटा संभाग प्रभारी आर के राजवंशी ने बताया कि इस बार प्रयास होगा की समाज की शादियों में व्यंजन सीमित हो साथ ही भोजन व्यर्थ नहीं जाए इसका प्रयास होगा। ह्यइतना लो थाली में व्यर्थ ना जाए नालीह्न में अभियान को गति दी जाएगी। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस बार समाज प्री वेडिंग को बंद करने का पूरा प्रयास कर रहा है। साथ ही युवाओं को संस्कृति और धर्म से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर सहालकार एके गुप्ता और रजनी गुप्ता का भी सहयोग रहा साथ ही महिला अध्यक्ष निधि गुप्ता और अंजना गुप्ता ने अन्नकूट को लेकर जनजागृति अभियान चलाया।

# श्रीकृष्ण की गौचारण स्थली वृन्दावन में धूमधाम से मना गोपाष्टमी पर्व



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**वृंदावन।** भगवान श्रीकृष्ण की गौचारण व क्रीड़ास्थली श्रीधाम वृन्दावन में शनिवार को गोपाष्टमी पर्व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के मध्य धूमधाम से मनाया गया। गौभक्तों ने श्रद्धाभाव के साथ कृष्णप्रिय गोमाता का पूजन किया। इसी श्रृंखला में पानीगांव मावली स्थित गौ तीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला में भी प्रातः से ही गोपाष्टमी पर्व की धूम दिखाई दी। पुराण मनीषी आचार्य कौशिक महाराज के सानिध्य में सैकडो गौभक्तों ने हजारों गौवंशो का विधिवत पूजन अर्चन किया।इस संबंध में महाराज श्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि हमारे देश का सबसे बड़ा गौरव है कि यहां पर पशु, पक्षी व जीव जंतुओं में ईश्वरी सत्ता का दर्शन करता है। संसार के कण कण में ईश्वर की व्यापकता है। कहा कि भगवान श्री कृष्ण प्रिय गौवंश का पूजन करना चौरासी करोड़ देवताओं के पूजन के समान है। वही उन्होंने भारत सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग की है। इस दौरान रामदेव शास्त्री ब्रजेश शर्मा राममोहन शास्त्री आदित्य शर्मा चंद्र भान त्यागी आदि के साथ हजारों की संख्या में गौभक्त मौजूद रहे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर लाखो की लूट से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**वृंदावन/मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर कैंटीन कैश कलेक्शन कर्मी से 12 लाख रुपये की लूट कर ली गई। बाइक सवार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

मथुरा के जमुनापार थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटीन के कैश कलेक्शन कर्मी से बाइक सवार बदमाश 12 लख रुपये लूट ले गए। पीड़ित यमुना एक्सप्रेस वे पर संचालित कैंटीनों का कैश इकट्ठा करके दोपहर बैंक में जमा करने जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार, राया थाना क्षेत्र के गोंगा निवासी गोपाल पुत्र वीरेंद्र यमुना एक्सप्रेस वे संचालित कैंटीन से कैश लेकर बैंक में जमा करने का काम करता है।

वह सोमवार को भी बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेस वे के माइल्ड स्टोन 105 के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोपाल के हाथ में डंडा मार कर 12 लाख 15 हजार रुपये और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# प्रख्यात सर्वोदयीके एस राधाकृष्ण जी की जन्म शताब्दी पर सेवाग्राम वर्धा में तीन दिवसीय सम्मेलन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



वर्ष 1924 में जन्मे आर के राधाकृष्ण जी ने सर्व सेवा संघ के संयुक्त सचिव के रूप में जब मुख्यालय बनारस हुआ करता था । और गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली के सचिव के रूप में कार्य किया। उस समय यह प्रतिष्ठान गांधी विनोबा जयप्रकाश के प्रति समर्पित कार्यक्रमो का केंद्र हुआ करता था।

आज सेवाग्राम आश्रम यात्रीनिवास के सभागार में श्री के एस राधाकृष्ण की जन्म शताब्दी पर आयोजित त्रिदिवसीय कांफ्रेंस का उद्घाटन सत्र का शुभारंभ श्री गजानन गुरु जी के मुख से गाया गए भजन से पूर्व आदरणीय राधाकृष्ण जी की बेटी सुश्री शोभना राधाकृष्ण जिनकी गांधी कथा देश दुनिया भर में प्रख्यात है।ने सभी।आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विनोबा जी के पवनार आश्रम से पधारे श्री गौतम बजाज ने करते हुए कहा कि हमारा बचपन जिन लोगों के बीच में बीता है उनमें से राधाकृष्ण जी एक हुआ करते थे। वह जिन जिन पदों पर गए वहां कार्यों में तेजी आ जाना तो आवश्यक था। श्रीमती कमला राधाकृष्ण जी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अदभुत महिला थीं। कैसे सभी कार्यकताओं को जोड़े रखना यह उन्हें अच्छे ढंग से करना आता था।गौतम भाई ने उनके अनेक मित्रों का जिक्र भी उन्होंने किया। जमनालाल बजाज फाउंडेशन के प्रमुख श्री शिशिर बजाज जो कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे उन्होंने इस पावन धरती को प्रणाम किया और कहा कि यहां हमारे दादा श्री जमना लाल बजाज जो कि गांधी जी के पांचवें पुत्र कहलाए।अनेक बार गांधी जी को बुलाने अहमदाबाद गए और जब आ गए वर्धा तो यहां अनेक वर्ष रहे। उन्होंने विश्व युवक केंद्र की चर्चा करते हुए कहा कि उसके योगदान में भी आदरणीय के एस राधाकृष्ण जी का भरपूर योगदान रहा। शोभना बहन उनके काम को आगे बढ़ा रही है। सुश्री गीता धर्मपाल का बचपन यहीं बीता उन्होंने अनेक संस्मरण सुनाए । कार्यक्रम में पधारें श्री दिल्ली के वरिष्ठ ओह6 प्रसून8द्य ही लतांत,जमना लाल बजाज फाउंडेशन के श्री हरि भाई मोरे आदि ने पुष्पांजलि प्रदान की।

# नागालैंड कांग्रेस नेता सेठी को उत्तर मध्य मुंबई जिला के 6 विधानसभा के पर्यवेक्षक बनाये गये

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद श्री इमरान प्रतापगढ़ी जी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर दिमापुर निवासी राजेश कुमार सेठी को उत्तर मध्य मुंबई जिला के छ विधानसभा ( जिसमें विले पारले, चांदीवली, कुर्ला , कलिना, बांद्रा ईस्ट, बांद्रा वेस्ट विधानसभा क्षेत्र) चुनाव के लिए पर्यवेक्षक चुना है। सेठी ने इस तरह की जिम्मेदारियों को पहले भी बखूबी निभाया है, जिसके मद्देनजर ही उन्हें इस बार भी इतनी अहम जिम्मेदारी अलाकमान ने सौंपी है। श्री राजेश कुमार को जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, श्री के सी वेणुगोपाल, के राजू सहित सांसद इमरान प्रतापगढ़ी एवं श्री एस. सौंपोंग मेरेन जमीर का भी आभार प्रकट किया है। राजेश कुमार सेठी मणिपुर में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर भी हैं, उनकी लंबे समय की सक्रियता और संगठन के प्रति निष्ठा के चलते ही उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए चुना गया है।

# शिक्षा में आकर्षण और रोचकता का समावेश करने की आवश्यकता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**वृंदावन।** गौशाला स्थित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक विकास तथा अध्ययन कौशल में वृद्धि के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विद्या भारती ब्रज प्रदेश के मथुरा संकुल के विद्यालयों ने भाग लिया।

सेमिनार को संबोधित करते हुए विद्या भारती के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप बेतकेकर ने कहा कि शिक्षक को अपने विषय को कक्षा में बहुत ही सरल और सहज ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। शिक्षण में छात्र की सक्रियता बहुत जरूरी है। आनंदपूर्वक सीखना समय की मांग है। दो चरणों में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों को संबोधित करते हुए बेतकेकर ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए आत्मविश्वास और निडरता जरूरी है। उन्होंने एक महिला का उदाहरण देते हुए कहा कि उसके हाथ नहीं होने के बावजूद वह हवाई जहाज उड़ाती है। वह सारे काम अपने पैरों से ही करती है। इसलिए हमें हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। छोटे-छोटे महत्वपूर्ण कार्यों को अच्छे से करना आदत बन जाती है और फिर आदतें हमारे संस्कार बन जाती हैं।

द्वितीय चरण में सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं आचार्यों को संबोधित करते हुए बेतकेकर ने शिक्षण में आकर्षण और रोचकता का समावेश करने की आवश्यकता पर बल दिया और अनेक प्रयोगों एवं क्रियाकलापों को प्रयोगात्मक रूप से प्रदर्शित करते हुए छात्रों के लिए शिक्षण को सरल स्वीकार्य एवं उपयोगी बनाने की कला को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक शिवेंद्र कुमार गौतम ने की। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य श्री श्याम प्रकाश पांडे ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में लोकेश्वर प्रताप सिंह, शशांक तिवारी, नरेंद्र दत्त शर्मा, विजय लक्ष्मी सावंत आदि उपस्थित रहे।

# वृंदावन सेवा संस्थान दे रहा है घरेलू महिलाओं को स्वरोजगार का मौका



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**वृंदावन।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा उद्यमिता सह कौशल विकास उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा संभावित महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ वृन्दावन सेवा संस्थान गोपाल वाटिका बस स्टैंड के नजदीक वृंदावन जिला मथुरा में दिनांक 11 नवम्बर 2024 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रामेंद्र कुमार उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र मथुरा वृन्दावन सेवा संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल स्टेट बैंक के सेवानिवृत अधिकारी विश्वनाथ गुप्ता संस्था की ट्रेनर सविता शर्मा सानिया अब्बासी एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से प्रभु नारायण श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में उद्यम प्रबंधन के मुख्य विषय जैसे उद्यमी के गुण उद्यमी बनने के फायदे उद्यम अवसर की पहचान एवं चयन उद्यम स्थापना प्रक्रिया समस्या समाधान मार्केटिंग किस कार्य के लिए किससे मिले इत्यादि और सरकार द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी दी जाएगी। पी एन श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी संस्था भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की स्थापना आईडीबीआई स्टेट बैंक आफ इंडिया आईसीआईसीआई और आईएफसीआई द्वारा स्थापित किया गया है। यह संस्था पूरे देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण प्रषिक्षण और शोध का कार्य करती है।

वृन्दावन सेवा संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप महिलाये प्रशिक्षण प्राप्तकर अपना उद्योग की स्थापना कर रोजगार देने वाली बने जिससे आप अपने परिवार में आने वाली पीढ़ी को भी रोजगार दे सके। विश्वनाथ गुप्ता ने लोन प्रक्रिया के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। जिला उद्योग केन्द्र मथुरा के अधिकारी ने सरकार द्वारा स्वरोजगार हेतु चलाए जा रहे योजनाएं जैसे पीएमईजी पीवीएसएसवाई मुख्य मंत्री युवा रोजगार योजना ओडीओपी आदि की जानकारी प्रतिभागियो को दी। जिससे प्रतिभागी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# अदालत ने परिसर की सफाई से संतुष्ट होने पर डीयू को छात्रसंघ चुनाव की मतगणना की अनुमति दी



**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय को 2024 में हुए छात्र संघ चुनावों की मतगणना शुरू करने की अनुमति दे दी, बशर्ते कि वह छात्रों द्वारा किए गए सफाई उपायों से संतुष्ट हो।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि उत्तर और दक्षिण परिसरों में अधिकांश कॉलेजों और संकायों की सफाई उम्मीदवारों द्वारा की गई थी, लेकिन तस्वीरों में परिसर के पास कुछ संपत्तियों पर अब भी पोस्टर लगे हैं और चित्र दिखाई दे रहे हैं।

उम्मीदवारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने एक सप्ताह के भीतर शेष संपत्तियों से ऐसी किसी भी सामग्री को हटाने का आश्वासन दिया।

पीठ ने सोमवार को कहा कि यह (मामला बंद किया जाता है) और दिल्ली विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाता है कि यदि वह एक सप्ताह के भीतर (शेष) स्थानों पर साफ-सफाई और रंग-रोगन से संतुष्ट होता है तो वह 26 नवंबर को या उससे पहले मतगणना प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

डूसू चुनाव के लिये मतदान 27 सितंबर को हुआ था और मतगणना 28 सितंबर को होनी थी लेकिन उच्च न्यायालय ने यह कहते हुये इस पर रोक लगा दी कि जब तक पोस्टर, होर्डिंग और भित्तिचित्रों सहित सभी विरूपण सामग्री को हटा नहीं दिया जाता तब तक मतों की गिनती नहीं होगी।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यवाही का उद्देश्य छात्रों को दंडित करना नहीं बल्कि उनमें सुधार लाना है। साथ ही उसने आशा व्यक्त की कि इससे वर्तमान और भावी छात्र नेताओं को एक स्पष्ट संदेश मिलेगा।

अदालत ने कहा, ''वर्तमान कार्यवाही का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि छात्रों को यह एहसास हो कि विश्वविद्यालय की संपत्ति आम जनता की है और डूसू उम्मीदवार सीमित अवधि के लिए इसका उपयोग करने के हकदार हैं।''

पीठ ने कहा कि यह वर्तमान छात्रों और उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि अगले बैच को डीयू का बुनियादी ढांचे ''अच्छी और स्वच्छ'' स्थिति में मिले।

अदालत ने कहा, ''चूंकि डूसू चुनाव के उम्मीदवार युवा हैं, इसलिए अदालत का मानना है कि उन्हें दूसरा मौका मिलना चाहिए।''

अधिवक्ता प्रशांत मनचंदा ने एक याचिका दायर कर संभावित डूसू उम्मीदवारों और छात्र संगठनों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने, विरूपित करने, गंदा करने और नष्ट करने के आरोप में कार्रवाई की मांग की थी।

डीयू के वकील ने अदालत को बताया कि ''डूसू चुनाव सुधार समिति'' का गठन किया गया है और उसके सुझावों को विश्वविद्यालय के कुलपति ने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया है।

बताया गया कि समिति का गठन नुकसान का आकलन करने तथा जवाबदेही तय करने के लिए किया गया है।

अदालत ने कार्यवाही के दौरान मौखिक रूप से कहा कि कुलपति को उन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान संपत्ति को विरूपित किया है।

अदालत ने भानु प्रताप सिंह, रौनक खत्री, यश पंवार, ऋषभ चौधरी, लोकेश चौधरी, यश नंदल, राहुल सिंह डेढ़ा, अमन कपासिया सहित अन्य उम्मीदवारों को पक्षकार बनाया था और उनसे चुनाव प्रचार के दौरान विरूपित क्षेत्रों को साफ करने और सुंदर बनाने के लिए कहा था।

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार गिरोह का भंडाफोड़ किया, 18 लोग गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने एक महीने तक चले अभियान में हथियार तस्करों के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करके अब तक इसके 18 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, 'ईगल' नामक पूरे अभियान के दौरान आरोपियों के पास से चार स्वचालित पिस्तौल, आठ तमंचे, एक देसी राइफल, तीन चाकू और 33 गोली बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोग पहले भी हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, जबरन वसूली, सेंधमारी, दंगा, चोरी, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम के 50 से अधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 'ईगल' अभियान दिल्ली और एनसीआर में सक्रिय हथियार तस्करों पर नकेल कसने के लिए चलाया गया था।

अधिकारी के अनुसार, यह अभियान गाजीपुर से दो लोगों (अरशद और मोहम्मद सुलेमान) को गिरफ्तार किये जाने के बाद शुरू किया गया। उनके पास से एक बंदूक, तीन गोलियां, तीन चाकू और एक चोरी की कार जब्त की गई।

विशेष आयुक्त ने कहा, ''पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने दिल्ली-एनसीआर में हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल गिरोह के कई अन्य सदस्यों के नाम बताए। पूरे गिरोह के बारे में जांच-पड़ताल करने और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके गिरोह को खत्म करने के लिए कई टीम गठित की गई हैं।'' अधिकारी ने बताया कि टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की और 'मदन गिरोह' से जुड़े 16 और लोगों को गिरफ्तार किया।

श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के समक्ष कबूल किया कि वे सभी एक ही गिरोह के सदस्य हैं और दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरोह के मुखिया मदन को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की डासना जेल से गिरफ्तार किया, जहां से वह गिरोह का संचालन कर रहा था।

# कांग्रेस ने भाजपा के 'सांप्रदायिक' विज्ञापन पर 'एससी एसटी, ओबीसी कोटा छीनने' का मुद्दा उठाया



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से संबंधित आठ शिकायतें दर्ज कराई, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रकाशित की गई एक 'सांप्रदायिक' तस्वीर भी शामिल है।

इस तस्वीर में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों से आरक्षण छीनकर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को दिया जाना दर्शाया गया है।

विपक्षी दल ने दावा किया कि पार्टी द्वारा उठाई गई सभी आठ शिकायतों को निर्वाचन आयोग ने 'वैध' पाया।

कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने यहां आयोग कार्यालय में शिकायतें दर्ज कराईं।

सेंथिल ने कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''हमने निर्वाचन आयोग के समक्ष कुछ गंभीर चिंताएं उठाईं। इन मामलों पर आज (सोमवार) चर्चा की गई। कांग्रेस द्वारा दर्ज कराई गईं सभी आठ शिकायतों को चुनाव आयोग ने वैध पाया।''

कांग्रेस महासचिव (प्रभारी संचार) जयराम रमेश ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को दिए गए ज्ञापन में भाजपा के 'एक्स' खाते पर पोस्ट की गई उक्त तस्वीर का हवाला देते हुए कहा, ''कांग्रेस नीत महाविकास अघाडी (एमवीए) का तुष्टीकरण का खेल जारी है... महाराष्ट्र में समझदारी से वोट करें।''

रमेश ने अपने ज्ञापन में कहा, ''पोस्ट में दी गई तस्वीर में गलत तरीके से एक व्यक्ति को एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के सदस्यों को रिक्शा से बाहर निकालते हुए और एक विशिष्ट धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित व्यक्ति को बैठाते हुए दिखाया गया है।''

उन्होंने कहा कि यह तस्वीर स्पष्ट रूप से भाजपा द्वारा कांग्रेस के बारे में झूठी और निराधार कहानी का प्रचार करने का एक बेशर्मी भरा प्रयास है।

रमेश ने कहा, ''इस घटना के मद्देनजर हम आयोग से अनुरोध करते हैं कि भाजपा के सभी सोशल मीडिया खातों से इस पोस्ट को तत्काल हटाने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा हम अनुरोध करते हैं कि आयोग भाजपा और उसके आधिकारिक 'एक्स' खाते के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे।''

सूत्रों ने इससे पहले बताया था कि भाजपा की झारखंड इकाई के खिलाफ आदर्श आचार संहिता और कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन के लिए रांची में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ऐसा आरोप लगाया गया कि पार्टी ने 'भाजपा फॉर झारखंड' सोशल मीडिया हैंडल पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं के खिलाफ झूठे और भ्रामक वीडियो पोस्ट किए।

## आप के पूर्व पार्षद राम नारायण भारद्वाज भाजपा में शामिल हुए

नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद राम नारायण भारद्वाज सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के कार्यालय में पार्टी में शामिल हो गए।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने समारोह में भारद्वाज का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें 'पटका' और मिठाई भेंट की। सचदेवा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारद्वाज 2017-2022 के दौरान उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बाकानेर वार्ड से आप पार्षद थे।

## दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर तकनीकी खराबी से सेवाएं प्रभावित

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण मजलिस पार्क और मायापुरी स्टेशन के बीच मेट्रो सेवाएं लगभग एक घंटे तक बाधित रहीं।

# सिख विरोधी दंगा मामले में टाइटलर के खिलाफ हत्या का मुकदमा जारी रहेगा : दिल्ली उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या का मुकदमा जारी रहेगा।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने टाइटलर की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने दिल्ली की एक अदालत में उनके खिलाफ की जा रही सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

अदालत मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को करेगी।

न्यायमूर्ति ओहरी ने कहा, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि मुकदमा जारी रहेगा। यह मौजूदा कार्यवाही के परिणाम के अधीन होगा।''

टाइटलर के वकील ने दलील दी कि इस मामले को मंगलवार को एक निचली अदालत में अभियोजन पक्ष के गवाह के बयान दर्ज करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है और संबंधित अदालत को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक उच्च न्यायालय उनके मुवक्किल के खिलाफ हत्या एवं अन्य अपराधों के आरोप तय करने को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं सुना देता, तब तक मामले में सुनवाई न की जाए।

आरोप तय किए जाने के खिलाफ टाइटलर की याचिका पहले ही 29 नवंबर को उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जा चुकी है, लेकिन उन्होंने मुकदमे पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया। उनकी याचिका में कहा गया है कि अभियोजन पक्ष की गवाह निचली अदालत ने दर्ज कर ली है और बचाव पक्ष का वकील 12 नवंबर को उनसे जिरह करेगा।

इसमें कहा गया है, ''टाइटलर की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका अभियोजन पक्ष की मंशा और सीबीआई द्वारा की गई जांच पर पर्याप्त सवाल उठाती है। इसलिए, इस अदालत का निचली अदालत को पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक मामले में आगे सुनवाई न करने का आदेश/निर्देश देना न्याय के हित में उचित है।''

पीड़ितों की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि गवाह बुजुर्ग है और विभिन्न बीमारियों से जूझ रही है तथा उसे कई बार अदालत में पेश होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह चौथी बार अदालत में पेश होगी। टाइटलर ने दावा किया है कि एजेंसियां उनके पीछे पड़ गई हैं। उन्होंने दलील दी है कि उनके खिलाफ आरोप तय करने का सुनवाई अदालत का आदेश ''विकृत, अवैध और निराधार'' है।

कांग्रेस नेता ने अपनी याचिका में दावा किया है, ''सुनवाई अदालत ने आरोप के बिंदु पर कानून के स्थापित सिद्धांतों की अनदेखी करते हुए याचिकाकर्ता के खिलाफ गलत तरीके से आरोप तय किए हैं।''

टाइटलर के वकील ने घटना के समय उनकी अनुपस्थिति का दावा करते हुए एलिबी (किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया बयान कि अपराध के समय आरोपी अलग जगह पर था, इसलिए वह दोषी नहीं हो सकता) की दलील दी।

वहीं, सीबीआई और पीड़ितों के वकील ने दलील दी कि एलिबी संबंधी याचिका पर पहले ही फैसला हो चुका है और उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया था।

टाइटलर ने कहा कि उनके खिलाफ आरोपों की पुष्टि करने के लिए कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है और अधीनस्थ अदालत का आदेश ''गलत तरीके से और यांत्रिक रूप से'' दिया गया था, जिसे रद्द किया जा सकता है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह उत्पीड़न का मामला है, जिसमें उन्हें चार दशक से भी अधिक समय पहले किए गए कथित अपराधों के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपनी उम्र 80 साल होने और खुद के हृदयरोग व मधुमेह सहित कई अन्य बीमारियों से पीड़ित होने का हवाला दिया। टाइटलर के अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करने के बाद सुनवाई अदालत ने 13 सितंबर को उनके खिलाफ आरोप तय किए थे।

# यासीन मलिक की चिकित्सा देखभाल के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई 18 को



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को अलगाववादी नेता यासीन मलिक की उस याचिका को 18 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उसने चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि आतंकवादी वित्त पोषण मामले में तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे मलिक को इस अवधि में जेल नियमों के अनुसार चिकित्सा उपचार मिलता रहेगा। मलिक ने पिछले हफ्ते उच्च न्यायालय का रुख किया था, जहां उसके वकील ने दावा किया था कि वह एक नवंबर से भूख हड़ताल पर है और उसे जेल के बाहर अस्पताल में तुरंत भर्ती कराने की जरूरत है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत को सोमवार को बताया कि जेल में ''सब कुछ'' उपलब्ध है, जहां एक ''उपयुक्त जेल अस्पताल'' मौजूद है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि जेल अधिकारियों की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार दोषी (मलिक) ने आठ नवंबर को भूख हड़ताल खत्म कर दी थी। उसने यह भी कहा कि अगर याचिकाकर्ता की स्वास्थ्य स्थिति इतनी गंभीर है, तो भूख हड़ताल से उसे ''मदद'' नहीं मिलने वाली है। मलिक के वकील ने दलील दी कि उनका मुवक्किल भूख हड़ताल पर है, क्योंकि उसकी अदालती कार्यवाही में शारीरिक रूप से शामिल होने समेत कुछ ''मांगें'' हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के पीछे ''बड़ी साजिश'' के मामले में छात्र कार्यकर्ता गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया और दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह उसकी याचिका पर 25 नवंबर को विचार करे।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले में चार साल और सात महीने से हिरासत में है। पीठ ने कहा कि यदि कोई असाधारण परिस्थितियां न हों तो उच्च न्यायालय में लंबित उसकी जमानत याचिका पर 25 नवंबर को सुनवाई की जानी चाहिए। फातिमा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत से कहा कि उच्च न्यायालय मामले की सुनवाई नहीं कर रहा है और इसे किसी न किसी बहाने से स्थगित किया जा रहा है।

# उपराज्यपाल ने 'आउटसोर्स' आधार पर 1,463 स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती को मंजूरी दी



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सोमवार को 701 नर्सों और 762 पैरामेडिकल कर्मियों की भर्ती को मंजूरी दे दी। राजनिवास ने यह जानकारी दी।

उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के माध्यम से 1,463 स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती का यह अभियान, अस्पतालों को भर्ती नियमों में ढील के साथ सीधी भर्ती कोटे के तहत आवश्यक कर्मियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है।

इसमें कहा गया है कि 'आउटसोर्स' आधार पर स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती करने का निर्णय शहर के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और मौजूदा चिकित्सा कर्मचारियों पर दबाव को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।

विज्ञप्ति के अनुसार, यह भर्ती डॉ. एस. के. सरीन समिति की सिफारिशों पर की जा रही है। समिति का गठन शहर में अपर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों और कार्यबल के बारे में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा चिंता जताए जाने के बाद किया गया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी में जारी एक निर्देश में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला था तथा उसने स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ती आबादी की मांगों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त माना था।

## दिल्ली में चिकनगुनिया, मलेरिया के मामले पांच साल में रिकॉर्ड स्तर पर, डेंगू में कमी

नयी दिल्ली, (भाषा) आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पिछले पांच वर्षों में चिकनगुनिया और मलेरिया के मामलों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि डेंगू के मामलों में कमी आई है।

इस साल नौ नवंबर तक शहर में मलेरिया के 728 और चिकनगुनिया के 172 मामले सामने आए थे।

वर्ष 2020 में मलेरिया के 228 मामले, 2021 में 167 मामले, 2022 में 263 मामले और 2023 में 426 मामले सामने आए।

मच्छर जनित बीमारियों पर दिल्ली नगर निगम की साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार, इन मामलों में नौ नवंबर से पहले वाले सप्ताह में दर्ज किए गए 19 मामले भी शामिल हैं।

चिकनगुनिया के मामलों की संख्या 2020 में 111 थी, 2021 में 89 मामले, 2022 में 48 और 2023 में 65 मामले थे। इस साल नौ नवंबर तक चिकनगुनिया के मामलों की संख्या 172 थी।

## न्यायालय ने पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू करने में विफलता पर दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध को व्यापक रूप से लागू करने में विफल रहने और केवल कच्चा माल जब्त करने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई तथा इसे महज दिखावा बताया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे प्रतिबंध आदेश से संबंधित सभी पक्षों को तुरंत सूचित करें और यह सुनिश्चित करें कि पटाखों की बिक्री और निर्माण न हो। पीठ ने कहा, ''हम दिल्ली पुलिस आयुक्त को पटाखों पर प्रतिबंध के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ बनाने का निर्देश देते हैं।


कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, अमरोहा

पत्रांकः–2306/पारावि/गंगा मेला/2024–25 दिनांकः–09.11.2024

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत–पौरारा
विकास खण्ड–गंगेश्वरी।

उपजिलाधिकारी महोदया,हसनपुर के द्वारा दिनाक 05.11.2024 को आयोजित बैठक में निर्देश दिये गये है कि ग्राम पंचायत पौरारा में लगने वाले गंगा मेले में निम्न व्यवस्थाएँ की जाये–

1. जनरेटर 15 केवी।
2 बेरीगेटिंग गंगाघाट पर 300 मीटर 2 भागों में जिसमें एक भाग महिला श्रद्धालु एवं एक भाग पुरुष श्रद्धालु हेतु पृथक–पृथक बनाया जायेगा।
3 सम्पूर्ण ग्राम में मेला स्थल एवं घाट की साफ–सफाई की व्यवस्था।
4. ग्राम में लगी समस्त खराब स्ट्रीट लाईटों को ठीक कराकर सुचारू रूप से संचालित कराना।
5. पार्किंग व्यवस्था।

उक्त कार्य पर होने वाला समस्त व्यय राज्य वित्त आयोग/स्वयं के संसाधनों से किया जा सकता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त समस्त व्यवस्थाए दिनांक 12.11.2024 से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। तथा कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(अश्वनी कुमार) खण्ड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, अमरोहा
प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत–पौरारा विकास खण्ड–गंगेश्वरी, अमरोहा





# दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल से 10 हजार बस मार्शल को स्थायी करने की अपील की: आतिशी



नयी दिल्ली, 11 नवंबर (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार 10,000 बस मार्शल को उनके पदों पर स्थायी रूप से बहाल करने के लिए नीति तैयार करने के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना को प्रस्ताव भेज रही है।

उन्होंने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि बस मार्शल को हटाने से सरकारी परिवहन बसों में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार को मंत्रियों की बैठक के दौरान परिवहन आयुक्त ने संकेत दिया कि बस मार्शल की बहाली उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में है, क्योंकि यह सेवा संबंधी विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार 'जो जहां है, वहीं रहे' के आधार पर प्रस्ताव पर आगे बढ़ रही है, जबकि वह उपराज्यपाल से एक नीति का इंतजार कर रही है।

आतिशी ने कहा, '' दिल्ली सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है और वह मार्शल की तनख्वाह के लिए जरूरी वित्तीय संसाधन प्रदान करेगी।''


उन्होंने आशंका व्यक्त की कि उपराज्यपाल इस मामले का स्थायी समाधान लाने में 'महीनों या साल भी ले' सकते हैं।

प्रेसवार्ता में मौजूद दिल्ली के स्वास्थ्य एवं शहरी विकास मंत्री विकास भारद्वाज ने इस मामले से निपटने के उपराज्यपाल के तौर-तरीके की आलोचना की और कहा कि इस विषय से तत्परता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त परिवहन अधिकारी ने इस मुद्दे को 'आरक्षित' विषय के रूप में वर्गीकृत किया है, जिससे राज्य की तत्काल कार्रवाई करने की क्षमता सीमित हो गई है।

भारद्वाज ने कहा, ''उपराज्यपाल के अबतक के रवैये को देखते हुए, हमें एक स्थायी नीति के निर्माण में काफी देरी की आशंका है, यही वजह है कि हम मार्शल को 'जो जहां है, वहीं रहे' के आधार पर बहाल करने के लिए एक अंतरिम समाधान पर जोर दे रहे हैं।''

बस मार्शल के रूप में तैनात 10,000 से अधिक 'सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (सीडीवी)' को हटाने का निर्णय नागरिक सुरक्षा निदेशालय की आपत्ति के कारण लिया गया।

निदेशालय ने तर्क दिया कि इन 'वॉलंटियर्स' को मूल रूप से आपदा प्रबंधन कर्तव्यों के लिए नियुक्त किया गया था, न कि सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा के लिए।



# कांवड़ का पैसा नहीं देने पर कंपनी में हड़ताल

## नगरपालिका के साथ काम कर रही एमआईटूसी कंपनी का कर्मचारियों ने किया घेराव, कामबंद हड़ताल से नहीं हुई सफाई






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। नगरपालिका परिषद् से रोजाना करीब तीन लाख रुपये से ज्यादा का भुगतान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्राप्त करने वाली दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. अपने ही कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी का खेल कर रही है, जिससे आक्रोशित कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार से कामबंद हड़ताल कर दी। कर्मचारी वाहनों को लेकर वार्डों में कूड़ा कलेक्शन के लिए नहीं निकले और कंपनी के मुख्य कार्यालय में पहुंचकर कंपनी के अधिकारियों का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे कांवड़ में काम कराया गया, लेकिन आज तक भी उसका तय भुगतान उनको नहीं किया गया है। कंपनी अनुबंध के अनुसार वेतन भी समय से नहीं दे रही है। पैसा मिलने के बाद ही कर्मचारियों ने काम शुरू करने की बात कही है। नगरपालिका परिषद् के साथ शहर के वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और कूड़ा डलावघर घरों से कूड़े का प्रतिदिन निस्तारण करने के लिए एमआईटूसी कंपनी द्वारा करार किया गया है। कंपनी शहर को तीन जोन में बांटकर कार्य कर रही है। इसके लिए करीब 350 कर्मचारी प्राइमरी और सेकेंड्री कूड़ा कलेक्शन के लिए लगाये गये हैं। सोमवार को कंपनी के साथ काम कर रहे सैंकड़ों कर्मचारियों ने वाहन खड़े करते हुए कामबंद हड़ताल कर दी और भोपा रोड स्थित ग्रांड प्लाजा मॉल में बनाये गये कंपनी के मुख्य कार्यालय जाकर परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह व अन्य अधिकारियों का घेराव करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। कंपनी के साथ काम कर रहे सफाई कर्मचारी मुकुल कुमार और उनके साथ प्रदर्शन में शामिल रहे कर्मचारी जितेन्द्र, अश्वनी, नरेश कुमार, आशीष, बलराम, चरण दास, देवेन्द्र, अंकुर राणा, शंकर विरेश और अमित कुमार आदि ने बताया कि कंपनी के द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कुछ कर्मचारियों को लगाया था। इसके लिए अतिरिक्त भुगतान दिये जाने का वादा किया गया था। कर्मचारियों ने 24 घंटे कांवड़ यात्रा में ड्यूटी की, लेकिन आज तक भी कंपनी द्वारा उसका भुगतान कर्मचारियों को नहीं किया गया है। इसके अलावा कंपनी द्वारा पीएफ और ईएसआई का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। साथ ही वेतन भी तय समयावधि में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि कर्मचारी निरंतर समय से कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक कांवड़ ड्यूटी का पैसा नहीं दिया जाता काम शुरू नहीं किया जायेगा। सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने कहा कि 40 कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा में अतिरिक्त कार्य पर लगाया गया था। इसके लिए कंपनी को कर्मचारियों के 24 घंटे कार्य करने की रिपोर्ट भेज दी गई, जोकि गलत है, एक कर्मचारी 24 घंटे काम नहीं कर सकता है। इस पर दोबारा कंपनी को रिपोर्ट भेजी गई है और 40 कर्मचारियों के लिए 12-12 घंटे की अतिरिक्त ड्यूटी के लिए भुगतान की मांग की है। जल्द ही उनको भुगतान उपलब्ध करा दिया जायेगा। कंपनी ने सितम्बर माह की सैलरी सभी कर्मचारियों को दे दी है। अक्टूबर का वेतन ही लम्बित है। 15 तारीख तक वो भी देने का आश्वासन दिया है, कर्मचारियों को काम पर वापस लाने के लिए मनाया जा रहा है। हड़ताल के कारण वार्डों में कूड़ा कलेक्शन नहीं हो पाया। डलाव घरों से कूड़ा उठवाया जा रहा है। कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर पालिका की अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि वेतन या अन्य लम्बित देय का भुगतान करना कंपनी का आंतरिक मसला है, लेकिन कंपनी अनुबंध के अनुसार कर्मचारियों को मासिक वेतन का भुगतान प्रत्येक माह की सात तारीख तक करेगी, यह व्यवस्था नहीं हो पा रही है। यदि हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था ठप्प होती है तो कंपनी को जिम्मेदार माना जायेगा और कार्यवाही की जायेगी। पालिका स्तर से कांवड़ में कंपनी के कर्मचारियों की कोई ड्यूटी नहीं लगाई गई है, यदि कंपनी ने कार्य कराया है तो उनका निर्धारित भुगतान कराया जाना चाहिए। इस सम्बंध में वो विभागीय स्तर पर रिपोर्ट तलब करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रांतिवीर वीरा पासी एवं भारतरत्न महान स्वतंत्रता सेनानी अबुल कलाम आजाद की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, उक्त बैठक की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक से पहले 1857 क्रान्ति के नायक वीरा पासी एवं भारतरत्न महान स्वतंत्रता सेनानी अबुल कलाम आजाद की जयंती के मौके पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सबके सांसद, जननायकझनेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्री राहुल गांधी जी लगातार सत्ता में बैठी ताकतों से लड़ाई लड़ रहे है, ताकि देश संविधान और लोकतंत्र को बचाया जा सके, अपने नेता कि इस लड़ाई में हम सबकों आगे बढ़कर उनका सर्मथन कर देश को बांटने वालों से लड़ाई लड़नी होगी । राष्ट्रीय सचिव व बिहार प्रदेश प्रभारी सुशील पासी ने वीरा पासी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति वीरा पासी के बिना अधूरी है, अंग्रेज वीरा पासी से इतने भयभीत थे कि उस समय उन्होंने वीरा पासी जी को जिन्दा या मुर्दा पकड़ने अथवा पता बताने वाले को 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था, जो उस समय के हिसाब से बहुत बड़ी धनराशि थी । महताब आलम ने बताया कि बैठक में पिछ्ली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, मतदाता सूची पुनरीक्षण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा, किसानों को डी.ए.पी. खाद न मिलने की समस्या के निराकरण एवं जल जीवन मिशन की ब्लाकवार समीक्षा की गई । बैठक में मुख्य रुप से प्रत्याशी विधानसभा ऊँचाहार अतुल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वी. के. शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, सईदुल हसन, संजीव पाण्डेय, मेंहदी हसन, कुसुमलता रावत, अशोक कुमार सिंह, महताब आलम, महेश प्रसाद शर्मा, नौशाद हुसैन खतीब, अजीत सिंह, सतगुरूदेव लोधी, अनवार खान, सतीश पासी, संजय श्रीवास्तव, आर. के. सिंह, आलोक विक्रम यादव, संतोष पासवान, शशिकांत पाण्डेय, मनोज तिवारी, गिरिजेश श्रीवास्तव, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेश यादव, कृपाशंकर शर्मा, अनुरूद्ध दीक्षित, राज कुमार द्विवेदी, राम बहादुर गुप्ता, अमित चौधरी, आचार्य वीरेन्द्र चौधरी, आकर्षण द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, अखिलेश शुक्ला, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शौरभ शुक्ला, जितेन्द्र शुक्ला, गिरीश बहादुर सिंह, कामता प्रसाद गौड़, गौरव मिश्रा, कामता नाथ सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, ज्योति प्रसाद पासी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार बाजपेयी, शैलजा सिंह, मोहित मौर्या, सुरेश पासी, ओम प्रकाश पाल, हाफिज रियाज, अनिल कुमार मिश्रा, रमाकांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### आरेडिका में जीएम ने की स्काउट-गाइड झंडा बिक्री अभियान की शुरूआत

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज (रायबरेली)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में सोमवार को जीएम ने भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के 75 वर्ष पूरे होने के पर झंडा विक्री अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों से मानव सेवा के लिए किए जाने वाले कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। भारत स्काउट्स एंड गाइड संगठन के 75 वर्ष पूरे होने पर आरेडिका के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने वर्ष भर स्काउट गतिविधियों के संचालन और आपदा प्रबंधन में सहयोग प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय राज्य स्तर पर संचालित झंडा बिक्री अभियान का आगाज किया। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त व मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, जिला आयुक्त व उपमुख्य यांत्रिक अभियंता एनके वर्मा, जिला सचिव आदित्य प्रकाश और जिला संगठन आयुक्त गाइड शबीना बानो सहित अन्य वरिष्ठ रोवर-रेंजर्स मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने स्काउट गाइड के 75 वर्षों की यात्रा के गौरवमयी सेवाकाल को याद करते हुए भविष्य में संगठन की ओर से मानव सेवा के लिए की जाने वाली अलग अलग गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपील की।स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव आदित्य प्रकाश ने बताया कि स्थापना के हीरक जयन्ती वर्ष में स्काउट एवं गाइड की ओर से विभिन्न गतिविधिंया की जाएगी । जिसमें पेड़ लगाना, कार्यालयों में जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को झण्डा लगाना आदि क्रिया-कलाप शामिल हैं।

### अमर शहीद वीरा पासी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर पासी की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मौजूद लोगों ने कार्यालय के सामने बने उसे स्मारक मैं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के तत्वाधान में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि देश की आजादी के प्रत्येक आंदोलन में अवधि नहीं पूरे देश के वासी समाज और वंचितों ने बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाई उन्होंने कहा कि हमें अपने गौरवशाली इतिहास को गांव-गांव तक पहुंचना है वीरा पासी मौलाना आजाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित तमाम महापुरुषों के सपनों का भारत बनाना है कहा कि समाज जब तक अपना इतिहास नहीं पड़ेगा वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता है महिला नेत्री संगीता रावत ने समाज के शिक्षित होने पर जोर दिया। युवा नेता हनुमान अंबेडकर ने समाज को अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर दीपेंद्र गुप्ता, डॉ. प्रशांत कुमार, रामबाबू, रामकुमार, एडवोकेट रामकिसुन, एडवोकेट यशपाल, दीपक पासवान, शैलेंद्र कुमार, दुर्गा शंकर पटेल, विनोद कोरी, सुभाष पासी, शिवप्रसाद, अभिकर्ता पवन कुमार, बालकृष्ण, बबलू धाकड़, वीरेंद्र यादव, रामबहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी कार्यालय पर सपाइयों का जोरदार प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस/रायबरेलीः जनपद में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के द्वारा एक जुलूस प्रदर्शन निकाला गया जिसमें किसानों को खाद, बीज, पानी आदि न मिलने के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने डीएम आफिस पहुंचकर जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में काम नहीं कर रही है। इसके पूर्व सपाइयों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहले से तैनात पुलिस कर्मियों ने नाकाबंदी करते हुए रोक लिया लेकिन भारी संख्या में एकत्र हुए सपा कार्यकताओं ने पुलिस ?ोक के बावजूद भी नही माने और दौड़ते हुए डीएम दफ्तर पहुंचे। आगे सपाई पीछे पुलिस दौड़ती नजर आई। कुछ सपाईयों को पुलिस अपनी लाठी के बल पर रोकती नजर लेकिन सफाई जमीन पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि किसान खाद बीज और पानी के लिए लगातार दौड़ भाग कर रहे हैं। उनकी मांगों का सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है जिसको लेकर किसान समितियां के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी मांगों पर अगर ध्यान ना दिया गया तो समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इससे बड़ा भी विरोध प्रदर्शन करेंगे और सूबे से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

# मामूली साइड लगने पर हुई मारपीट मे किसान की मौत

■परिजनो ने हत्या का आरोप लगाते हुए दो लोगो के विरूद्ध कराया मुकदमा दर्ज
■पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियो के घर पर दबिश दी लेकिन हत्यारोपी हाथ नहीं लगे



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। देवबंद चीनी मिल में गन्ना डालकर लौट रहे एक किसान के साथ मामूली साइड लगने पर मारपीट की गई। एक बार बीच-बचाव हो भी गया, लेकिन रास्ते में फिर से पत्थर फेंके तो ट्रैक्टर-ट्राली असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें किसान की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। पुलिस ने कई घंटे की कोशिशों के बाद परिजनों को पोस्टमार्टम कराने को राजी कर लिया। कार्रवाई का आश्वासन पर हंगामा शांत हुआ। सैदपुरकला चरथावल निवासी देवाशीष पुत्र जगदेव ने शहर कोतवाली कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा ममेरा भाई नवीन कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्रम सिसौनी थाना बड़गाँव जनपद सहारनपुर ट्रैक्टर ट्रोला देवबन्द मिल में गन्ना डालकर वापस सैदपुर कला आ रहे थे। जैसे ही हम लोग ग्राम बहेड़ी आखलौर कट पर पहुंचे तभी टैक्टर से साइड मांगने पर सहदेव व जयकुमार पुत्रगण अमरेश निवासी आखलौर थाना कोतवाली जनपद मुजफ्फरनगर के साथ आपस में कहासुनी एव झराडा हो गया था। जिसमे वहाँ पर मौजूद लोगों के द्वारा बीच बचाव करा दिया। इसके बाद हम लोग अपना ट्रैक्टर ट्रोला लेकर सैदपुर कला की और जाने लगे जैसे ही हम लोग गुरु कृपा इण्डियन गैस ऐजेन्सी होशियारपुर रेलवे पुल के पास पहुँचे तभी समय करीब 8:15 बजे के करीब सहदेव व जयकुमार पुत्रगण अमरेश निवासीगण आखलौर थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर व तीन-चार व्यक्ति अज्ञात ने हम दोनों को घेर लिया और मेरे ममेरे भाई नवीन के साथ जान से मारने की नियत से लात घूस्से व लाठी डण्डो से मारपीट की जिससे मेरा ममेरा भाई मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया मेरे शोर मचाने पर रास्ते से जा रहे राहगीर राजवीर पुत्र लक्ष्मीचन्द व ललित पुत्र कृष्णपाल निवासीगण सैदपुर कला थाना चरथावल मुजफ्फरनगर व अन्य अज्ञात जिनका में नाम नही जानता आ गये जिन्हे आता देख आरोपी मेरे ममेरे भाई को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गये इसके बाद मृतक के भाई ने राजवीर व ललित की सहायता से नवीन कुमार को सरकारी अस्पताल चरथावल मुजफ्फरनगर पहुँचाया जहाँ पर चिकित्सको ने नवीन को मृत घोषित कर दिया। सुचना पर शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा और चरथावल थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों ने बातचीत की। कई घंटे चले हंगामे के बाद पुलिस परिजनों को समझाने में कामयाब हो गई। पुलिस ने भरोसा दिया कि जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की सही वजह सामने आ जाएगी। पुलिस के इस आश्वासन पर परिजन पोस्टमार्टम कराने को राजी हो गए। शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि विवेचना में आने वाले तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियो के घर पर दबिश दी लेकिन हत्यारोपी हाथ नही लगे।

### बाइक सवार बहन भाई सड़क हादसे में घायल, दूसरे दिन नहर किनारे अचेत अवस्था मे पड़ा मिला युवक

लालगंज (रायबरेली)। मिल एरिया थाना क्षेत्र के कोलही गांव निवासी रामबाबू सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की देर रात को करीब 12 बजे उसकी मां गीता देवी (45) मामा संजय सिंह (32) मौसी के घर पूरे तोड़ी मजरे सेमरपहा गांव से मिलकर बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी रेल कोच के गेट नंबर दो के निकट सड़क हादसे के शिकार हो गए। किसी राहगीर ने उसकी मां को घायल अवस्था में इलाज के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद उसके मामा संजय का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। बार-बार फोन मिलाने के बावजूद उसका फोन नहीं उठा। सोमवार की सुबह वह बाल्हेमऊ नहर पुलिया के किनारे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# उधार की रकम को लेकर दोस्त ने की दोस्त की हत्या

शराब पीते समय उधारी को लेकर हुआ था झगडा, मारी थी बिसौली




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। उधार की रकम को लेकर विवाद होने पर दोस्त ने बिसौली ने ताबड़तोड़ वार कर दोस्त की हत्या कर दी। वारदात के समय दोनों मोहल्ला जनकपुरी में स्थित कुट्टी मशीन पर बैठे हुए शराब पी रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आला-ए-कत्ल बिसौली व मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला उत्तरी रामपुरी निवासी सन्नी पांचाल उर्फ रजत लेंटर का जाल बांधने का काम करता है। रविवार देर रात वह मोहल्ला जनकपुरी स्थित अजेश की कुट्टी मशीन पर बैठा हुआ था। तभी शराब के नशे में नीरज मलिक निवासी उत्तरी रामपुरी बिसौली लेकर पहुंचा। आरोपी ने सन्नी से उधार के पांच हजार मांगते हुए गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर आरोनी ने बिसौली से सन्नी के सिर व गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। आरोपी मृतक का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रात्रि में एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। रात्रि में पुलिस ने आरोपी को सहारनपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने सन्नी को एक माह पूर्व पांच हजार रुपए उधार दिए थे। मांगने पर वह पैसे नहीं लौटा रहा था। इस बात को लेकर विवाद हो गया था। सन्नी के भाई सागर ने आरोपी के खिलाफ थाने पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। उसने बताया कि सन्नी की अभी शादी नही हुई थी। पुलिस ने सोमवार को हत्यारोपी नीरज मलिक को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दिव्यांग प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस





हरिद्वार। उत्तराखण्ड के मीडियाकर्मियों की प्रमुख राज्यस्तरीय पंजीकृत संस्था नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) द्वारा, अपनी शारीरिक दिव्यांगता को मात देकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही दिव्यांग प्रतिभाओं को यूनियन के हौसलों की उड़ान कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान कर पुरस्कृत व सम्मानित किया। इस अवसर पर दिव्यांग प्रतिभाओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। विगत दस वर्षों से निरंतर दिव्यांग प्रतिभाओं को समर्पित ह्यहौसलों की उड़ानह्न में बीते शिक्षा सत्र की वार्षिक परीक्षा में अपनी-अपनी कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर कक्षा 5 से कक्षा 10 की विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत श्री स्वामी अजरानंद अंध विद्यालय हाई स्कूल के नेत्रहीन विद्यार्थी प्रशान्त (कक्षा 5), अमन (कक्षा 6), चन्द्रमणी (कक्षा 7), नरेन्द्र (कक्षा 8), सूरज (कक्षा 9) तथा वीरपाल (कक्षा 10) को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने नेत्रहीनता के बावजूद अपनी लगन और मेहनत से ब्रेल लिपि में अध्ययन करते हुए अपनी-अपनी कक्षाओं में 51.77 प्रतिशत से लेकर 92.77 प्रतिशत तक सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह मानसिक रूप से अशक्त विद्यार्थियों की आत्मनिर्भता, स्वावलंबन और रोजगारपरक शिक्षा के लिए उन्हें प्रशिक्षित कर रहे ह्यआकांक्षाह्न के साहिल एवं ऐहेतेशाम को नृत्यकला, साबिर को चित्रकला एवं शशांक को सामान्य ज्ञान में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया गया। मानसिक अशक्तता (डाउन सिंड्रोम) का सामना कर रही कु. नीति एवं कु.तोशनी पाहूजा को भी उनकी प्रस्तुतियों के लिए मंच प्रदान करते हुए संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। जीवन में मूक-बधिरता की बाधाओं के बावजूद सामाजिक जागरूकता, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनकर लोगों को प्रेरित करने वाले राज्य दिव्यांग कल्याण आयोग के पूर्व सदस्य एवं मूक बधिर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप अरोड़ा, स्वयं आत्मनिर्भर बन कर दिव्यांगों को ह्यहम होंगे कामयाब एक दिनह्न का संदेश देने वाले सरदार मोंटू तथा शिक्षाध्यन के बाद कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार की राह पाने वाले सचिन सैनी को भी नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्वयं दृष्टिहीनता का शिकार होकर दूसरे नेत्रहीनों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैला रहे नेत्रहीन शिक्षक सूरज नारायण, कुमेर सिंह, राकेश जोशी, तथा उमा शंकर को भी उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान पत्र प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। स्वयं शारीरिक दिव्यांगता का शिकार होकर मनोविज्ञान और संगीत की उच्च शिक्षा हासिल कर विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा प्रदान कर रही शिक्षिका सुश्री अरूणा को भी संस्था द्वारा शिक्षा जगत में की जा रही उनकी सेवाओं के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। मूक-बधिर होने के बावजूद रेगुलर बच्चों के साथ बिना ट्यूशन और किसी अतिरिक्त सहायता के इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर डिस्टेंस एजुकेशन से बीसीए की पढ़ाई जारी रखे हुए कु. तूबा पठान, तथा मूक बधिर कु. इकरा को इंटरमीडिएट के बाद रोजगापरक प्रशिक्षिण के लिए प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेत्रहीन विद्यार्थी मनोज ने भजन गायन और उनके साथ तबले व हारमोनियम पर पर शिवांग, गौरव, वीरपाल की संगत की प्रस्तुति देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। लोगों ने कर्तलध्वनि के साथ जहां संगीत शिक्षिका अरूण की के गीत की भूरी-भूरी प्रशंसा की, वहीं साहिल व ऐहेतेशाम तथा नन्हीं दिव्यांग बालिका नीति और तोशनी की नृत्य प्रस्तुति को भी खूब सराहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् एवं एसएमजेएन पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो0 सुनील बत्रा ने दिव्यांग प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजनों की निरंतरना बनाये रखते की आवश्यकता जतायी। उन्होंने पत्रकारों की संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम को अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम बताया। श्री बत्रा ने कहा कि ये बच्चे दिव्यांग नहीं ईश्वर ने इन्हें स्पेशल वरदान देकर हमारे बीच भेजा है। ये साधारण बच्चों से भी ऊंचा स्थान रखते हैं। मैं चाहता हूं इन बच्चों के लिए हमेशा कुछ न कुछ करता रहूंगा। मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं अंतराष्ट्रीय मर्म चिकित्सा विज्ञानी डॉ0 सुनील कुमार जोशी ने चिकित्सकीय दृष्टि से लोकोमोटर, विकलांगता, दृश्य हानि, श्रवण हानि, भाषण और भाषा विगलांगता, विगलांगता, बहु विकलांगता, सरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम आदि का उल्लेख करते हुए नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा विगत दस साल से की जा रही पहल की सराहना की और कहा कि इस पर सबको एकजुटता से साथ कार्य करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि ज्वालापुर के विधायक रवि बहादुर ने कहा कि यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण क्षण है कि उन्हें दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित करते का सुवसर मिला है। उन्होंने कहा कि अगर मैं नहीं आता तो इतना सुन्दर कार्यक्रम देखने का अवसर नहीं मिल पाता उन्होंने कहा कि दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका जीवन धन्य हो गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एंव समाजसेवी ओमप्रकाश जगदग्नि ने कहा कि हमे प्रयास करना चाहिये कि दिव्यांग प्रतिभाएं स्वतंत्र रूप से गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें, उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त हो, वे अपने घर व समाज में सुरक्षित रहे। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों ने दिव्यांगों को सशक्त और मजबूत बनाने का आह्वान किया। समाज सेवी विशाल गर्ग ने दिव्यांग प्रतिभाओं द्वारा समाज में अपनी उत्कृष्टता प्रर्शित करने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा, महासचिव डॉ0 प्रदीप जोशी ने भी अपने विचार रखे।

मंगलम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने कहा कि ये हमारे दिव्यगुण वाले साथी हैं इसीलिए इन्हें दिव्यांग कहा गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिभाओं को अपना कैरियर चुनने की स्वतंत्रता और रोजगार के समान अवसर प्राप्त होंगे तो इनका जीवन सफल और सार्थक हो जायेगा। इससे पूर्व आगन्तुक अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यूनियन की जिलाध्यक्ष सुदेश आर्या ने स्वागत संबोधन और महासचिव मुकेश कुमार सूर्या ने आगन्तुक सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वरि0 पत्रकार एवं साहित्यकार त्रिलोक चन्द्र भट्ट ने किया। कार्यक्रम में सुनील शर्मा, धन सिंह बिष्ट, संजय अग्रवाल, विनोद चौहान, नवीन चन्द्र पाण्डे, धीरेन्द्र सिंह रावत, चौ0 महेश सिंह, नवीन कुमार, सूर्या सिंह राणा, भगवती प्रसाद गोयल, प्रभाष भटनागर, आदि का विशेष सहयोग रहा। जेपी बडोनी, डॉ. हरिनारायण जोशी, तरूण व्यास, दीपक पाण्डे, एस पी चमोली, दिनेश लखेड़ा, संजय नैथानी, एमसी काला, प्रमोद डोभाल, उमराव, डॉ. रजनीकांत शुक्ल, सूर्यकांत बेलवाल, हिमांशु द्विवेदी, रामेश्वर गौड नीरू अदलखा, उमा, मधु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विमर्श गोष्ठी का हुआ आयोजन

●उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित
●जिलाधिकारी ने पी. एम. श्री. कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर दिए निर्देश





नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना

सम्भल बहजोई। सोमवार को निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत तहसील सभागार गुन्नौर में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में शिक्षा विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया।बैठक के अन्तर्गत शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं के साथ आत्मीय एवं श्रेष्ठ संबंध रखें। विद्यालय के छात्र छात्राओं को निपुण बनाने के लिए कार्य किए जाएं तथा निपुण भारत के अंतर्गत नवीन लक्षण मौखिक ,पढ़ना, लिखना, एवं संख्यात्मक बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए भी निर्देशित किया गया। पीएम श्री विद्यालय निपुण संभल एन ए एस एवं एन ए टी के सर्वे को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालयों के भौतिक परिवेश एवं बच्चों की गुणवत्ता पर शिक्षा को लेकर भी ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। पीएम श्री विद्यालयों में क्या परिवर्तन हो रहे हैं तथा क्या-क्या परिवर्तन अभी तक हुए तथा भविष्य में क्या परिवर्तन करना उस पर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड गुन्नौर के पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को गुणवत्तापूर्ण कराने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया तथा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा संबंधित को निर्माण कार्य को शीघ्र कराने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड गुन्नौर के पी. एम. श्री. कम्पोजिट विद्यालय फतेहपुर का निरीक्षण किया। कार्य को तीव्र गति से कराने तथा एम डी एम शेड के अन्तर्गत चहारदिवारी के उपयोग करने तथा एजुकेशन पार्क को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा पी. एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय बबराला का निरीक्षण किया। शेड की ऊंचाई तथा कायाकल्प एवं शैक्षिक गुणवत्ता के बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खंड विकास अधिकारी गुन्नौर नरेश पाल सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आर आर के स्कूल में हुआ इंग्लिश लिटरेचर वीक का शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी




चंदौसी। सोमवार को डॉ एस के पाण्डेय प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिए विभिन्न स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन आवश्यक है । इसी क्रम में आर आर के स्कूल चंदौसी में इंग्लिश वीक का प्रारंभ बड़े धूमधाम से किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उप प्रधानाचार्य डॉ अर्चना शर्मा द्वारा फीता काटकर तत्पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इसके उपरांत कक्षा 11 की छात्राएं याशिका व अनुष्का गुप्ता द्वारा इंग्लिश भाषा में वेलकम सॉन्ग गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत इंटर हाउस स्पीच कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगियों द्वारा इंग्लिश लिटरेचर से संबंधित विभिन्न प्रसिद्ध लेखकों व कवियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । प्रतियोगियों द्वारा दी गई विस्तृत व प्रभावी जानकारी को सुनकर दर्शक दीर्घा में बैठे सभी छात्र छात्राएं अत्यधिक प्रभावित नजर आए और उनके द्वारा जोरदार तालियों से सभी प्रतियोगियों का उत्साह वर्धन किया गया । इस प्रतियोगिता के परिणाम के अनुसार एमेरल्ड हाउस की कनिष्क प्रथम स्थान पर रूबी हाउस की लावण्या वशिष्ठ दूसरे स्थान पर जबकि टोपाज व सफायर हाउस की अनुष्का गुप्ता व इप्शिता वशिष्ठ तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से रहे। अंत में बोलते हुए मुख्य अतिथि उप प्रधानाचार्य डॉक्टर अर्चना शर्मा ने कहा कि इंग्लिश वीक आयोजित करने का मुख्य मकसद छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना है एवं छात्रों को इंग्लिश भाषा के साहित्य तथा उससे जुड़े व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है। उप प्रधानाचार्य डॉक्टर अर्चना शर्मा ने सभी प्रतियोगियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन सुभारती शर्मा एवं राबिया ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर विद्यालय के अंग्रेजी संकाय के वरिष्ठ शिक्षक गण आरपी सिंह बीके सिंह किरण गौतम खुशबू गुप्ता अरुण दुबे तथा रुचि दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश महामंत्री सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश का हुआ जोरदार स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। सोमवार को प्रदेश महामंत्री स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश बिल्लू चौहान को फूल देकर सुभाष वाल्मीकि ने अपने आवास पर स्वागत किया इस अवसर पर रॉकी वाल्मीकि जिला अध्यक्ष सफाई मजदूर संघ उपस्थित रहे। व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति उपवर्गीयकरण का स्वागत करते हुए अति वंचित दलित समाज को देने की मांग रखी गई सभी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा जल्द ही संयुक्त मोर्चा की बैठक बुलाकर उपवर्गीकरण मांग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से मांग रखी गई सुभाष वाल्मीकि प्रांतीय मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया प्रदेश भर का भ्रमण कर जिला व मंडल कमेटियों को संगठित कर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई जाएगी जिस तरह,पंजाब ,हरियाणा,

तमिलनाडु ,आंध्र प्रदेश व केरल जैसे राज्य सरकारों ने अपने राज्यों में उपवर्गीयकरण को लागू किया गया है उन सभी सरकार की हम सराहना करते हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि मुरादाबाद मंडल की पूरी इकाइयां गठित कर ली गई है । संयुक्त मोर्चे के सहयोगी संगठनों के द्वारा शीघ्र ही सरकार से वार्ता कर उपवर्गीयकरण के निर्णय को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से मांग रखी जाएगी।

# साइबर क्राइम की टीम ने पीड़ित के 14000/-रुपये कराये वापस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल /पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम दीपक कुमार के नेतृत्व में जनपद सम्भल में साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल की टीम द्वारा आवेदक के 14000/-रुपये वापस कराये गये। आवेदिका मुस्कान रानी पुत्री प्रनव कुमार निवासी कस्बा गुन्नौर थाना गुन्नौर सम्भल जनपद सम्भल के द्वारा साइबर क्राइम थाना जनपद सम्भल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के मो०नं० पर आवेदिका का रिश्तेदार बनकर 14000/- रुपये का साइबर फ्रॉड करने के सम्बन्ध में ।जिसके जांच के क्रम में आवेदिका मुस्कान रानी उपरोक्त के 14000/- रुपये साइबर क्राइम थाना सम्भल जनपद सम्भल द्वारा विपक्षी के खाते में होल्ड / फ्रीज कराये गये व नियमानुसार कार्यवाही करते हुये आवेदिका मुस्कान रानी के 14000/- रुपए वापस कराये गये। साइबर क्राइम थाना जनपद सम्मल थाना साईबर क्राइम जनपदवासियो से अपील करता है कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्रॉड । धोखाधडी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर थाना जनपद सम्भल के मो0 न0 7839875617 से सम्पर्क करें। इस दौरान थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल प्रभारी निरीक्षक अमरीश कुमार,उ0नि0 अनिल कुमार मु० आरक्षी मनोज यादव आरक्षी सागर रघुवंशी,आरक्षी मोहित पुण्डीर साथ रहे।

# बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर, परिजनों को किया सुपुर्द




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। सोमवार को थाना ए. एच. टी. जनपद संभल एवं बाल कल्याण अधिकारी एवं बाल श्रम विभाग जनपद सम्भल एवं प्रयत्न संस्था के जिला कॉर्डिनेटर गोरी शंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 (ऑपरेशन बचपन) बाल श्रम ,बाल विवाह, मानव तस्करी एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व ऑपरेशन नशा मुक्ति तथा ऑपरेशन खोज एवं विशेष जागरूकता/रेस्क्यू अभियान कृष्ण कुमार पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना क्षेत्र बहजोई में स्कूलों के आस पास, टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ढाबे, होटल, पार्लर एवं भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर बाल श्रम व मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति, ऑपरेशन खोज/ नशा मुक्ति अभियान चलाया गया बाल भिक्षा वृत्ति/ बंधवा मजदूरी में संलिप्त नाबालिक बच्चों का परिवार में पुनर्वासन कराया जाना तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य इस अभियान के तहत किया गया। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाकर आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 181, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। अभियान के दौरान कस्बा बहजोई में विभिन्न होटलों ,ढाबो, मैकेनिक शॉप, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मुख्य बाजार में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 02 बाल श्रमिकों को अज्जी रेस्टोरेंट से रेस्क्यू किया गया तथा प्रतिष्ठान/ रेस्टोरेंट मालिकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम व बन्धित श्रम पद्धति अधिनियम एवं विधि विरुद्ध अनिवार्य श्रम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। रेस्क्यू किये गए बालकों को बाल कल्याण समिति जनपद संभल के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में निकली दस पदों पर भर्ती




नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी

चंदौसी सम्भल। सोमवार को प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चंदौसी द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल स्थित चंदौसी में मध्यस्थता पैनल हेतु दस पदों पर भर्ती की समस्त जानकारी जनपद न्यायालय की बेवसाइट व उच्च न्यायालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक बेवसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर दिनांक 11.11.2024 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे दिनांक 16.11.2024 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल स्थित चंदौसी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# थाना साइबर क्राइम ने आवेदक के 20000/- रुपए कराये वापस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल । पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम दीपक कुमार के नेतृत्व में जनपद सम्भल में साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल की टीम द्वारा आवेदक के 20000/-रुपये वापस कराये गये।

आवेदक मौ० जुनैद पुत्र अशरत निवासी हसनपुर मुन्जबता थाना हयातनगर जनपद सम्भल के द्वाराठउफ्ढ ढडफ्ळअछ पर शिकायत दर्ज की गयी। पीड़ित के 20000/- रुपये गलती से किसी अन्य खाते मे चले गये। जिसके जांच के क्रम में आवेदकमौ० जुनैद उपरोक्त के 20000/- रुपयेसाइबर क्राइम थाना सम्भल जनपद सम्भल द्वारा विपक्षी के खाते में होल्ड / फ्रीज कराये गये व नियमानुसार कार्यवाही करते हुये पीड़ित मौ० जुनैद के 20000/- रुपए वापस कराये गये।साइबर क्राइम थाना जनपद सम्भल थाना साईबर क्राइम जनपदवासियो से अपील करता है कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्रॉड । धोखाधडी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर थाना जनपद सम्भल के मो0 न0 7839875617 से सम्पर्क करें। इस दौरान थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल प्रभारी निरीक्षक अमरीश कुमार,उ0नि0 सतीश मोरल,आरक्षी सागर रघुवंशी,आरक्षी शुभ नारायण साथ रहे।


# प्रभारी ईओ ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, बोले- सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराना है जरूरी

**अतिक्रमण हटाने पर प्रभारी ईओ से लोगों की नोक झोंक**

**चर्चाः अतिक्रमणकारियों पर मेहरबानी नहीं करते हैं साहब**

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा








चन्दौसी। सोमवार को नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पालिका कर्मियों ने उद्घोषक यंत्रों के माध्यम से पूरे नगर में लोगों से अवैध कब्जे हटाने के लिए कहा। ऐसा न होने पर पालिका की ओर से कार्रवाई करने व अतिक्रमण हटाने पर होने वाला खर्चा भी संबंधित से वसूलने की चेतावनी दी। नगर में विभिन्न स्थानों पर अवैध कब्जे हैं। बाजारों में अतिक्रमण के कारण लोगों का निकलना मुश्किल है। इसी को लेकर पिछले 4 दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा है 10 अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर दी चेतावनी । दुकानदारों ने एक दिन बाद तक नहीं हटाया अतिक्रमण तो प्रशासन वसूल करेगा भारी हजार्ना- बनाई गई यह योजना । पावर हाउस की संपत्ति और कब्रिस्तान की जगह पर बना रखी है अवैध दुकानें में रोजगार करने वाले जगरूद्दीन , अलाउद्दीन , वसीम , मौलाना सलमान ने कहा कि हर बार कार्रवाई उन जैसे छोटे दुकानदारों तक ही सीमित रह जाती है। वहीं नालों पर पक्के निर्माण करके अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जाता। अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पक्षपात साफ-साफ दिख रहा है एक तरफ 75 मी छोड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ 20 मी पर मेहरबानी हो रही है बदायूँ चुगीं पर अवैध कब्जा है जिस पर 15 नाम चिन्हित किए गए थे नगर के अधिवक्ता ने लगाया आरोप । नगर पालिका प्रशासन की ओर से शुक्रवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को चौथे दिन नगर पालिका की ईओ व डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा के अगुवाई में अतिक्रमण अभियान जोर-शोर से चलाया गया। सुबह 10 बजे से ही जेसीबी व पीएसी बदायूं रोड स्थित तहसील चौराहे पर पहुंची। वैसे अतिक्रमण करने वालों में दहशत व्याप्त हो गई। इसके बाद जेसीबी ने अतिक्रमण को गिराना शुरू कर दिया। वहीं दूसरे लोग जुमार्ने के डर से स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाते नजर आए। जेसीबी के माध्यम से घर के आगे के किए गए पक्के निर्माण, चबूतरें आदि को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही उनसे जुमार्ना राशि वसूली गई। देर शाम छह बजे अतिक्रमण अभियान बदायूं चुंगी रोड पर जारी बना हुआ है। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों से एक लाख दस रुपये की धनराशि जुमार्ने के तौर पर वसूल की गई।

**क्या बोले हिंदूवादी नेताः** चांद सी चंदौसी वनाने में नगरवासी अतिक्रमण अभियान का सहयोग करे कौशल किशोर वंदेमातरम नगर में पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में चलाया जा रहा अतिक्रमण अभियान भविष्य में नगर के लिए वरदान साबित होगा। इस अतिक्रमण अभियान से नगर के जो मुख्य नाले जो पूर्व में लुप्त हो गये थे वह पुनःसुचारू होगें जिससे बरसात में जलभराव की समस्या का निदान होगा। नगर के मुख्य प्रवेश मार्गों का अतिक्रमण मुक्त होने से चौड़ी सड़कों के निर्माण से राहगीरों को जाम से राहत मिलेगी। चंदौसी के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण वनाने हेतु नगरवासियों से अनुरोध है कि जनहित में स्वयं पहल करके अबैध अतिक्रमण को स्वतःहटाकर अतिक्रमण अभियान में सहयोग प्रदान करे।

## क्या बोले- तीरर्थ चतुर्वेदी

अतिक्रमण अभियान में राज्यमार्ग 43 जनपद संभल सीमांतर्गत किस बिंदु से प्रारंभ किया गया है और किस बिंदु पर समाप्त होगा ,की कोई जानकारी लिखित में सार्वजनिक नहीं की गई , मेरे द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जनहित याचिका 55524/2015 के संदर्भ में अवमानना याचिका 6719/2018 योजित की गई , जिसमे सुनवाई लंबित है , कि जानकारी होते मनमानी कर बुलडोजर से मेरे भवन को बिना किसी पूर्व सूचना के नुकसान पहुँचाने का कृत्य किया गया है जबकि मेरा भवन सड़क के मध्य से करीब 80 फीट की दूरी पर है अतिक्रमण व अवैध निर्माण को जानते हुए छोड़ा जा रहा ताकि उक्त अतिक्रमणकरियों को अवसर मिले सके और लाभ प्राप्त हो सके । सड़क के दोनों ओर समान दूरी पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर कार्यवाही होनी चाइये ।क्या सड़क को बार बार उसी तरफ चौड़ा करना उचित है जिस तरफ लोगो के भवन सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर है , और सड़क के जिस तरफ मात्र 20 फीट पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण है । वहाँ सड़क चौड़ा होने की गुंजाइश ही नहीं है तो गलत कौन है ? जिस तरफ सबसे ज्यादा अतिक्रमण व अवैध निर्माण है वहाँ से अतिक्रमण की शुरूआत ही नहीं करना ,प्रारंभ से अनुचित अवसर देना है । बदायूं चूंगी राजमार्ग 43 जनपद सम्भल सीमांतर्गत अतिक्रमण व अवैध निर्माण परिसर पर सरकार से लाइसेंस प्राप्त करना क्या उचित है ? क्यूंकि इसका तात्पर्य तो यह हुआ कि उक्त विभाग व अधिकारी अतिक्रमण व अवैध निर्माण को संरक्षण दे रहे है और आरोप जनता पर लगाते है अतिक्रमण व अवैध निर्माण का । इस राजमार्ग पर नाले का निर्माण सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर किया जाना चाइये था लेकिन नगर पालिका चन्दौसी खुद ही सड़क के बहुत किनारे नाले का निर्माण में लिप्त है और नाले को आधार बनाकर नाले के पीछे निर्माण को वैध करने का प्रयास है ।किसी भी गरीब और जरूरतमंद के घर को हानि नहीं पहुँचनी चाइए और सार्वजनिक सम्पत्ति का सोंदरीयकरण कराया जाये ।

अतिक्रमण अभियान में सरकारी संपत्ति पर किसी को कब्जा नहीं होने दिया जाएगा ।हमने किसी के पक्के मकान नहीं तोड़े हैं । सड़क से 22 मीटर की दूरी पर चिन्हित कर चेतावनी दी है और पहले से ही अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जानकारी भी दी गई है और लोग अपने आप ही अपना मकान या दुकान है तो उन्हें मौका दिया जा रहा है और वह खुद ही हटा रहे हैं ।रही नोटिस की बात तो सरकारी संपत्ति पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है।

**विनय मिश्रा**
**प्रभारी ईओ नगर पालिका चंदौसी संभल।**

## संपादकीय


# नेताओं के जहरीले बोल

**कहावत** है कि कमान से निकला तीर और जुबां से निकले शब्द कभी वापस नहीं हो सकते। हालिया चुनावों में 'तीर' तो नहीं हैं, लेकिन जुबां से निकले शब्द बेलगाम, अमर्यादित और अशालीन जरूर हो रहे हैं। तमाम लक्ष्मण-रेखाएं लांघी जा रही हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन नेता भी अपशब्दों, अभद्र भाषा, मवालियों के व्यवहार का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भारत का चुनाव आयोग महात्मा गांधी के तीन बंदरों की मुद्रा में है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराएं हैं, आयोग को संवैधानिक अधिकार हासिल हैं, लेकिन आयोग 'दंतहीन' बना है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान से ही मौजूदा जहरीले बोलों को समझने की कोशिश करते हैं कि क्या इन आधारों पर भी चुनावी ध्रुवीकरण होता है? मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि बेटी से छेड़छाड़ की गई, तो उस आदमी का चौराहे पर ही इलाज कर देंगे-दे जूता, दे लात, दे घूंसा, दे डंडा आदि। क्या अब पदासीन मुख्यमंत्री के लिए यही कानूनी कार्यशैली और कानूनी संहिता बन गई है? सिर्फ यही नहीं, नेतागण गोली और लाठी की भाषा भी बोलने लगे हैं। आने वाले वक्त में एके-47 की गोली भी चलने लगे अथवा चुनाव में ग्रेनेड का भी इस्तेमाल किया जाने लगे, तो आश्चर्य मत करना। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां तक टिप्पणी की कि ईवीएम का बटन इतनी जोर से दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े। उप्र सरकार के एक मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में कह दिया कि उनकी सोच और कार्यशैली 'बंदर' जैसी है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के एक सांसद ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना की महिला उम्मीदवार को 'आयातित माल' कह दिया। यह महिला बीते 20-25 सालों से भाजपा के साथ जुड़ी हैं, लेकिन गठबंधन के तहत शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

क्या कोई महिला 'माल' हो सकती है? महाराष्ट्र के ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे नारायण राणे ने बकरीद और दीपावली के एक संदर्भ में कह दिया कि आज बाला साहेब होते, तो उद्धव ठाकरे को गोली मार देते! हालांकि बिहार में चुनाव नहीं हैं, लेकिन राजद झारखंड में झामुमो गठबंधन के एक घटक के तौर पर चुनाव लड़ रहा है, फिर भी पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस बयान के निहितार्थ समझ के परे हैं-जब भैंस हमें नहीं पटक सकी, तो ये भाजपा वाले क्या पटकेंगे? एक राजद सांसद ने लाठी-डंडे से हड्डी तोड़ देने की बात कही है। इन जहरीले बोलों और गालीनुमा शब्दों की सूची बहुत लंबी है। देश 'मौत का सौदागर' और 'चौकीदार चोर है' जैसे जुमलों को नहीं भूला होगा। देश के प्रधानमंत्री मोदी को 'भस्मासुर', 'राक्षस', 'सांप', 'यमराज', 'बिच्छू', 'बंदर', 'अनपढ़', 'हिटलर', 'कमीना, 'रावण'' सरीखी गालियां भी हम भूले नहीं होंगे। मोदी ने एक राजनीतिक उम्मीदवार के नाते किन शब्दों का प्रयोग किया और वे कितने आपत्तिजनक और अनैतिक थे, देश उन्हें भी जानता है। सवाल है कि भाषा, मर्यादा, व्यवहार की ऐसी निरंकुशता पर नेतागण क्या वोट मांगेंगे? क्या उन्हें वोट मिलेंगे? ध्यान होगा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जुबान जरा-सी फिसल गई थी, उसी आधार पर अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सांसदी भी रद्द कर दी गई थी। फिलहाल सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगा रखी है। नए लोकसभा चुनाव भी हो चुके हैं और अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 में धारा 123 है, जिसके तहत धर्म, नस्ल, समुदाय, भाषा और घूस के आधार पर नफरत फैलाने, दुश्मनी करने को 'भ्रष्ट आचरण' माना गया है। चुनाव आयोग उस कानूनी प्रावधान के तहत चुनावी उम्मीदवार को दंडित कर सकता है। क्या चुनाव आयोग अपने अधिकारों को भूल गया है? सवाल यह भी है कि क्या हमारे जन-प्रतिनिधि भी अपने पद की गरिमा भूल चुके हैं? गोली, लाठी, जूता, लात, थप्पड़, घूंसा आदि अपशब्दों से कौन-सा वोट बैंक लामबंद होकर किसी पार्टी विशेष के पक्ष में जाता है? इन शब्दों का प्रयोग करना किस किस्म की राजनीति है? यह चिढ़ है, घृणा है, दुश्मनी भी है, लिहाजा हमारे नेता अपशब्दों का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रवायत पर या तो चुनाव आयोग नकेल कस सकता है अथवा सर्वोच्च अदालत स्वतः संज्ञान लेकर कोई फैसला सुना सकती है।

**विनोबा विचार प्रवाह**
**गीता प्रवचन**
**सोलहवां अध्याय**

# खुद हिंसामय होकर हिंसा को दूर करना संभव नहीं हो सकता


रमेश भैया जी

जीवन का अर्थ केवल कर्म, केवल भक्ति, केवल ज्ञान,_ ऐसा केवल वाद बाबा को मंजूर नहीं।इसके विपरीत कर्म भक्ति और ज्ञान के जोड़ को यानी समुच्चय वाद को भी बाबा ने नहीं माना। कुछ भक्ति ,कुछ ज्ञान, और कुछ कर्म, यह उपयोगिता वाद भी बाबा को पसंद नहीं।पहले कर्म ,फिर भक्ति, फिर ज्ञान, इस तरह का क्रम वाद भी ठीक नहीं। तीनों वस्तुओं का समन्वय भी उतना नहीं जंचा।बाबा का तो मानना था कि जो कर्म है, वही भक्ति है, वही ज्ञान है। जैसे बर्फी के टुकड़े की मिठास, उसका आकार, और उसका वजन अलग अलग नहीं है।उसे जिस क्षण हम मुंह में डालते हैं उसी क्षण उसका आकार खा लेते हैं उसका वजन पचा लेते हैं और मिठास भी चख लेते हैं। बर्फी के प्रत्येक कण में आकार, वजन और मधुरता तीनों हैं। ऐसा नहीं कि एक टुकड़े में आकार एक में केवल वजन और तीसरे में कोरी मिठास ही हो। उसी तरह जीवन की हर क्रिया में परमार्थ भरा रहना चाहिए। प्रत्येक कृत्य सेवामय, प्रेममय और ज्ञानमय होना चाहिए। जीवन के अंग प्रत्यंग में तीनों भरे होने से ही पुरुषोत्तम योग बनता है।

जिस प्रकार सूर्योदय होने के पहले उसकी प्रभा फैलने लगती है उसी प्रकार जीवन में कर्म , भक्ति और ज्ञान से पूर्ण पुरुषोत्तम_योग के उदय होने के पहले सद्गुणों की प्रभा बाहर प्रकट होने लगती है। किसान खेत पर मेहनत करता हैं, तो उसके फलस्वरूप अनाज की फसल वह तौल_ नापकर घर लेआता हैं।इसी तरह हम जो साधना करते हैं, उससे हमें क्या क्या अनुभव हुए, कितनी सदवृत्तियां गहरी पैठी।कितने सद्गुण हममें आए, जीवन सचमुच सेवामय कितना हुआ_ जीवन की कला कितनी ऊंची चढ़ी, जीवन की इस कला को गीता देवी संपत्ति का नाम देती है इसके विरुद्ध जो वृत्तियां हैं उन्हें आसुरी संपत्ति कहा है।* गीता के प्रथम अध्याय में जिस तरह एक ओर कौरव सेना और दूसरी। ओर पांडव सेना आमने सामने खड़ी की है। उसी तरह यहां सद्गुण रूपी दैवी _ सेना और दुर्गुण रूपी आसुरी_सेना खड़ी की है। वेद में इंद्र और ब्रत्र ,पुराणों में देव और दानव, वैसे ही राम और रावण, पारसियों के धर्मग्रंथों में अहुरमजद और अहरिमान, ईसाई मजहब में प्रभु और शैतान ,इस्लाम में अल्लाह और इब्लीस_ इस तरह के झगड़े सभी धर्मों मे आते हैं।

कर्तव्य के विषय में मन में मोह पैदा हो जाता है, तब मनुष्य को क्या करना चाहिए।इसमें भलाई और बुराई का झगड़ा बताया गया है। कुरुक्षेत्र बाहर भी है और हमारे भीतर भी है। बाहर जो शत्रु खड़ा है, वही मेरे ही मन का विकार साकार होकर खड़ा है। दर्पण में जिस प्रकार हमारा ही भला बुरा प्रतिबिंब मुझे दिखता है। ऐसे ही मेरे मन के बुरे भले विचार मुझे बाहर शत्रु_ मित्र के रूप में दिखाई देते हैं सच पूछिए, तो असली युद्ध भीतर ही है।हमारे अंतःकरण में सद्गुण और दुर्गुण ने अपनी व्यवस्थित व्यूह_ रचना कर रखी है। सेना की तरह सेनापति बना रखा है। उसका नाम अभय है। बिना अभय के कोई भी गुण पनप नहीं सकता। सचाई के बिना सद्गुण का कोई मूल्य नहीं है।किंतु सचाई के लिए निर्भयता आवश्यक है। निर्भयत्व सब सद्गुणों का नायक है। परंतु सेना को आगा और पीछा ,दोनों संभालना पड़ता है। सीधा हमला तो सामने से होता है, पीछे से चोर हमला भी हो सकता है। सद्गुणों के सामने अगर अभय खड़ा है तो पीछे की रक्षा नम्रता करेगी। भूतदया, मार्दव, क्षमा, शांति, अक्रोध, अहिंसा, अद्रोह _ ये सब अहिंसा के ही दूसरे नाम हैं।अहिंसा और सत्य, में इन सब सद्गुणों का समावेश हो जाता है। परंतु निर्भयता और नम्रता की बात अलग है। निर्भयता से प्रगति की जा सकती है और नम्रता से बचाव होता है। सत्य और अहिंसा का विकास निर्भयता और नम्रता द्वारा होता है। दंभ , अज्ञान, जैसे दुर्गुण हमारे परिचित हो गए हैं। इसमें दंभ के हम आदी हो गए हैं और अज्ञान तो ऐसा एक मनोहर कारण बन गया है जिसे हम पग पग पर आगे कर देते हैं। मानो अज्ञान कोई बड़ा गुनाह ही नहीं है। परंतु भगवान कहते हैं _ अज्ञान पाप है। सुकरात ने इससे उल्टा कहा था।अपने मुकदमें के दौरान उसने कहा_जिसको तुम पाप समझते हो, वह अज्ञान है और अज्ञान क्षम्य है।अज्ञान के बिना पाप हो ही कैसे सकता है और अज्ञान को तुम दंड कैसे दोगे? कानून का अज्ञान यह कोई बचाव की दलील नहीं हो सकती, ऐसा कानून में कहा है।ईश्वरीय कानून का अज्ञान भी बहुत बड़ा अपराध है। भगवान के और सुकरात के कथन का भावार्थ एक ही है।

अहिंसा के विकास की गति देखने से पता चला। अहिंसक मानव हिंसक लोगों के हमले से बचाव का तरीका ढूंढने लगा। इसकी रक्षा हेतु क्षत्रिय वर्ग बना परंतु वह आगे चलकर भक्षण की ओर बढ़ गया।तब अहिंसक ब्राम्हण ने इनसे बचाव का सोचना शुरू किया।परशुराम ने तो अहिंसक होकर भी हिंसा का सहारा लेकर क्षत्रियों का विनाश करने लगे। क्षत्रिय हिंसा छोड़ दे इसलिए परशुराम स्वयं हिंसक बने। यह अहिंसा का ही प्रयोग था, परंतु सफल नहीं हुआ।उन्होंने इक्कीस बार क्षत्रियों का संहार किया फिर भी क्षत्रिय बच ही रहे, क्योंकि यह प्रयोग मूल में ही गलत था।जिन क्षत्रियों को नष्ट करने वे चले थे, उनमें एक और क्षत्रिय की वृद्धि ही उन्होंने अपने को जोड करके की, तो फिर क्षत्रिय वर्ग नष्ट कैसे होता? वे स्वयं ही हिंसक क्षत्रिय बन गए। वह बीज तो कायम ही रहा।बीज को कायम रखकर पेड़ों को काटनेवाले को वे पेंड पुनः पुनः पैदा हुए ही दीखेंगें। परशुराम थे तो बहुत भले आदमी परंतु उनका प्रयोग बड़ा विचित्र हुआ।स्वयं क्षत्रिय बनकर वे पृथ्वी को निःक्षत्रिय करना चाहते थे। परशुराम के प्रयोग का आधार ही गलत था। हिंसामय होकर हिंसा दूर करना संभव नहीं। इससे उल्टे हिंसकों की संख्या बढ़ती ही है।

परशुराम उस काल के महान अहिंसावादी थे। हिंसा के उद्देश्य से उन्होंने हिंसा नहीं की।अहिंसा की स्थापना के लिए उन्होंने हिंसा की।बाद में राम का युग आया। अब ब्राम्हणों ने सोंचा कि ये क्षत्रिय तो हिंसा करने वाले ही हैं, इन्हीं से राक्षसों का संहार करा डालना चाहिए।कांटे से कांटा निकाल डालना चाहिए। हम स्वतः इससे दूर रहें। अतः विश्वामित्र यज्ञ_ रक्षणार्थ राम_ लक्ष्मण को ले जाकर उनके द्वारा राक्षसों के संहार का कार्य करवाया। बाबा आज ऐसा सोचते थे कि जो अहिंसा स्व_ संरक्षित नहीं है, जिसके पांव नहीं हैं, ऐसी लंगड़ी_ लूली अहिंसा खड़ी कैसे रहेगी? यदि राम के जैसा क्षत्रिय न मिला होता तो? क्योंकि विश्वामित्र तो कहते ही थे कि मैं भले ही मर जाऊं, पर हिंसा नहीं करूंगा। इतना भी निश्चय हो चुका था कि स्वयं अहिंसा नहीं छोड़ेंगे_ यदि कोई क्षत्रिय नहीं मिला, तो अहिंसक व्यक्ति मर जाना पसंद करेगा। इस अहिंसा में ब्राम्हणों का त्याग तो था, परंतु साथ ही दूसरों से अपने संरक्षण की अपेक्षा भी वे रखते थे। ऐसी कमजोरी से कभी आहिंसा पूर्णता



को नहीं पहुंच सकती थी।

अहिंसा का तीसरा प्रयोग संतों ने किया। उन्होंने निश्चय किया_ कि हम अपने बचाव के लिए दूसरों की सहायता कदापि नहीं लेंगे।हमारी अहिंसा ही हमारा बचाव करेगी। संतों का यह प्रयोग व्यक्तिनिष्ठ था। अहिंसा के साधनों से व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक प्रयोग करने की प्रेरणा उन्हें नहीं हुई।संतों के प्रयोग के बाद बाबा विनोबा ने कहा कि आज हम चौथा प्रयोग कर रहे हैं।वह है_ सारा समाज मिलकर अहिंसात्मक साधनों से हिंसा का प्रतिकार करें। अभी तक जो भी प्रयोग अहिंसा के हुए, प्रत्येक प्रयोग में अपूर्णता ही रही। लेकिन यह तो कहना ही होगा कि उस_उस काल के लिए वे_ वे प्रयोग पूर्ण ही थे। शुद्ध अहिंसा के और भी प्रयोग होते ही रहेंगे। ज्ञान कर्म और भक्ति का ही नहीं, सभी सद्गुणों का विकास हो रहा है। पूर्ण वस्तु एक ही है। वह है परमात्मा। गीता के पुरुषोत्तम योग के बाद भी व्यक्ति और समुदाय के जीवन में अभी उनका पूर्ण विकास होना बाकी है।वचनों का भी विकास होता है।

ऋषि मंत्रों के दृष्टा समझे जाते थे, कर्ता नहीं ,क्योंकि उन्हें मंत्रों का अर्थ दिखा, वही उसका अर्थ है, सो बात नहीं। सभी सद्गुणों का सार अहिंसा ही निकलेगा। झगड़ा तो मनुष्य और पशुओं में भी हो रहा है।पशु को पेट में ठूंसकर वह जी रहा है। अभी तक अपने झगड़े तो मिटा नहीं पाया और अपने से हीन दुर्बल पशुओं, जीवों को खाये बिना वह जी नहीं सकता।*। मनुष्य को हजारों वर्ष जीकर भी मनुष्य को मनुष्य की तरह जीना आया नहीं। मांसाहारी को केवल बलि दिए पशुओं का ही मांस ही खाना चाहिए। सोंचा गया था कि इस प्रतिबंध से हिंसा रुक जायेगी।लेकिन यज्ञ का क्रम बना लिया।तब भगवान बुद्ध आगे आए।उन्होंने कहा_ तुम्हें मांस खाना हो खाओ, परंतु भगवान का नाम लेकर मत खाओ। उनका हेतु हिंसा पर अंकुश लगाने का ही था। यज्ञ आदि करो न करो, मांसाशन का त्याग जरूर करो। । इससे करोड़ों लोगों ने मांस खाना छोड़ दिया। इसमें पूर्वजों के अनुभव का लाभ हमें अनायास ही मिल गया है। मनुष्य अन्य जीवों का दूध पिए, यह बात भी कोई बहुत उत्तम तो नहीं है ।

हमें दैवी संपत्ति का विकास करना और आसुरी संपत्ति से दूर रहना है। आसुरी संपत्ति का वर्णन भगवान ने इसीलिए किया है कि उससे दूर रह सकें। इसमें कुल तीन बाते हैं। सत्ता संस्कृति और संपत्ति। सबसे पहले तो सभी अपनी संस्कृति को प्रमुख मानते हैं। भगवान के घर को केवल एक ही दरवाजा माना है। जबकि घरों में लोग अनेक दरवाजे खिड़कियां लगाते हैं।मैं ही कुलीन हूं, मैं ही श्रीमंत हूं, मेरे जोड़ का दूसरा कौन है? सब यही मानते हैं। मैं कौन ? भारद्वाज कुल का। बाबा कहते थे कि अगर आपकी संस्कृति सचमुच ही श्रेष्ठ है, तो उसे अपने आचरण में दिखने दो न। अपने जीवन में उसकी प्रभा फैलने दो न। जो संस्कृति स्वयं हमारे जीवन में नहीं है, हमारे घर में नहीं है, उसे संसार भर में फैलाने की आकांक्षा रखना इस विचार_पद्धति को आसुरी कहते हैं। ऐसे ही संस्कृति की तरह सारी संपत्ति रखने के योग्य भी मैं ही हूं। संसार की सारी संपत्ति मुझे चाहिए और मैं उसे प्राप्त करूंगा ही। आसुरी संपत्ति का अर्थ है _ काम, क्रोध, लोभ, । ये ही तीनों संसार को नचा रहे हैं। इस नृत्य को समाप्त करना है। क्रोध और लोभ काम से पैदा होते हैं। काम के अनुकूल परिस्थिति उत्पन्न होने से लोभ और प्रतिकूलता आने पर क्रोध होता है। गीता ने स्पष्ट कहा है कि काम, क्रोध, लोभ तीनों नरक के बड़े द्वार हैं। यहां लोग खूब आते जाते हैं। नरक का रास्ता खूब चौडा है।उसमें तो मोटरें भी चलती है।परंतु सत्य की राह बहुत ही सकरी होती है। बाबा कहते थे कि काम क्रोध पहले से ही भरपूर हैं।फिर क्यों व्यर्थ में बुद्धि_ भेद पैदा करते हैं। लोग सोचते हैं कि काम मर जाएगा तो संतति कैसे पैदा होगी ?आप चाहें जितनी संतति पैदा करें, एक दिन ऐसा आने वाला है, जब पृथ्वी पर से मनुष्य का नाम सर्वथा मिट जायेगा।यह वैज्ञानिकों का कहना है क्योंकि पृथ्वी धीरे_धीरे ठंडी होती जा रही है. । एक समय उष्णता के कारण पृथ्वी पर कोई जीवधारी नहीं रह सका। अब एक समय ऐसा आएगा कि पृथ्वी अत्यंत ठंडी हो जाने के कारण सारी जीव सृष्टि का लय हो जायेगा। हम संतान_ वृद्धि कितनी भी करें ,परंतु अंत में प्रलय निश्चित है।*

**परमेश्वर जो अवतार लेता है वह धर्म_संरक्षण के लिए लेता है, संख्या_ संरक्षण के लिए नहीं। जब तक पृथ्वी पर एक भी धर्म_परायण मनुष्य है, एक भी धर्मभीरू और सत्यनिष्ठ मनुष्य है, तब तक कोई चिंता नहीं। उसकी ओर ईश्वर की दृष्टि बनी रहेगी। जिनका धर्म मर चुका है, ऐसे हजारों लोगों का भी जीवित रहना, न रहना बराबर है।**

विनोबा जी हिदायत देते हैं कि मौज से रहिए, संयम से चलिए।मनमानी न कीजिए।मनुष्यों का संघ बढ़ाते जाना, संपत्ति का ढेर इकठ्ठा करते जाना_ इसे सुधार नहीं कहते। विकास संख्या पर अबलंबित नहीं है।समाज यदि बेशुमार बढ़ने लगेगा, तो लोग एक_ दूसरे का खून करने लग जायेंगे। पहले पशु पक्षी खाना शुरू करेगा फिर अंततः अपने बच्चों तक पहुंच जायेगा। इस काम क्रोध के वशीभूत होकर मनुष्य मनुष्य को फाड़ खायेगा।इसमें अणुमात्र भी संदेह नहीं है।लोक_संग्रह का अर्थ है, सुंदर और विशुद्ध, नीति_मार्ग लोगों को दिखाना।काम क्रोध से मुक्त हो जाने के कारण यदि पृथ्वी से मनुष्य का लोप अगर हो भी जाए तो वह मंगल पर उत्पन्न हो जायेगा। आप चिंता न करें। अव्यक्त परमात्मा सब जगह व्याप्त है। वह हमारी चिंता कर लेगा। आप सारी सृष्टि और मानव जाति की चिंता मत करो तुम अपनी नैतिक शक्ति बढ़ाओ।काम क्रोध से पल्ला झाड़कर फेंक दो। पहले अपनी गर्दन तो बचाओ। इतना कर लो तो भी काफी है।बाबा विनोबा ने अंत में अदभुत ही कहा है कि संसार समुद्र से दूर किनारे खड़े रहकर समुद्र की मौज देखने का अदभुत आनंद है। जो समुद्र में डूब रहा है जिसकी आंख, नाक में पानी भर रहा है उसे समुद्र का क्या आनंद आएगा। संसार में अलिप्त रहने की इस संत वृत्ति का जीवन में संचार हुए बिना आनंद नहीं। समाज में कमल पत्र की तरह अलिप्त रहो।

## 12 नवंबर :इतिहास की अहम घटनाएं

1970 ओरेगन हाईवे डिवीजन ने असफलता के साथ फ्लोरेंस, ओरेगन के पास समुद्र तट शुक्राणु व्हेल को विस्फोटकों के साथ नष्ट करने का प्रयास किया।

1991 पूर्वी तिमोर में, इंडोनेशियाई बलों ने पूर्वी तिमोर पर कब्जे के विरोध में छात्रनेताओं पर गोलियां चला दीं, जिसमें 250 लोगों की मौत हो गई।

1996 एक सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और एक कजाखस्तान एयरलाइंसकार्गो विमान नई दिल्ली के पास मध्य हवा में टकरा गए, जिससे 349 लोग मारे गए।

2001 न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।

2001 अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 587 जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट इनयूवन यॉर्क से टेकऑफ के बाद आवासीय भवनों में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें कुल 265 लोग मारे गए।

2005 संयुक्त राष्ट्र के महासचिव कोफी अन्नान इराक की एक आश्चर्यजनक यात्रा का भुगतान करते हैं और एक अरब लीग सम्मेलन के लिए समर्थन का समर्थन करते हैं, जो इराक के कई दलों के साथ सहयोग पर चर्चा करता है।

2006 अंतराष्ट्रीय संधि 'प्रोटोकॉल ऑन एक्सप्लोसिव रेमनेन्ट्स ऑफ वार' लागू हुई।

2006 इजरायल ने ईरान को ₹अंतिम उपाय के रूप में ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हवाई हमले करने के लिए धमकी दी है। ईरान का विदेश मंत्रालय इस बात का प्रतिकार करता है कि यदि ईरान इस निर्णय के साथ आगे बढ़ता है तो वह ₹कुचलने वाले हमले का प्रतिकार करेगा।

2006 हालांकि जॉर्जियाई सरकार ने इसे अवैध घोषित किया, दक्षिण ओसेशिया ने स्वतंत्रता पर एक जनमत संग्रह आयोजित किया, जिसमें लगभग 99 प्रतिशत मतदाताओं ने समर्थन किया, ताकि क्षेत्र की स्थिति को एक वास्तविक तथ्य के रूप में संरक्षित किया जा सके।

2007 एक 16 वर्षीय स्पेनिश विरोधी नस्लवाद उदारवाद की हत्या मैड्रिड में हुए एक आप्रवासन विरोधी विरोध के बीच की गई है।

2009 2 जापानी पनडुब्बियां जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान डूब गईं थीं, उन्हें ओहू, हवाई से दूर पाया गया है।

2010 गंभीरता के उपायों के एक हिस्से के रूप में इसे सांस्कृतिक बजट में कटौती करने के प्रयास में, सरकार ने इटली में प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षणों को बंद कर दिया है।

2011 दक्षिण अफ्रीका और लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो अपने देशों की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से निपटने के लिए कांगो नदी पर एक मेगा-हाइड्रोइलेक्ट्रिक संयंत्र बनाने के लिए एक साथ आने के लिए सहमत हुए हैं।

2012 यूनाइटेड किंगडम से जॉर्डन के लिए निष्कासन के खिलाफ एक याचिका जीतने के बाद अबू कतादा, एक मुस्लिम पुजारी को जमानत पर मुक्त कर दिया जाएगा। हालांकि, यूके सरकार का दावा है कि वह सत्तारूढ़ के खिलाफ दलील देगी।

2013 स्टॉक बाजारों के तकनीकी कामकाज को बेहतर बनाने की योजना को यू.एस. स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा पारस्परिक रूप से घोषित किया गया है। यह निर्णय हाल ही में हाई प्रोफाइल विसंगतियों जैसे नैस्डैक में ट्रेडिंग हाल्ट के बाद आया था, जो अगस्त में हुआ था।

2014 चीनी नेता शी जिनपिंग और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ग्रीनहाउस गैसों को सीमित करने के लिए एक समाधान पर पहुंचे हैं।

2015 लेबनान में एक आत्मघाती बम विस्फोट में 43 मारे गए।

## समसामयिक


ऋषभदेव शर्मा

# डिजिटल घुसपैठ ; आतंकवाद का नया पैंतरा

**जम्मू** और कश्मीर में हिंसा के नए उभार के बीच एक और चिंताजनक प्रवृत्ति सामने आई है। देखा गया है कि भारत विरोधी भावना को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों की ऑनलाइन गतिविधियों में इधर तेजी से वृद्धि हुई है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के चौकस अभियानों के चलते इन समूहों की स्थानीय भर्ती में भारी गिरावट आई है। संभवतः उसकी भरपाई करने के किए अब ये समूह 'डिजिटल घुसपैठ' का रास्ता अपना रहे हैं, जो इन समूहों की रणनीति में एक सुनियोजित बदलाव का संकेत है। भारत को इस नए खतरे का सीधा सामना करना होगा, तथा ऐसा बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा जो ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावी ढंग से निपटे तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा दे।

इस ऑनलाइन हमले का पैमाना चिंताजनक है। सिर्फ़ एक महीने में 2,000 से ज़्यादा चिंताजनक सोशल मीडिया पोस्टों की पहचान की गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में सिर्फ़ 89 पोस्टों की पहचान की गई थी। यह तीव्र वृद्धि इन समूहों की हताशा को उजागर करती है, क्योंकि कट्टरपंथ के पारंपरिक तरीकों को बढ़ते प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, इंटरनेट अपनी व्यापक पहुँच और अदृश्य चेहरे के कारण, चरमपंथी विचारधाराओं को फैलाने और हिंसा भड़काने के लिए उपजाऊ ज़मीन प्रदान करता है। इन पोस्टों की विषय-वस्तु मुख्यतः तीन उद्देश्यों पर केंद्रित हैः जम्मू-कश्मीर में हिंसा और अलगाववादी भावना को भड़काना, भारत-विरोधी बयानबाजी को बढ़ावा देना, तथा संभावित रूप से नए सदस्यों की भर्ती करना।

ऑनलाइन प्रचार की यह तकनीक लोगों की कमजोरियों का फायदा उठाती है, नैरेटिव में हेरफेर करती है, तथा स्थानीय लोगों की मौजूदा शिकायतों का फायदा उठाने का प्रयास करती है। यदि इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो इस आभासी कट्टरपंथ से हिंसा की आग फिर भड़कने तथा जम्मू-कश्मीर में शांति और व्यवस्था के बाधित होने की प्रबल आशंका है।ऐसे में, हमें आतंक के ऑनलाइन नैरेटिव को खत्म करने के लिए एक मज़बूत और आक्रामक जवाबी रणनीति की ज़रूरत है। इसके लिए सबसे पहले तो सहयोगात्मक ऑनलाइन पुलिसिंग को बढ़ाना होगा। सोशल मीडिया मंचों को अपने कंटेंट मॉडरेशन प्रयास बढ़ाने होंगे। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्हें चरमपंथी कंटेंट को तेजी से और कुशलता से पहचानना और हटाना चाहिए। इसके लिए नफ़रत फैलाने वाले भाषणों का पता लगाने और ज़िम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देने में सक्षम तकनीकों का विस्तार अपेक्षित है।इसके साथ ही, चरमपंथी नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए जम्मू-कश्मीर में शांति और संयम की आवाज़ों को बढ़ावा देना ज़रूरी है। इसके लिए स्थानीय पत्रकारों, सामुदायिक नेताओं और युवाओं को प्रगति, सहिष्णुता और शांति के लाभों के नैरेटिव साझा करने के लिए सशक्त बनाना होगा। युवाओं के बीच मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देना भी उनके लिए ऑनलाइन जानकारी का गंभीरता से मूल्यांकन करने और चरमपंथी प्रचार का विरोध करने के लिए अहम हो सकता है।ध

्यान रहे कि ऑनलाइन कट्टरपंथ सामाजिक असंतोष पर पनपता है। अतः इसका सामना करने के लिए, केंद्र और राज्य सरकारों को जम्मू-कश्मीर में निराशा के मूल कारणों - बेरोजगारी, गरीबी और राजनीतिक भागीदारी की कमी - को दूर करने के लिए अपने प्रयासों को और तेज़ करना होगा। शिक्षा, आर्थिक विकास में निवेश और समावेश की भावना को बढ़ावा देकर ही राज्य में ऐसा माहौल बनाया जा सकता है, जहाँ चरमपंथी विचारधाराओं को कोई उपजाऊ ज़मीन न मिले।इस ख़तरे के मुकाबले के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी आगे आना होगा। पाकिस्तान (जहाँ ये समूह बेख़ौफ़ रहकर काम करते हैं) को आतंकवादियों को पनाह देने और क्षेत्र को अस्थिर करने के लिए उन्हें प्रॉक्सी के रूप में इस्तेमाल करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, तथा इस ऑनलाइन आतंकी इको तंत्र का समर्थन करने वाले बुनियादी ढाँचे को नष्ट करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव डाला जाना चाहिए।

# विचारधाराओं के टकराव से राष्ट्रवाद को खतरा

-अमित त्यागी , (विधि एवं प्रबंधन में परास्नातक वरिष्ठ स्तंभकार)

आज दुनिया में सिर्फ स्वयं को बेहतर दिखाने और वर्चस्व की जंग मची हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-फ्लिस्तीन युद्ध और अन्य देशों के बीच इस समय वैश्विक युद्धों की भरमार है। धन बल के द्वारा एक देश दुसरे देश पर विजय पाने को आमादा है। इस बीच अमेरिका के अगले राष्ट्रपति ट्रम्प होंगे। ट्रम्प को राष्ट्रवादी विचारधारा का माना जाता है इसलिए उनका और मोदी का सामंजस्य बेहतर दिखता है। ट्रम्प दुबारा वापसी करके तत्पर और उत्साहित हैं। हालांकि, राष्ट्रपति के रूप में अमेरिका में डेमोक्रेट और रिपब्लिक दोनों ही किसी अन्य विषय से ऊपर व्यापार को प्राथमिकता देते हैं और मोदी अन्तराष्ट्रिय राजनीति की व्यापारिक डीलिंग के उस्ताद हैं। पर एक बात भारत के लोगों को स्पष्ट समझनी होगी कि राष्ट्रपति परिवर्तन से होने से भारत या किसी भी अन्य देश में डीप स्टेट की गतिविधियां कम नहीं होंगी। देशों को अस्थिर करने की अमेरिकी नीति पूर्ववत ही रहेंगी। इसकी वजह विचारधारा है। कुछ विचारधाराएँ वसुधेव कुटुंबकम के आधार सम्पूर्ण धरा को अपना मानकर चलती हैं तो कुछ विचारधाराएँ सम्पूर्ण विश्व को अपने उपभोग की वस्तु मानती हैं। जैसे दक्षिण अफ्रीका में अंग्रेजों के आने पर कहा जाता है कि वह जब आए तब उनके पास बाइबल थी और हमारे पास हमारी जमीने। 100 साल के बाद हमारे पास उनकी बाइबल थी और उनके पास हमारी जमीने। सेवा का भाव दिखाकर, धर्मांतरण के द्वारा और उपभोग का प्रयोग करके, देशों की संस्कृति को नष्ट करने का यह अनुपम उद्धारण है। पश्चिम और वहाँ से उपजे पंथों की विचारधारा रेखीय है। जन्म, जीवन, मरण और उसके बाद

क़यामत/जजमेंट डे, इसलिए ये विचारधारा मृत्यु के बाद क़यामत/जजमेंट डे को महत्वपूर्ण मानती हैं। सनातनी जीवन दर्शन रेखिय है जिसमे जन्म, जीवन, मरण एवं फिर पुनर्जन्म की अवधारणा है। यह जीवन दर्शन प्रकृति और सृष्टि को उपभोग की वस्तु न



मानकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सँजोने का कार्य करता है। यही कारण है कि भारतीय भूभाग में पुरातन शिल्प बेजोड़ है, यहाँ के त्यौहार प्रकृति केन्द्रित हैं, यहाँ के लोग जहां गये उन्होने वहाँ की संस्कृति को नष्ट नहीं किया बल्कि वहाँ अपनी ज्ञान परंपरा को प्रकाशमान किया। 1976 में संविधान में सेकुलर और सोशियलिस्ट दो शब्दों को जोड़ा गया था। इन शब्दों के अङ्ग्रेज़ी मायने यूरोपीय सभ्यता के ज़्यादा करीब हैं किन्तु भारतीय सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में इसके मायने बिना विचारे ही ग्रहण कर लिए गए हैं। पश्चिम के जिन देशों में सेकुलरिस्म रहा है वहाँ जीवन का एक सिरा राजा के और दूसरा चर्च के नियंत्रण में रहा है। भारत के संदर्भ में ऐसा कभी नहीं रहा। सेकुलर शब्द पश्चिम की देन है और यह परलौकिक एवं इहलौकिक जीवन को अलग अलग रखता है। यूरोप में कई फिरकों में आपसी मतभेद रहे हैं इसलिए यह शब्द सहिष्णुता नहीं दिखाता। सेंट पीटर की व्याख्या के अनुसार 'मनुष्य के इहलोक जीवन पर राज्य का अधिकार है और परलोक पर चर्च का।' इस व्याख्या के कारण ही यूरोपीय शैली में स्वेच्छाचार, यौनाचार, स्वच्छंदता एवं भोगवाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला। इसके द्वारा एक बड़ा बाज़ार पैदा हुआ। नैतिक अनुशासन का तत्व विलुप्त हो गया। भोगवाद का समर्थन हो गया। यही से बाज़ार का निर्माण होता है। आज हम जो भी समस्याएँ, विचारधाराओं से भटकाव एवं सत्ताधीशों के द्वारा बाज़ार अनुकूल नीतियाँ देख रहे हैं वह इसी व्याख्या से उपजी हैं। समस्या कांग्रेसी विचारधारा या संघी विचारधारा के साथ नहीं है। असली समस्या सत्ता में आने पर बाज़ार की विचारधारा हावी हो जाने को लेकर है।

भारत के राष्ट्रवाद की भावना को इतना खतरा वाह्य शक्तियों से नही है, जितना कि आंतरिक असंतोष को भुनाने वाले बौद्धिक बुद्धिजीवियों से है। वाह्य शक्तियों के द्वारा स्थानीय बौद्धिक बुद्धिजीवियों के सहयोग से बेरोजगार युवको के आंतरिक असंतोष को भुनाया जाता है, तब देश की अखंडता एवं व्यवस्था को एक साथ बरकरार रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। उग्रवाद, अलगावाद, नक्सलवाद और अन्य बहुत से क्षेत्रीय वादों को हवा देता है बौद्धिक आतंकवाद। अपनी मेधा का गलत उपयोग करना बौद्धिक आतंकवाद की श्रेणी मे आता है। हमें सतर्क रहकर समझना होगा कि देश कहीं बौद्धिक आतंकवादियों के चंगुल में न फंस जाये। इस तरह के महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रिय विमर्श को आगे बढ़ाना चाहिए।

# पालीवाल महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन

## छात्र छात्राओं को दी गई विभिन्न क्रियाओं की जानकारी

**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर**



शिकोहाबाद । पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में सोमवार को योगाचार्य सत्यप्रकाश द्वारा छात्र/ छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया तथा बताया कि कौन से योग से शरीर को क्या क्या लाभ होता है । योगाचार्य ने कहा कि हमें रोगों से बचाव के लिए प्रतिदिन सुबह एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए । कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीवाल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार द्वारा की गई एवं संचालन डॉ. सुशील कुमार मिश्रा व पी. के. पालीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम से सभी छात्र / छात्राओं को भ्रामरी , अनुलोम विलोम, कपालभाति प्राणायाम, सूर्य नमस्कार , मंडूक, ताड़ासन आदि के बारे में बहुत ही बारीकियों की जानकारी दी गई। अन्त में प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार ने सभी का धन्यवाद किया । इससे पहले सत्यप्रकाश योगाचार्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यालय अधीक्षक नवीन कुमार पालीवाल , डॉ ए.के. चौधरी, डॉ होजेफा सगीर, डॉ. आर.बी. पाण्डेय, शालू अग्रवाल, सुनील कुमार पटेल, वीरेंद्र सिंह के साथ लगभग 250 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# गुमशुदा हुई लड़की को खोजकर किया परिजनों के सुपुर्द

**नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर।**

फिरोजाबाद। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसराना पुलिस ने गुमशुदा हुई लडकी को खोजकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।

ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत थाना जसराना पुलिस ने सोमवार को बच्ची के फोटो, व पुलिस टीम की कार्यवाही से गुमशुदा लडकी को बरामद कर लिया गया है। कुछ दिन पूर्व उर्मिला पत्नी जिलेदार सिंह निवासी ग्राम खडीत ने थाना जसराना पर सूचना दी कि मेरी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष गायब हो गयी है अपनी पुत्री को काफी खोजने पर भी कोई पता नहीं चल सका है। सूचना के आधार पर थाना जसराना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।



## न्यूज ब्रीफ

### दहेज हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/टूण्डला। थाना नगला सिंघी पुलिस ने चैकिंग के दौरान दहेज हत्या में वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना नगला सिंघी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित राकेश पुत्र ओमप्रकास निवासी ग्राम धीरपुरा थाना नगला सिंघी को घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति के साथ की बैठक कर दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल बहजोई। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें सर्वप्रथम आधार सत्यापन एवं मोबाइल सत्यापन को लेकर चर्चा की गई जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाया जाए जिसमें आंगनबाड़ी घर-घर जाकर मोबाइल सत्यापन का कार्य सुनिश्चित करें तथा एक सप्ताह के अंतर्गत मोबाइल सत्यापन के कार्य का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करना सुनिश्चित करें। बच्चों के वजन को लेकर सत्यापन करने के निर्देश दिए ।वीएचएसएनडी ? सत्र को लेकर भी चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए वीएचएसएनडी सत्र से संबंधित उपकरण खरीदवाए जाएं वीएचएसएनडी सत्र की शत प्रतिशत मोनिटरिंग हो। आकांक्षात्मक ब्लॉक के इंडीकेटर को लेकर चर्चा की गयी।होम विजिट एवं टेक होम राशन पर भी चर्चा की गयी। हॉट कुक्ड मील से संबंधित बर्तन को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सैम मैम बच्चों के वास्तविक सत्यापन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केन्द्र पर चंदौसी में कुपोषित बच्चों के पंजीकरण को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी सुपरवाइजर को बच्चों को एन आर सी ( पोषण पुनर्वास केन्द्र) पर भेजने के लिए लक्ष्य तय किया जाए तथा जो अपना लक्ष्य पूर्ण नहीं करेगा उस पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रोजेक्ट चमक को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक कॉर्डिनेटर जुनावई वागीश शर्मा को अक्टूबर 2024 में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में चार संकेतक पर बेहतर प्रदर्शन करने के कारण प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, डीपीओ प्रोबेशन चन्द्र भूषण, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




### एमआईटूसी कंपनी के खिलाफ बैठाई जांच

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/मुजफ्फरनगर। शहर के 55 वार्डों के साथ ही कूड़ा डलाव घरों से कूड़ा कलेक्शन और निस्तारण का कार्य करने में अनुबंध को अनदेखा करते हुए कार्य कर रही एमआईटूसी कंपनी के खिलाफ मिल रही गंभीर शिकायतों को लेकर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अब गंभीर रूख अपना लिया है। उनके आदेश पर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जांच बैठा दी है। तीन सदस्यीय जांच समिति को एक सप्ताह में आरोपों के सम्बंध में जांच करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। यदि आरोप सही पाये जाते हैं तो कंपनी के खिलाफ पालिका प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही की जा सकती है। बता दें कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और कूड़ा डलाव घरों से कूड़े का प्रतिदिन निस्तारण करने के साथ ही शहर को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए लेकर आई थी। कंपनी करीब आठ माह से शहर में काम कर रही है, लेकिन 92 लाख प्रतिमाह का भुगतान पाने के बावजूद भी कंपनी अनुबंध के अनुसार कोई भी काम नहीं कर पाई और न ही इसका सकारात्मक परिणाम ही सामने आ पाया है। कंपनी से अनुबंध में तय किया गया था कि कूड़े के स्त्रोत से कूड़ा उठाने के बाद शहर में कहीं भी सड़क पर नहीं डाला जायेगा, उसे वाहनों के माध्यम से सीधा डम्पिंग ग्राउंड पहुंचाया जायेगा, लेकिन इसके बावजूद भी शहर में गंदगी और कूड़ा ही नजर आ रहा है। इसके साथ ही पालिका को लगातार शिकायत मिली कि कंपनी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं कर रही है, ईएसआई और पीएफ का भुगतान नहीं दिया जा रहा है। शहरी वार्डों से टिपिंग फीस ज्यादा वसूलने के बावजूद भी पालिका कोष में कम पैसा जमा कराया जा रहा है। इन्हीं सभी बिन्दुओं पर अब कंपनी के खिलाफ जांच प्रारम्भ करा दी गई है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एमआईटूसी कंपनी के खिलाफ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को कई गंभीर शिकायतें मिली हैं। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन भी उसमें शामिल है। कंपनी के कार्य को लेकर जनता में भी असंतोष है, जो लोगों ने चेयरपर्सन के समक्ष जाहिर किया। उनके आदेश पर कंपनी के खिलाफ मिल रही शिकायतों पर एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। इसमें पालिका के जलकल अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर योगेश गोलियान, सेनेट्री इंस्पेक्टर प्लाक्षा मैनवाल को शामिल किया गया है। जांच कमेटी प्राप्त हुई शिकायतों पर बिन्दूवार जांच करते हुए एक सप्ताह में अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी। यदि जांच में आरोप सही पाये जाते हैं तो कंपनी के साथ अनुबंध समाप्त करने की संस्तुति करते हुए यह जांच रिपोर्ट चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भेजी जायेगी।

# बालिकाओं को समझाया मिशन शक्ति का मंत्र

**नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर।**



फिरोजाबाद। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ूमिशन शक्तिू अभियान के तहत जागरुक किया जा रहा है।

थाना क्षेत्रों में रैली व संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बसईमौ0पुर के उच्च प्रा0वि0 बसईमौ0पुर, थाना रजावली के ग्राम कैतकी, थाना टूण्डला के ग्राम जरोली, थाना शिकोहाबाद के प्रा0वि0 वासुदेवमई, थाना नगला सिंघी के सम्पत्ति देवी विद्यालय ग्राम टीकरी, थाना मटसैना के ग्राम दतावली, थाना रसूलपुर के दुर्गेश नगर, थाना सिरसागंज के एमडी जैन इंटर कॉलेज, थाना खैरगढ के प्रा0वि0 पृथ्वीपुर, थाना जसराना के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, थाना दक्षिण के एसबीआई बैंक स्टेशन रोड, थाना नसीरपुर के प्रा0स्कूल हरगनपुर, थाना रामगढ़ के करकडी पब्लिक स्कूल, थाना पचोखरा के स्वामी विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवखैडा, थाना उत्तर के सेंट एडी मेमोरियल स्कूल में महिलाओं और बालिकाओं जागरुक किया गया। साथ ही विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

### शौच क्रिया के लिए गया व्यक्ति तालाब में डूबा, मौत

नेशनल एक्सप्रेस / सिरसागंज ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुरैया सोयलपुर में सोमवार सुबह एक व्यक्ति शौच क्रिया करने के लिए तालाब के किनारे गया था , तभी वह तालाब में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरैया सोयलपुर निवासी सीटू कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रविंद्र सिंह सोमवार सुबह शौच क्रिया करने के लिए गांव के पास बने तालाब के किनारे गया था, तभी किसी कारण वश वह तालाब में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जब लोगों को इस बात की जानकारी मिली तो लोगों ने सीटू को तालाब में ढूंढा । बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस के सहयोग से लोगों ने व्यक्ति के शव को बाहर निकाल। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। ग्रामीणों की माने तो सीटू मंद बुद्ध का व्यक्ति था।



# महर्षि दयानंद सरस्वती की जन जागरण यात्रा निकाली गई



**नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर**

शिकोहाबाद । नगर में आज महान समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर शिकोहाबाद में जन जागरण यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

आज सुबह स्टेट बैंक के सामने स्थित आर्य समाज मंदिर से जन जागरण यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर का भ्रमण करते हुए आर्य समाज मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा में शामिल वक्ता डॉ.रामकैलाश यादव ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती 16, 17 व 18 नवंबर को गुरुकुल महाविद्यालय, सिरसागंज में विशाल स्तर पर मनाई जा रही है। इस अवसर पर लोगों को धर्म और संस्कृति की ओर ले जाने तथा आने वाली पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए यह जन जागरण यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने आर्य समाज के अनुयायियों व नगर वासियों से गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की।

## सड़क से नहर में गिरा ट्रैक्टर टला बड़ा हादसा



**नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर।**

सिरसागंज । थाना सिरसागंज क्षेत्र में जायमई नहर पुल के पास एक ट्रैक्टर सड़क से नीचे नहर में गिर गया ।जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। एक ट्रैक्टर ट्रॉली में ईटों को भरकर जायमई नहर पुल पर पहुंचा तभी चालक ने तेज स्पीड में ट्रैक्टर को मोड़ दिया। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रण होता हुआ नहर में जा गिरा। लेकिन गमियत यह रही कि ट्रैक्टर पर बैठे लोग ट्रैक्टर से कूद गए और किसी को चोट नहीं लगी। ट्रैक्टर को नहर में गिरा हुआ देखकर आसपास के ग्रामीण इकट्ठे हो गए और लोगों ने बचाव कार्य करते हुए ट्रैक्टर को बाहर निकाला।

# वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

## छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए मॉडलों की तारीफ की गई

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर**



शिकोहाबाद । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में एशियन स्कूल में स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी डॉ देवेन्द्र शाह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकित कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन कर उनके कार्यों की प्रशंसा की। देवेन्द्र शाह ने सभी बाल वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। कृष्ण मोहन सिंह और अंकित कुमार ने सभी मॉडलों के अवलोकन करते हुए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने 59 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें सन्तुलित आहार, प्रदूषण, वायु प्रदूषण, स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छता गाड़ी, जंक फूड आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इस मौके पर राजेंद्र सिंह यादव, डॉ आर के तेनगुरिया, मनोज कुलश्रेष्ठ, अश्वनी जैन, आशुतोष वर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, शिवनाथ, आरुषि, रेखा सिंह, रचना, दीप्ती, सुमित प्रताप सिंह, दुन्द्रसेन यादव, हरिओम, हिमांशु भारद्वाज, रईश खान, माधुरी सिंह, प्रतिभा सिंह आदि मौजूद रहे ।

### तमंचा सहित युवक को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर।

जसराना। थाना जसराना पुलिस ने एक युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पर पूर्व में भी कई मुकदमे थाना जसराना में दर्ज है। पुलिस ने युवक को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा है। थाना जसराना पुलिस को सूचना मिली कि एटा रोड़ पर मौजूद गांव इमलिया के पास एक युवक खडा है। युवक के पास तमंचा है और वह कोई घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की बात को गंभीरता से लेकर युवक की घेराबंदी की तो युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थाना प्रभारी निरीक्षक शरि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक भानुप्रताप निवासी झपारा थाना जसराना के पास से पुलिस को एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस मिला है। युवक पर चोरी एवं अवैध हा?थियार रखने के पूर्व में भी मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# राजकीय हाईस्कूल में हुआ करियर मेले का आयोजन





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद। सोमवार को जनपद के तहसील टूण्डला में स्थित राजकीय हाईस्कूल ठारबल्दी में करियर मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार राखी शर्मा ने माडलों का अवलोकन किया साथ ही बच्चों को जीवन में सफल होने का मूल मंत्र दिया। करियर बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं होता है आपको पर्याप्त समय में ही अपना लक्ष्य प्राप्त करना है। आप समय के साथ सामंजस बैठा कर ही भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। आपको स्वय देखना है कि आपको अपना लक्ष्य कैसे हासिल करना है। तकनीकि के माध्यम से आप जीवन बना सकते है और दुरुपयोग से भविष्य को बर्बाद भी कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार किए गए माडल और शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन करने पर बधाई दी।संचालन सहायक शिक्षिका अनुराधा शर्मा ने किया। साथ ही अनुराधा शर्मा ने पंख पोर्टल के बारे में जानकारी दी। पंख पोर्टल के नोडल अधिकारी राजकपूर, जिला समन्वयक सोमवीर सिंह राठौर, राजकीय शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव यादव ने भी बच्चों को संबोधित किया। प्रधानाध्यापिका गीता माथुर ने सभी अतिथियों को पौधे भेंट किए।

# चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत मिशन शक्ति की नोडल जया शर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिरौलिया ब्लॉक टूण्डला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से सभी बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बालिका सुरक्षा व सम्मान, बाल विवाह आदि विषयों पर चित्र बनाए। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सभी को नारी शक्ति, सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संदेश देना है। इस अवसर पर सुनीता यादव, विमलेश, शकुंतला आदि उपस्थित रही। अंत में सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# बालिका गृह एवं वन स्टॉप सखी सेन्टर का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा द्वारा बालिका गृह (बालिका) पुष्पांजली विहार जनता रोड का निरीक्षण किया गया है। वहां पर मैनेजर सुलेखा सहित अन्य स्टाफ कार्यरत पाये गये। मैनेजर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में यहां पर 42 बालिकाएं रह रही है, जिसमें से दस बालिका स्कूल गयी हुई है। निरीक्षण के समय पाया गया की सुरक्षा हेतु लगाये गये सभी सी0सी0 टीवी कैमरे सही प्रकार से कार्य कर रहे हैं। अधीक्षका द्वारा बताया गया कि सुबह नाश्ते में दाल, चाय, पराठा दिया गया था एवं दोपहर के भोजन में मिक्स दाल, चावल, आलू की सब्जी तैयार कराया गया है। बालिकाओं द्वारा बताया गया कि उन्हें योग, खेल, सिलाई इत्यादि की गतिविधियां कराई जा रही है।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा द्वारा एस0बी0डी0 हास्पिटल में स्थापित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरे ठीक पाये गये कुल आठ कैमरे हैं जिनमें 17 दिन की रिकॉर्डिंग रहती है। प्राधिकरण सचिव द्वारा वन स्टॉप सेन्टर पर रखी गयी उपस्थिति की पंजिका, केस रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सेन्टर पर कार्यरत द्वारा बताया गया कि वन स्टॉप सेन्टर 24 घण्टे खुला रहता है और उसमें आठ-आठ घण्टे की शिफ्टो में स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाती है।

# संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु ए.एन.एम. व आशाओं को दिया प्रशिक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** राज्य मुख्यालय लखनऊ के निदेशानुसार नेशनल वैक्टर बोर्न डिजीज कन्ट्रोल प्रोग्राम एवं संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु सुदेश कुमार, स्टेट एण्टोमोलोजिस्ट, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आज देवबंद में आशाओं/ए0एन0एम0 को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि से बचाव एवं रोकथाम हेतू जानकारी दी गयी। आशाओं को अपने-अपने क्षेत्र में रक्त पट्टिकाएं बनाये जाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया,जिससे उनके क्षेत्र में बुखार के प्रकार का पता लग सके और कार्यवाही की जा सके। आशाओं को यह भी जानकारी दी गई कि वह प्रतिदिन घर-घर जाकर पानी से भरे बर्तन जैसे कूलर, गमले, छतों पर रखे पुराने टायर, फ्रिज की ट्रे आदि जिनमें एक सप्ताह से ज्यादा पानी रूका रहता है उन्हें खाली कराये क्योंकि इन्हीं बर्तनों में एडिज लार्वा प्रजनन करता है। डेंगू की रोकथाम हेतु विशेषतौर पर कूलरों में पानी भरने से पहले अच्छी तरह रगड़कर साफ किया जाये जिससे डेंगू फैलाने वाले मच्छर एडिज का विगत वर्ष का अण्डा मर जाये क्योंकि यह अण्डा एक साल तक कूलरों में जमा रहता है व पानी के सम्पर्क में आने पर एडिज मच्छर बन जाता है। जोकि डेंगू रोग फैला सकता है।

ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी प्रचार-प्रसार, प्रधान वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से संचारी रोगों तथा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु ह्वक्या करें, क्या न करें का सघन प्रचार-प्रसार किया जायेगा। आशा एवं आशा संगिनी को निर्देशित किया कि सर्वे के दौरान गम्भीर रोगी पाया जाता है तो तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार करायें। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी देवबंद डॉ. अजय कुमार त्यागी, ए0एम0आई मनोज कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं किया जा रहा जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को विभिन्न स्थानों पर जाकर गोष्ठी व सेमिनार के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं व छात्राओं को भी पम्पलेट वितरित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जानकारी योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी कड़ी में आज महिलाओं तथा छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एंटिरोमियो टीमों/महिला पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानो पर महिलाओं एवं बालिकाओं को कानूनी प्रावधानों जैसे-शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया के दुष्प्रयोग से बचने आदि, मुद्दों पर गोष्ठी सेमिनार कार्यशाला आदि का आयोजन कर जागरूक किया गया। साथ ही वूमन एम्पावरमेंट संबंधी विभिन्न हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि के सम्बन्ध मे पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गई।

# वैज्ञानिक सोच से ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सम्भवः जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता एवं मुख्य आतिथ्य में जिला विज्ञान क्लब सहारनपुर के सौजन्य से नवप्रवर्तन प्रदर्शनी एवं युवा कल्याण तथा नेहरू युवा केन्द्र के सौजन्य से जिला युवा उत्सव मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 178 नवप्रवर्तकों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किये जिसमें हैण्डीक्राफ्ट, नवीनीकृत ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, चन्द्रयान, डायलेसिस, बाढ अलार्म, मिलेट्स आदि के मॉडल जिलाधिकारी द्वारा सराहे गये। समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा समस्त निर्णायक मण्डल सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से दीप दीप प्रज्जवलन कर किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना ही वैज्ञानिक प्रदर्शनियों का विशेष उद्देश्य है।

वैज्ञानिक सोच से ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सम्भव है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति संवेदनशीलता जागृत होती है तथा विद्यार्थियों को नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आवाह्न किया। जिला विद्यालय निरीक्षक हर्षदेव स्वामी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना स्वयं में विजेता बनने की ओर अग्रसर होना है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतियोगिता में नवप्रवर्तकों द्वारा स्वनिर्मित मॉडल प्रस्तुत किये गये हैं। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार हेतु कमशः 8000 रुपए, 5000 रुपए, 3000 रुपए एवं 2000 रुपए के पाँच पुरस्कार प्रदान किये गये। उक्त राशि नवप्रवर्तकों के खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता विकसित करने, कल्पनाशीलता को उच्चीकृत करने, वैज्ञानिक पद्धति के क्रियाकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करना है।

# ब्याज पर रुपये लेना पड़ा भारी

## करोड़ों के घपले की शिकायत लेकर पीड़ित पहुँचा थाने

संवाददाता आजाद खान



**गंगोह।** मोटी ब्याज दरों के नाम पर लोगों से लूट-खसोट और ठगी करने वाले एक गैंग के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए पीड़ित अनवर रविवार को गंगोह थाना पंहुचा। उनका आरोप है कि ब्याजखोरों के एक गैंग ने उनसे करोड़ों रुपये की ठगी की है।

अनवर का कहना है कि गंगोह के मोहल्ला कुरैशियान में रहने वाले ब्याजखोरों ने उसे प्रताड़ित किया और उनकी चेकबुक उनके बुजुर्ग बाप से धोखे से हड़पकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। पीड़ित अनवर का आरोप है कि उक्त गैंग ने उन्हें अपने जाल में इस कदर फंसाया की ब्याजखोरों के कथित कर्जे के चंगुल से बचने के लिए उन्होंने अपनी संपत्ति दुकानें, जमीन और प्लॉट तक बेच दिए। अब गैंग के लोग उन पर और दबाव बना रहे हैं।

उन्होंने गंगोह कोतवाली में एक नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की माँग की है। पीड़ित अनवर का कहना है कि ये लोग लाल कोठी गैंग के नाम से कुख्यात हैं, जो ब्याज पर रुपये देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। पीड़ित की यह पीड़ा सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। पीड़ित अनवर का परिवार इस उत्पीड़न से इतना परेशान हो गया है कि आत्महत्या करने या गंगोह छोड़ने तक का विचार करने लगा है। परिवार सदमे में है।

पीड़ित ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने उनकी शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और उनको इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया है पीड़ित ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हमें इंसाफ मिलेगा।

उक्त मामला सच्चाई पर आधारित है या नहीं परन्तु इस घटना ने ब्याज पर उधारी के नाम पर हो रही इस प्रकार की लूट पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत को उजागर किया है।

# सैंकड़ों समर्थकों सहित सपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए बल्लू प्रधान

संवाददाता



**गंगोह।** विधानसभा क्षेत्र के कुंडा कलां गांव में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व प्रत्याशी बल्लो प्रधान ने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद के प्रतिनिधि और गंगोह के चेयरमैन नोमान मसूद की उपस्थिति रही। उनके आगमन पर बल्लू प्रधान के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बल्लू प्रधान ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। कार्यक्रम का नेतृत्व राव चांद खा ने किया, जहां चेयरमैन नोमान मसूद और सांसद प्रतिनिधि संदीप चौधरी ने बल्लू प्रधान का कांग्रेस में स्वागत किया। नोमान मसूद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, ह्वआज मैं बल्लू प्रधान की वजह कुंडा कलां आए हैं, और जिस प्रकार से यहां हमारा स्वागत हुआ है, उससे मेरा दिल भर आया है। हम हर समय आपके साथ खड़े रहेंगे। नोमान मसूद ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जिक्र करते हुए घोषणा की कि इस बार वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अपने बड़ों की परम्परा को निभाते हुए, गंगोह विधानसभा क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि संदीप चौधरी को उम्मीदवार बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, जिला पंचायत के लिए भी संकेत दिए गए।

कार्यक्रम में राव चांद खा, हामिद प्रधान, बीडीसी नूर हसन, बीडीसी लखु, बीडीसी रागिब राणा, यामीन नाजिम बाबू, मिन्ना भागन, इरशाद, रिजवान, राव असलम, पप्पू, कल्लू, आसू, नौशाद, जमील, इकबाल, आलमगीर, गुलजार, जाबिर, हसीन राणा, वकील सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे। बल्लू प्रधान का कांग्रेस में शामिल होना, क्षेत्र में राजनीतिक बदलाव की ओर संकेत कर रहा है।

# मन्त्रोंच्चार संग विविधत ऐतिहासिक गंगा मेला तिगरी का हुआ शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**तिगरीधाम/अमरोहा।** ऐतिहासिक गंगा मेला तिगरी का विधिवत हवन यज्ञ के उपरांत शुरू हो गया। मंडलायुक्त, डीआईजी, सांसद, विधायकों ने मां गंगा की आरती कर उनके समुख चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारंभ किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक गंगा मेले का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। हवन यज्ञ, में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी। मां गंगा की आरती उपरांत गंगा की धारा में दुग्धाभिषेक संग शुरूआत की। मां गंगा के तट पर पंडित गंगाशरण शर्मा, पंडित ऋषभ शर्मा, पंडित दयानन्द शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक ब्राहमणों ने मत्रोच्चार किया। मौजूद रहे-प्रभारी मंत्री केपी मलिक, सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, जिला पचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक हरिसिंह ढिल्लो, विधायक राजीव तरारा, विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, सपा विधायक समरपाल सिंह, पूर्व विधायक संगीता चौहान, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, हसनपुर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह रामसिंह सैनी, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनीराज सिंह, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, अपर जिलाधिकारी बृजेश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उपजिलाधिकारी धनौरा चन्द्रकांता आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद प्रकरण को लेकर सोमवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से रहे विरत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा सोमवार को विरोध दिवस मनाते हुए न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहें। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन ने मंगलवार को भी कार्यो से भी विरत रहने का ऐलान किया। बता दें कि गाजियाबाद में जिला जज की कोर्ट में 29 अक्टूबर को किए गए लाठीचार्ज के विरोध में हड़ताल पर चल रहे वकीलों के तेवर और तल्ख हो गए।

सोमवार को बार रूम में आयोजित सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक में सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की सभा में अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज होना देशभर के अधिवक्ताओं का अपमान है। जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने काली पट्टी पहनकर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान महासचिव निशान्त त्यागी, पूर्व महासचिव नितिन शर्मा, दीपक चौधरी, जमाल साबरी, ऋषि रंजन, अभय सैनी, चौधरी रणधीर सिंह, सिद्धार्थ शंकर त्यागी, सन्दीप पुण्डीर, राजेन्द्र सिंह चैहान, अशोक पुण्डीर, स्वराज सिंह, मुनव्वर खान, पार्थ सक्सेना, सतीश चौधरी, फरमान अली, संजय वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, रमन गुप्ता, सौरभ जैन, राव मो खालिद, अनिता शर्मा, रेखा, जुबैर अली, अभिषेक, साकिब अली, रूमन लाम्बा, फैसल नसीम आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सड़कों की पुनर्स्थापना संबंधी कार्यों में न हो लापरवाहीः जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत की हर घर नल-हर घर जल योजना की गहन समीक्षा
- पर्यवेक्षण कार्य में घोर लापरवाही एवं खराब कार्यशैली पर एक्सईन को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा हेतु जनपद में किये गये कार्यों की प्रगति के संबंध बैठक आहूत की गयी। डीएम मनीष बंसल ने जनपद में कार्यरत कम्पनियों को प्रति पन्द्रह दिन का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही तीन दिन के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि रोड रेस्टोरेशन के कार्य का सत्यापन सचिवों के माध्यम से कराया जाए तथा ग्राम प्रधान और सचिव के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र लिया जाए। उन्होंने कम्पनियों के प्रतिनिधियों से श्रमिकों की संख्या की जानकारी लेते हुए संख्याबल बढ़ाकर कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एक्सईन जल निगम के पर्यवेक्षण कार्य में घोर लापरवाही एवं खराब कार्यशैली पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैठक में दिए गये निर्देशों की आगामी बैठक में बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार, राजस्व ग्रामवार एवं स्कीमवार निर्धारित प्रारूप पर लक्ष्य के अनुसार पूर्ण, अपूर्ण एवं अनारम्भ कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री बंसल ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पाईप पेयजल योजना के तहत जिन स्थानों पर भूमि उपलब्ध नहीं है उनकी सूची तैयार कर व्यक्तिगत रूचि लेते हुए भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में की गयी कार्यवाही की एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा, उपजिलाधिकारी नकुड संगीता राघव, उपजिलाधिकारी बेहट मानवेन्द्र सिंह, एक्सईन योगेश कुमार, एई अनुज कुमार सहित फर्मो के अधिकारी, टीपीआई एवं जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दि किसान को-आपरेटिव सरसावा शुगर मिल का पेराई सत्र हुआ शुरू




डॉ. मुस्तकीम राव

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा दि किसान को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्री लि0 सरसावा के पेराई सत्र का शुभारम्भ फीता काटकर एवं विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ चैन में गन्ना डालकर किया गया। उन्होंने बुग्गी का पूजन कर गौवंश को गुड भी खिलाया।

शुभारम्भ के दौरान ट्रैक्टर पर स्वास्तिक चिन्ह बनाया एवं कृषक को अंगवस्त्र भेंट किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल प्रबन्धक और गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गन्ना किसानों को मिल परिसर में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कृषक बंधुओं को आश्वस्त किया कि कृषकों को मिल के अंदर तौल संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी तथा गन्ना मूल्य भुगतान भी समय से कराया जाएगा। उन्होंने कृषक बंधुओं का आवाह्न करते हुए कहा कि पराली और गन्ने की पत्ती को ना जलाएं। इस अवसर पर विधायक नकुड़ प्रतिनिधि विकेश चैधरी, उपजिलाधिकारी नकुड श्रीमती संगीता राघव, प्रमोद राणा, अध्यक्ष गन्ना विकास समिति सरसावा डा0 प्रीतम सिंह, प्रधान प्रबन्धक, सभी संचालकगण, अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सहित कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# एड. मौलवी नियाज मौहम्मद खान ने बच्चों को तालीम की रोशनी से किया रोशन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**सहारनपुर।** एडवोकेट मौलवी नियाज मोहम्मद खान, फाउण्डर इस्लामिया इंटर कॉलेज सहारनपुर एक ऐसी शख्सियत है जिसे शायद कौम के लिए भुला पाना नामुमकिन है। महानगर के चैकी सराय से शुरू हुआ सफर आज इस्लामिया इंटर व डिग्री कॉलेज तक आ पहुँचा है। अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी से तालीम लेकर नियाज मौहम्मद खान ने भी सर सैयद से मुतास्सीर होकर कौम के लिए एक ख्वाब देखा कि क्यों ना सहारनपुर की जमीन पर एक ऐसा स्कूल खोला जाये जिससे कौम के बच्चे व दीगर कौमों के बच्चे तालीम हासिल कर सके, ताकि कौम तरक्की हासिल कर सके और कौम के बच्चे अपना मुस्तकबिल बना सके। नियाज साहिब जो सरसावा से ताल्लुक रखते थे ने अपनी इसी सोच व जज्बे को पूरा करने की नियत से सन 1905 में सहारनपुर चैकी सराय में किराए की जगह लेकर मदरसा इस्लामिया की शुरूआत की जो कक्षा एक से पांच तक था। उनकी लगन व मेहनत से बच्चों की तादाद बढ़ती गई लिहाजा 1910 तक आते आते चैकी सराय पर जगह कम होने की वजह से गुरुद्वारा रोड़ पर अपना स्कूल शिफ्ट कर लिया। फिर धीरे-धीरे अपनी मेहनत, लगन और तालीम के जरिये कौम को आगे बढ़ाने के जज्बे के साथ उन्होंने चंदा इकट्ठा कर करके और उस टाइम के बहुत से दानीश्वर लोग जो तालीम को फरोग देने के हक में थे,उनसे फाइनेंशली मदद लेकर स्कूल के लिए जगह खरीदी (जहां वर्तमान में इस्लामिया कॉलेज है)। तामीरी काम शुरू कराया बच्चों को शिक्षा की बुनियादी सहूलियत दी और इस्लामिया हाई स्कूल के नाम से इमारत खड़ी करवायी। सन 1922 में स्कूल मैनेजर की कमान सम्भाली और सन 1937 तक स्कूल के मैनेजर रहे। 11 मार्च सन 1937 एक ऐसा दिन ऐसी सुबह जो नियाज साहिब व उनके तीन बेटों को हमेशा के लिए सुला गई। नियाज मोहम्मद खान कुछ दुश्मन लोगों की जलन का शिकार हो गये। एक पार्सल जिसमें हलवा था और साथ में एक खत था,जिसमें लिखा था कि आपके स्कूल के बच्चों के लिए हलवा भेजना चाहते हैं बानगी के तौर पर कुछ हलवा भेजा है आप खाये और बताये कैसा है। उस मनहूस सुबह नियाज साहिब व उनके तीन बेटों ने हलवा खाया,एक बेटा जो सो रहा था उसने नहीं खाया,उस हलवे को खाकर नियाज साहिब व उनके तीनों बेटों इकबाल मोहम्मद खान उम्र 23 साल, दिलशाद अहमद खान उम्र आठ साल और शमशाद अहमद खान उम्र पांच साल ने दुनियाऐ फानी को अलविदा कह दिया। एक रोशन चिराग जो कौम व दीगर कौमो के बच्चों को भी तालीम की रोशनी से रोशन करना चाहता था वो हमेशा के लिए बुझ गया। अल्लाह पाक नियाज मोहम्मद खान व उनके सभी घर वालों की मगफिरत करे आमीन। नियाज साहिब के एक बेटे जो जहरीले हलवे से बच गये थे,सन 1937 में इस्लामिया स्कूल के मैनेजर बने और सन 1939 तक मैनेजर रहे। इस्लामिया कॉलेज आज भी तरक्की की राह पर चल रहा है। सन 1942 में इंटर की मान्यता के बाद से कॉलेज तरक्की करता गया। काबिल उस्तादों व प्रिंसिपलो और होनहार कमेटी मैनेजरों की बदौलत कौमी इदारा तरक्की करता गया।

# 14 नवम्बर को कलेक्ट्रेट में होगा ई-लाटरी का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में उप निदेशक कृषि डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एगीकल्चरल मैकेनाइजेशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) एवं नेशनल मिशन आन ऑयल सीड्स एण्ड ऑयलपाम (ओ0एस0-टी0बी0ओ0) योजनाओं के अन्तर्गत कृषि यंत्रों के विकासखण्डवार /यंत्रवार निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष इच्छुक लाभार्थी कृषकों द्वारा निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल पर यंत्रवार की गयी बुकिंग के आधार पर जिन कृषि यंत्रों की बुकिंग लक्ष्य से अधिक हुई है। उन कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा दिनाँक 14 नवम्बर 2024 को कलेक्ट्रेट सहारनपुर में किया जायेगा। उक्त के क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त किसान भाईयों को सूचित करते हुए कहा कि जिन्होंने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, वह दिनाँक 14-11-2024 को कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो, जिससे कि ई-लाटरी की प्रक्रिया उनके सम्मुख पूर्ण की जा सके।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी की दी शुभकामनाएं

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी है।श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी का दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की निद्रा से जागृत होते हैं।हिन्दुओं में इस दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है। छत्तीसगढ़ में देवउठनी एकादशी का पर्व बहुत उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। इस दिन भगवान शालिग्राम और देवी तुलसी का विवाह भी संपन्न किया जाता है।

इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कामना की है कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में सुख,समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और सभी का जीवन मंगलमय हो।

## राजस्थान पुलिस अकादमी में जेंडर आधारित हिंसा पर होगी चर्चा,रोकथाम उपाय पर किया जाएगा मंथन-विमर्श

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष(यूएनएफपीए) के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं पर समन्वित प्रतिक्रिया के लिए एकदिवसीय अंतर विभागीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर ने बताया कि इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष(यूएनएफपीए) की भारत की प्रमुख प्रतिनिधि श्रीमती एण्ड्रिया एम. वोज्नर के साथ पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वे अधिकारी जो जेंडर आधारित हिंसा संबंधित समस्याओं व कार्य कार्य करते हैं,प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे।एडीजी श्री सेंगाथिर ने बताया कि उक्त परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं से निपटने के लिए बहुक्षेत्रीय समन्वय को बढाने वाले समाधानो पर पैनल तथा आमन्त्रित प्रतिभागियों से संवाद कर रोकथाम उपाय पर चर्चा करना है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांडः शूटर शिवकुमार समेत चार अन्य को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया




**मुंबई (भाषा)** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम एवं चार अन्य आरोपियों को यहां की एक अदालत ने सोमवार को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और मुंबई अपराध शाखा ने रविवार को शूटर शिवकुमार (20) तथा उसके चार साथियों को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया।

अपराध शाखा ने आरोपियों को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद पाटिल के समक्ष पेश किया। पुलिस ने आरोपियों की रिमांड मांगते हुए अदालत से कहा कि वह मामले के वित्तीय पहलुओं की जांच करना चाहती है और साथ ही यह भी जानना चाहती है कि शूटर ने अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार कैसे हासिल किए। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपी अनुराग कश्यप ने शिवकुमार को दो लाख रुपये दिये थे और इस पैसे के स्रोत की जांच करने की जरूरत है। पुलिस ने कहा कि शिवकुमार वांछित आरोपी शुभम लोनकर के संपर्क में था और इसलिए यह जानने के लिए उसकी हिरासत की जरूरत है कि वह (लोनकर) कहां है। आरोपी की ओर से पेश हुए वकील अमित मिश्रा ने अदालत में दलील दी कि शिवकुमार जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और उसे पुलिस हिरासत में भेजा जा सकता है। मिश्रा ने कहा हालांकि अन्य चार आरोपियों को न्यूनतम समय के लिए रिमांड पर लिया जाना चाहिए क्योंकि अपराध में उनकी कोई विशेष भूमिका नहीं है। मिश्रा ने अदालत में दलील दी कि उन पर सिर्फ शिवकुमार को शरण देने और भागने में मदद करने का आरोप है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पांचों आरोपियों को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा ईस्ट में विधायक और उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिद्दीकी के सीने पर दो गोलियां लगीं और उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी।

उप्र एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी शिव कुमार ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह और धर्मराज कश्यप एक ही गांव के हैं। एसटीएफ द्वारा रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पुणे में एक कबाड़ की दुकान में काम करता था। शिवकुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी और शुभम लोनकर की दुकान एक-दूसरे के बगल में थी।

एसटीएफ के अनुसार, शिवकुमार ने उन्हें बताया कि शुभम लोनकर लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करता है और उसने (लोनकर ने) स्नैप चैट के जरिए कई बार उसकी (शिवकुमार की) लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई से बात कराई थी।

एसटीएफ के मुताबिक, शिवकुमार ने बताया कि सिद्दीकी की हत्या के बाद उसे 10 लाख रुपये और साथ ही हर महीने कुछ न कुछ मिलने वाला था। पुलिस ने इस हत्या के सिलसिले में अब तक 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# पीएम नरेंद्र मोदी को सात समुंदर पार फेक देना है

## बेलागंज में पुराने तेवर में दिखे लालू यादव

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



**पटना(बिहार)।**बिहार में चार विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं।इसके साथ ही झारखंड में विधानसभा चुनाव हो रहा है।राष्ट्रीय जनता दल दोनों जगहों पर चुनाव लड़ रहा है।लेकिन,इन दोनों ही चुनाव में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सक्रिय नहीं दिख रहे थे।इसको लेकर जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव पर लालू यादव को राजनीतिक रूप से नजरबंद करने के आरोप लगाये थे।चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11नवंबर को लालू यादव ने जेडीयू के इस आरोप का अपने अंदाज में जवाब दिया।

### बेलागंज में राजद को जिताने की अपील

राजद सुप्रीमो लालू यादव आज गया के बेलागंज में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे।अरसे बाद लालू प्रसाद यादव को देखकर कार्यकताओं में काफी उत्साह था।बेलागंज विधानसभा से राजद प्रत्याशी विश्वनाथ प्रसाद सिंह को जीत निश्चित करने को लेकर लालू यादव मंच से अपील की।इस दौरान लालू यादव पुराने तेवर में दिखे।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा।भाजपा को उखार फेंकने का आह्वान किया।बेलागंज में मुसलमान भाई-हिंदू भाई एकजुट होकर फिरकापरस्त ताकत को उखाड़ फेंकना है। आपसभी भाई बहनों से अपील है कि आप सभी एक रहिये तो कोई भी माई का लाल तोड़ नहीं सकता है। हमने बहुत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को देखा है।लालटेन छाप पर बटन दबाकर भाजपा को मूली की तरह उखाड़कर फेंक देना है। नरेंद्र मोदी को सात समंदर पार फेंक देंगे-**लालू यादव,राष्ट्रीय अध्यक्ष,राजद**

### लागल-लागल झुलनिया से साधा निशाना

लालू यादव ने अपना फेवरेट लागल लागल झुलनिया में धक्का बलम कलकत्ता चली गाना को अपने अंदाज में गुनगुनाया।लालू जब इस लाइन को बोल रहे थे तो भीड़ में जबरदस्त उत्साह देखा गया।भीड़ लालू यादव के गाने पर झूम उठी।

बता दें कि लालू अपनी राजनीतिक सभाओं में अक्सर इस गाने को गाते रहते हैं।इस गाने से उनका आशय होता है कि विरोधी को ऐसा धक्का देंगे कि वो बहुत दूर चला जाएगा।

### बेलागंज से कौन हैं राजद उम्मीदवार

बेलागंज विधानसभा से पूर्व मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र विश्वनाथ प्रसाद सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।सुरेंद्र प्रसाद यादव 35 सालों से यहां विधायक रहे हैं।लोकसभा चुनाव में जहानाबाद से सांसद चुने गये, जिसके बाद यहां उपचुनाव हो रहा है।

विश्वनाथ कुमार सिंह के सामने पिता की विरासत को बचाने की चुनौती है।यहां से जदयू की उम्मीदवार मनोरमा देवी हैं।जन सुराज के मो.अमजद ने लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है।

## असम उपचुनावः पांच विस सीट के लिए प्रचार थमा

**गुवाहाटी (भाषा)** असम में पांच विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के वास्ते प्रचार सोमवार शाम थम गया। अधिसूचना जारी होने के बाद से ही सामगुरी और बेहाली सीट सुर्खियों में रहीं।

यह उपचुनाव धोलाई (सुरक्षित), सिदली (सुरक्षित), बोंगाईगांव, बेहाली और सामगुरी विधानसभा सीट पर हो रहा है। इन सीट से विधायकों के हाल के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के चलते उपचुनाव कराना जरूरी हो गया था।

निर्वाचन आयोग के आंकड़े के अनुसार, कुल 34 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से अधिकांश उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में किसी भी राष्ट्रीय नेता ने प्रचार नहीं किया, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ जनसभाओं को संबोधित किया, जबकि केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल बेहाली में एक रैली में शामिल हुए।

असम में 16 दलों वाले विपक्षी गठबंधन में बेहाली के लिए उम्मीदवार चयन को लेकर दरार आ गई क्योंकि कांग्रेस ने यह सीट भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन को देने के गठबंधन के प्रस्ताव से असहमति जताते हुए इस पर आखिरी समय में अपना उम्मीदवार उतारने का फैसला किया।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई यह सीट सहयोगी दल को नहीं देने को लेकर अड़े हुए थे और पार्टी उम्मीदवार जयंत बोरा के समर्थन में प्रचार के लिए पूरे प्रचार अभियान के दौरान वहां डेरा डाले रहे। चुनाव प्रचार के शुरूआती दिनों में बेहाली से जुड़ी घटनाओं ने सुर्खियां बटोरीं।

गोगोई के दबाव का मुकाबला करने के लिए शर्मा ने दो जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा उम्मीदवार दिगंत घाटोवाल के समर्थन में एक रोडशो किया।

## पैसा उगाही के आरोप में 2 महिला सिपाही समेत 4 पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज,एसएसपी ने किया सस्पेंड

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



**पटना(बिहार)।**बिहार के गया में बालू लदे वाहन से पुलिस का गश्ती दल रुपए मांग रहा था।इस तरह की शिकायत मिलने के बाद गया एसएसपी आशीष भारती ने बड़ी कार्रवाई की है।गया एसएसपी ने चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।वहीं उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### थानाध्यक्ष से मांगा गया स्पष्टीकरण

यह मामला महकार थाना से जुड़ा है।जानकारी के अनुसार महकार थाना अंतर्गत कुड़वा बाजार के निकट बालू लोड ट्रैक्टर वाहन से महकार थाना के गश्ती दल द्वारा रुपए मांगे जा रहे थे।इस तरह की सूचना मिलने के बाद गया एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और इसकी जांच एसडीपीओ नीमचक बथानी से कराई।जांच में सामने आया,कि यह लोग बालू लोड ट्रैक्टर के चालक से पैसे मांग रहे थे।गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी को गलत आचरण का दोषी पाया गया।

### इन्हें किया गया सस्पेंड

सस्पेंड किए गए पुलिसकर्मियों में महकार थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार राय,महिला सिपाही 1292 खुशबू कुमारी,महिला सिपाही 2817 पिंकी कुमारी और सैप का रहा वाहन का चालक संतोष कुमार शामिल है।एसएसपी के द्वारा तत्काल प्रभाव से सभी को निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।वहीं,इसके साथ ही महकार थानाध्यक्ष से अनुशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है।महकार थाना अंतर्गत कुड़वा बाजार के निकट बालू लोड ट्रैक्टर से महकार थाना के गश्ती दल द्वारा पैसे मांगने की सूचना मिली थी। इसकी जांच कराई गई।

जांच में गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को गलत आचरण का दोषी पाया गया।चारों को सस्पेंड कर दिया गया है और थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण देने को कहा गया है-

**आशीष भारती, एसएसपी, गया**

## चुप चाप रहो... ज्यादा मत बोलो, इमामगंज में जीविका दीदी की मांग पर भड़के सीएम नीतीश कुमार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**रविवार को सीएम नीतीश कुमार गया के इमामगंज विधानसभा में हम प्रत्याशी दीपा मांझी के लिए वोट मांगने के लिए पहुंचे थे।इसी दौरान जीविका दीदियों ने अपनी मांग रख दी।इसके साथ सीएम नीतीश कुमार भड़क गए।उन्होंने जीविका दीदी को खूब डांट पिलाई और चुपचाप भाषण सुनने के लिए कहा।कहा कि पहले हम जिस काम से आए हैं करने दो उसके बाद तुम्हारा सुनेंगे।

### नीतीश कुमार जीविका पर भड़के

जीविदा सीएम नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोग दीपा मांझी को भारी मतों से जिताएं,यही हम आपसे अनुरोध करने आए हैं।इसी दौरान सभा में आई जीविका दीदियों ने सीएम नीतीश कुमार के सामने अपनी मांग रख दी।यह सुनते ही सीएम नीतीश कुमार गुस्सा हो गए।कहा कि पहले मेरा बात सुन लो तब बोलना।पहले हम काम कर लेते हैं इसके बाद तुमलोग का सुन लेंगे कि क्या जरूरत है।इसलिए चुपचाप सुनो।तुम क्या-क्या बोल रही है।तुमको याद नहीं है,हम इतना समझाए हैं।

चुपचाप रहिए ज्यादा मत बोलिए।जंगल राज को याद किया,बता दें कि जीविका दीदी अपने वेतनमान को लेकर नारेबाजी कर रही थी।जीविका दीदी को चुप कराने के बाद एक बार फिर सीएम नीतीश कुमार भाषण शुरू किए।इस दौरान उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधा।कहा कि हमने तो इतना सारा काम किया है।पूर्व में बनी सरकार को लेकर कहा कि 2005 में से हमलोगों ने काम किया।नीतीश कुमार ने लोगों से पूछा कि बताइये 2005 से पहले बिहार में कौन राज करता था।

उनलोगों(लालू यादव)ने कोई काम नहीं किया।पहले शाम में कोई नहीं निकलता था।हिन्दू मुस्लिम का वोट तोड़ने का काम करता था।जब काम करना शुरू किया तो हर प्रकार का कार्य किया है।हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा बंद कराया। 2010 में भाजपा को भारी संख्या में मुस्लमान लोगों ने वोट किया था।हमने भाजपा के साथ मिलकर कब्रिस्तान की घेराबंदी कराया।मंदिर के लिए काम किया **–नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

## कटघोरा वनमंडल के रेंजर देवदत्त खाण्डे निलंबित,वन अपराध तथा वन्यजीवों के अवैध शिकार के रोकथाम में उदासीनता का मामला

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

**रायपुर।**छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख ने वनमंडल कटघोरा में पदस्थ रेंजर देवदत्त खाण्डे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्यवाही रेंजर देवदत्त खाण्डे द्वारा एतमानार परिक्षेत्र अंतर्गत पी.ओ.आर.प्रकरणों की जांच एवं वन अपराध तथा वन्यजीवों के अवैध शिकार के रोकथाम एवं जांच में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण की गई है।

गौरतलब है कि वन विभाग को रेंजर देवदत्त खाण्डे के विरूद्ध बिना कार्य कराए प्रमाणक प्रस्तुत करने की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई थी,जिसकी जांच वनमंडलाधिकारी,कटघोरा द्वारा की गई। जांच में उक्त शिकायत सही पायी गई। रेंजर श्री खाण्डे के विरूद्ध जांच-पड़ताल में यह भी पाया गया कि वे एतमानार परिक्षेत्र अंतर्गत पी.ओ.आर.प्रकरणों की जांच एवं वन अपराध तथा वन्यजीवों के अवैध शिकार के रोकथाम में असफल रहे हैं।

जिसके चलते प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत शासकीय काम एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही तथा शिकायत की जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाये पर निलंबित कर दिया है।

# माहेश्वरी समाज की कुलदेवी बधर माता का त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव उल्हास पूर्वक संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





**ताना :-** सोमानी ,बागड़ी, छापरवाल मर्दा,गदिया,हिंगड, सहित अन्य 14 माहेश्वरी खापों की कुलदेवी बधर माताजी का वार्षिक कार्यक्रम कानडखेड़ा स्थित निमार्णाधीन भक्त निवास परिसर में सेकडौ भक्तों की उपस्थिति संपन्न हुआ.

इस विषय की जानकारी ट्रस्ट के महासचिव मनमोहन बागड़ी - सह सचिव गोविंद सोमानी ने बताया अध्यक्ष शाम सुंदर सोमानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य गोभक्त हितेषजी के आचार्य के द्वारा हुआ, तथा पीयूष सोमानी लखनऊ , ट्रस्ट अध्यक्ष श्यामसुंदर सोमानी के मुख्य यजमान में शतचण्डी पाठ और नौ कुण्डी यज्ञ से प्रारंभ हुआ . दूसरे दिन सवेरे गोपाष्टमी के अपलक्ष्मे भक्तों द्वारा गो पूजन किया है . रात्रि में श्री नाथ सत्संग मण्डल चितौड़ के राजेश सोमानी - किशनगढ़ निवासी अंकित सोमानी द्वारा कुलदेवी के भजनों से भक्तों को मंत्र मुग्ध कर मध्य रात्रि तक झूमने पर मजबूर किया . तीसरे दिन नवकुंडीय यज्ञ की पूणार्हुति हुई. श्री बधर माता सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक सेवा ट्रस्ट की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष श्यामसुंदर सोमानी के अध्यक्षता में संपन्न हुई . कार्यक्रम का संचालन प्रचार मंत्री पूरण मर्दा ने किया . सचिव मनमोहन बागड़ी और सी.ए. वेणुगोपाल सोमानी ने ट्रस्ट का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया , जिसे सभी ने सर्व सन्मति से अनुमोदन किया .आज तक हुए प्रगति की जानकारी दियी .अध्यक्ष श्यामसुंदर सोमानी ने अपने संबोधन में इस भक्त निवास के निर्माण में सहयोग करने वाले दान दाताओ का , प्रशासकीय अधिकारियों का ,ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गोविन्दजी गदिया चितौड़,देवेंद्र सोमानी कपासन , पूर्व प्रधान भगवती लालजी हिंगड़ अकोला ,रमेशजी मालीवाल अकोला का सहयोग अमूल्य है, कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित भूपाल सागर के उपखंड अधिकारी श्री पुनीत गेलड़ा ने सभा को संबोधन में बताया की यह भक्त निवास के पूर्ण निर्माण होने के पश्चात इस क्षेत्र में भक्तों का आवागमन बढ़ेगा ,पर्यटन का विकास होगा . ट्रस्ट के प्रशासकीय कार्य में जो भी सहयोग चाहिए का वह देंगे आप सभी का मार्ग दर्शन चाहिए इसलिए मैं सदैव तत्पर हू . गोविंदलाल गदिया ने इसके पूर्व जिला कलेक्टर श्री पोसवाल साहब के कार्यकाल में माताजी को जाने वाली सड़क निर्माण करवा के भक्तों की आवागमन की कठिनाई को समाप्त किया , इसके लिए धन्यवाद दिया .

कार्यक्रम उपस्थित भक्तों में भीलवाड़ा बधर माता समिति के अध्यक्ष राधेश्यम सोमानी ,मंत्री देवेंद्र सोमानी ,हैदराबाद समिति के अध्यक्ष राजेश सोमानी , कोषाध्यक्ष शाम सोमानी, ट्रस्ट के ऑडिटर और अर्बन बैंक के अध्यक्ष चार्टेड अकाउंटेड आई.एम.सेठिया सहित संपूर्ण भारत वर्ष से कुलदेवी भक्त पधारे . भोजन व्यवस्था भीलवाड़ा के बालमुकन्द सोमानी बृजमोहन सोमानी ने सँभाली .संपूर्ण कार्य सफल करने में स्थानीय देवेंद्र सोमानी कपासन,भगवतीलाल हिंगढ़, ट्रस्ट के भक्तनिवास के व्यवस्थापक ओमप्रकाश सोमानी का विशेष सहयोग रहा .

## खबरें फटाफट

### सीएसए के कुलपति के प्रयास से पुरानी वेतन संबंधी समस्या का हुआ निदान



कानपुर। सीएसए के कृषि अभियंत्रण एवं मत्स्य महाविद्यालय की लगभग बीस वर्ष पुरानी समस्या कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन से संबंधित समस्या का निदान हो गया। इतना ही नहीं छात्रों की संख्या में भी दूनी हो गई। यह जानकारी सोमवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एन.के. शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संस्थान का विकास उसके मुखिया पर निर्भर करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आनन्द कुमार सिंह के विस्तृत दृष्टिकोण के क्रम में उनके अथक प्रयास से लगभग बीस वर्ष पुरानी समस्या कर्मचारियों एवं अधिकारियों का वेतन पूरा कराने में काफी सहयोग किया । कुलपति ने उच्च गुणवत्ता के शिक्षक उपलब्ध कराना, सोलर रूफटॉप के लिये कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय को 20 लाख एवं 10 लाख उपलब्ध कराना, महाविद्यालयों में बृहद वृक्षारोपण एवं नियमित योग कक्षायें आयोजित करने के लिये समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करते रहते है। अधिष्ठाता एवं कुलपति के व्यापक दृष्टिकोण की वजह से महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश लेने में काफी संख्या की वृद्धि हुई है।

### कार सवार लुटेरों ने पिकअप से लूटा सात लाख का पान मसाला,मुकदमा दर्ज

कानपुर। सजेती थाना क्षेत्र में कंठीपुर गांव के समीप कार सवार लुटेरों ने रविवार रात एक निजी पान मसाला कंपनी की पिकअप गाड़ी से सात लाख का पान मसाला लूट ले गए। लुटेरे पहले पिकअप चालक और क्लीनर की असलहे के दम पर पिटाई की और सड़क के किनारे फेंककर फरार हो गए। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि एक निजी पान मसाला कंपनी के निदेशक पवन गुप्ता ने रविवार देर रात सजेती थाने में सूचना दिया कि उनकी कंपनी की पिकअप गाड़ी से चालक व क्लीनर लगभग सात लाख का मसाला लोड करके सप्लाई करने जा रहे थे। रास्ते में कार सवार बदमाशों ने पिकअप को रोककर असलहा दिखाकर चालक व क्लीनर की पहले पिटाई की और वारदात से लगभग 15 किलोमीटर दूर ले जाकर सड़क के किनारे फेंक दिया। लुटेरे पिकअप में मौजूद लगभग 7 लाख का पान मसाला लूटकर फरार हो गए। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस मुकदमा दर्ज करके अपराधियों की तलाश कर रही है।

### देवोत्थानी एकादशी से जाग जाएंगे विष्णु भगवान, होने लगेंगे मांगलिक कार्य

कानपुर। हिंदू धर्म में हर एकादशी को शुभ माना जाता है लेकिन देवोत्थानी (देवउठनी) एकादशी का विशेष महत्व है। इसके पीछे मान्यता है कि चातुर्मास यानी चार महींने तक योग निद्रा में रहने के बाद भगवान विष्णु निद्रा से बाहर आते हैं। इस दिन से भगवान विष्णु सृष्टि की कमान अपने हाथों में ले लेते हैं और मांगलिक कार्य होने लगते हैं। यानी देवउठनी से शादी विवाह जैसे सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं और गेस्ट हाउस, लॉन आदि वैवाहिक व्यवसाओं में बहार शुरू हो जाती है।

ज्योतिषाचार्य रागेश उद्धव शुक्ला ने सोमवार को बताया कि भगवान विष्णु चार माह तक योग निद्रा में रहते हैं जिसे 'चातुर्मास' कहा जाता है। यह चार महीने विशेष रूप से मांगलिक कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं माने जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु जागते हैं और इस दिन से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। यही कारण है कि इस दिन को विशेष रूप से विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। देवउठनी एकादशी का महत्व बाकी 24 एकादशी की तुलना में काफी ज्यादा है। हिंदू पंचांग के अनुसार देवउठनी एकादशी इस बार 12 नवंबर को है। मान्यता है कि जो व्यक्ति इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की सच्चे मन से उपासना करता है।

# दरोगा पर लगाया डेढ़ लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप

**लेन देन का था विवाद, पत्नी बोली दरोगा मांग रहे डेढ़ लाख**

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**

कानपुर के कल्याणपुर थाने में तैनात एक दरोगा पर एक मामले में आरोपी के परिवार से डेढ़ लाख रुपए मांगने का आरोप लगा है। आरोपी की पत्नी ने दरोगा पर आरोप लगाया है। वहीं रिश्वत को लेकर बातचीत करते हुए एक ऑडियो भी सामने आया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। रिश्वत लेने का आरोप निराधार है

बीती 19 जुलाई 2024 को कल्याणपुर थाने में कटरी ख्यौरा आजाद नगर नवाबगंज निवासी विशाल जाजू ने खेड़ा इंद्रानगर कल्याणपुर निवासी आदित्य दीक्षित, उसके पिता दीनबंधु दीक्षित समेत चार के खिलाफ अमानत में खयानत, जान से मारने की धमकी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी।



रिपोर्ट में विशाल जाजू ने आरोप लगाया था कि आदित्य और दीनबंधु से उनकी दोस्ती थी। इनके घर और दुकान तक आना जाना था। विशाल जाजू ने आरोप लगाया था कि पिता पुत्र ने कभी घर खरीदने को तभी पत्नी की बीमारी के नाम पर 16 लाख रुपए वसूल लिए। इसके लिए लिखापढ़ी भी की। जब पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। इसी को लेकर कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

दीनबंधु की पत्नी अनामिका का आरोप है कि विशाल जाजू के साथ व्यापारिक लेन देन हुआ था। उसने ऑनलाइन पैसा दिया था और ऑफलाइन वापस ले लिया था। जब हम उससे कहते थे कि ऑनलाइन पैसा दो तो कहता था कि व्यापारियों को देना है। अनामिका ने कहा कि पति बीमार हैं और विशाल जाजू ने फर्जी फंसाया है।

इस मामले में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय ने कहा, प्रकरण संज्ञान में आया है। जिसमें एक ऑडियो भी सामने आया है। उसकी जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पूरा प्रकरण क्या है और ऐसे तथ्य कहां से आए इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा के पहले निकली विराट कलश यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस**

मौरावां स्थित सुगमेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार मूर्ति स्थापना के पूर्व विराट कलश यात्रा निकाली गई। पूर्व एम एल सी अरविंद कुमार त्रिपाठी गुड्डू के संरक्षण में स्वर्गीय गया प्रसाद शर्मा व उनकी सहधर्मिणी सुमित्रा शर्मा द्वारा स्थापित मंदिर में चल रहा प्राण प्रतिष्ठा का वृहद आयोजन। हाइकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम बहादुर शर्मा व उनकी पत्नी पुष्पा देवी शर्मा, यश भारद्वाज, ईश भारद्वाज, शिव बहादुर शर्मा, सुषमा शर्मा आदि ने बनारस के आचार्य उदित नारायण और उनके मंडल द्वारा सस्वर मंत्रोच्चरण के साथ पूजन अर्चन कराकर यात्रा का शुभारंभ किया। पीत वस्त्र में लगभग पांच सौ महिलाओं ने यात्रा में भाग लिया। बैंड बाजे, ढोल, डमरू, तांसे आदि के अलावा हाथी घोड़े, दुपहिया, चार पहिया वाहनों और ट्राले पे सवार हनुमान जी और अन्य देवी देवताओं के वेश में कलाकारों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पंचायती राज अखाड़ा बड़ा उदासीन प्रयागराज के महंत श्री अद्वैतानंद जी महाराज, स्वामी धर्मेंद्र दास जी महाराज, संरक्षक आचार्य शिव बालक त्रिपाठी व आकाश तिवारी, महेंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में साधु संतों ने अपनी महती भूमिका निभाई। भक्ति संगम एवम सेवा संस्थान के संस्थापक अभिषेक शुक्ल और मनीष सिंह सेंगर के व्यवस्थापन में हज़ारों श्रद्धालुओं ने पावन कलश यात्रा को पूर्ण कराया।

## नशीला पदार्थ देकर महीनों किया रेप



**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर के चर्चित मेडिकल छात्रा से रेप केस में सोमवार को कल्याणपुर थाने की पुलिस मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज कराएगी। छात्रा का मजिस्ट्रेटी बयान इस केस में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। क्यों कि मामला एक साल से ज्यादा पुराना है। काकादेव में नीट की कोचिंग पढ़ाने वाले बायोलॉजी के शिक्षक साहिल सिद्दीकी और विकास पोरवाल ने छात्रा को फ्लैट पर बंधक बनाकर महीनों रेप किया था।

वहीं, दूसरी तरफ जांच कर रही पुलिस ने मामले में आरोपी शिक्षकों के मोबाइल, लैपटॉप से अहम साक्ष्य बरामद किया है।

फतेहपुर की रहने वाली छात्रा काकादेव कोचिंग में नीट की तैयारी करने के लिए आई थी। छात्रा ने बताया कि कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ने वाले टीचर साहिल सिद्दीकी ने उसे पार्टी के बहाने फ्लैट पर बुलाया और नशीला पदार्थ देकर रेप किया। इसके बाद अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। फिर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू किया और अपने ही फ्लैट पर नजरबंद करके रख लिया। उससे महीनों रेप करते रहे और अपने साथी शिक्षक विकास पोरवाल के सामने भी परोस दिया।

छात्रा की तहरीर पर कल्याणपुर पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी और विकास पोरवाल के खिलाफ 8 नवंबर को रेप, पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद 9 नवंबर को दोनों आरोपी शिक्षकों को अरेस्ट करके जेल भेज दिया था।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि बताया कि पीड़ति छात्रा का सोमवार को कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ छात्रा ने कई कॉल रिकॉर्डिंग, फोटो और वीडियो समेत अहम साक्ष्य दिए हैं। आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप से भी कई अहम साक्ष्य मिले हैं।

पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस की एक टीम एक-एक तथ्य की जांच की जा रही है। जल्द ही केस में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

## समितियों पर खाद न मिलने पर किसान परेशान

**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर। सरसौल विकास खंड क्षेत्र के कई गांवों में स्थानीय किसान सहकारी समितियों से खाद की कमी के कारण परेशान हैं। बुआई के लिए आवश्यक खाद नहीं मिल रही है, जिससे फसलों में देरी हो रही है। किसानों को लाइनों में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है।मौजूदा समय में तराई के किसान गेहूं और मटर की बुआई कर रहे हैं। बुआई का कार्य भी तेजी के साथ किया जा रहा है। लेकिन, बावजूद इसके किसानों को खाद की किल्लत से जूझना पढ़ रहा है। सहकारी समितियों से उन्हें ज़रूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से किसान परेशान हैं और उन्हें खाद के लिए भटकना पढ़ रहा है। उधर, रविवार और सोमवार को पुरवा मीर और महुवा गांव स्थित किसान सेवा सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए किसानों की सुबह से लेकर शाम तक भारी भीड़ लगी रही। पर किसानों को लाइनों में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल सकी.खाद लेने पहुंचे किसानों ने बताया कि उन्हें खाद के लिए बहुत परेशान होना पड़ रहा है. जबकि उन्हें जरूरत खाद की ज्यादा मात्रा में है.वहीं बाकी के लिए उन्हें समिति के अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिया जा रहा है। जिसकी वजह से उनकी फसलों की बुआई में देरी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं इस संबंध में उपजिलाधिकारी नर्वल ऋषभ वर्मा ने बताया कि सभी समितियों के सचिवों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में किसान को कोई परेशानी न हो समय रहते खाद आने पर उपलब्ध कराए।



किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह चौहान ने इस बाबत बताया कि प्रदेश अध्यक्ष से बातचीत की गई है जल्द ही किसानों की समस्याओं को लेकर जिले के अधिकारियों से बात चीत कर खाद उपलब्ध कराई जाएगी.तथा खाद समिति में आने के बाद किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध करवाई जाएगी।

## सर्वोदय विद्यालय के मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में कई जिलों से आये बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में जोनल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत सोमवार को हो गयी। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने खूब उत्साह दिखाया और अगले दौर में प्रवेश करने के लिए जमकर पसीने बहाये। इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन समाज कल्याण विभाग के लखनऊ मंडल के उपनिदेशक के.एल. गुप्ता और मुख्यालय के उप निदेशक जे. राज ने किया।

मोहान रोड स्थित जेपी सर्वोदय बालक विद्यालय में बालकों की और बालिका विद्यालय में बालिकाओं की प्रतियोगिता चल रही है। कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, बैडमिंटन में कानपुर, लखनऊ और अयोध्या मंडल की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन 100 मीटर और 200 मीटर रेस, वॉलीबाल और कबड्डी की प्रतियोगिताएं हुईं।

## जिलाधिकारी ने आसरा आवास योजना अन्तर्गत निर्मित आवासों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**नेशनल एक्सप्रेस** उत्कर्ष सिंह

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा तहसील अकबरपुर अन्तर्गत अकबरपुर रूरा रोड स्थित आसरा आवास योजना अन्तर्गत निर्मित आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्मित आवासों की स्थिति, आवास परिसर में जल निकासी, साफ सफाई व्यवस्था को देखा गया। जिलाधिकारी ने परिसर में जल भराव व साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त न होने के कारण कार्यदायी संस्था के कार्यो पर नाराजगी व्यक्त की तथा आवासों की स्थिति में सुधार करने, आवास परिसर से जल निकासी कराने, परिसर की साफ सफाई कराने तथा आवासों में सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवासों को आवंटित करने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्था को दस दिवस में सभी व्यवस्थाऐं दुरूस्त करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था, जिला नगरीय विकास अभिकरण, नगर पंचायत अकबरपुर को आपस में समन्वय कर सभी व्यवस्थाऐं ठीक कराने के निर्देश दिये। इस मौके अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, प्रभारी डूडा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर प्रदीप पाण्डेय, कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## इंडियन रेडक्रास सोसाइटी जनपद शाखा उन्नाव द्वारा, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस राजेश कुमार सिंह**

उन्नाव रेड क्रॉस सोसाइटी ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण और प्रशिक्षण इंडियन रेडक्रास सोसाइटी जनपद शाखा उन्नाव द्वारा, अटल बिहारी इंटर कालेज में प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं तथा शिक्षकों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ रविदास, जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी सिंह ने मां सरस्वती का पूजन, दीपप्रज्जवलन के साथ करने के बाद विद्यालय संस्थापक स्मृतिशेष अटल बिहारी मेहरोत्रा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



छात्र शुभम ने सस्वर वाणी वंदना प्रस्तुत की वहीं छात्रा आंशिका ने स्वागत गीत गाया। बावर्दी दुरुस्त स्काउट छात्रों ने अतिथियों और रेड क्रॉस टीम का बैंड बाजे और प्रॉप्स के साथ बड़ा शानदार अभिनंदन किया। सभापति अशादीन तिवारी ने सभी का अभिनंदन करते हुए रेड क्रॉस के सामाजिक कार्यों की जानकारी के साथ उन्नाव में नियमित गतिविधियों के बारे में बताया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव में कहा कि हमारे विद्यालय में पहला शिविर आयोजित करने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी को आभार और ऐसे स्वास्थ्य उपयोगी शिविर जनपद में नियमित रूप से होने चाहिए। जिला जन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अंकिता सिंह ने पूरे स्टाफ और लगभग एक सैकड़ा बच्चों को प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ रविदास ने कहा कि जिन्होंने प्रशिक्षण लिया है उनकी जिम्मेदारी है कि वो अन्य लोगों को भी इसी तरह प्रशिक्षित कर उन्हें निरोग रहने की कला सिखाएं। डी आई ओ एस एस पी सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी आपदाओं में राहत के साथ नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाती है।

# युवक को महिला ने अपने परिवार के साथ मिलकर हनीट्रैप में फंसाया

**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर में एक युवक को महिला ने अपने परिवार के साथ मिलकर हनीट्रैप में फंसाया। उसका अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया। उसके बाद उसे ब्लैमकमेल कर दस लाख रुपए ऐंठने का प्रयास किया। पीड़ित ने जब असमर्थता जताई तो महिला और उसके परिवार ने दो लाख रुपए वसूले और हर माह पचास हजार रुपए देने को कहा। पीड़ित ने कुछ माह तक रुपए दिए।

मगर जब पानी सिर से ऊपर हो गया तब पीड़ित ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए बर्रा थाने में तहरीर दी। मगर पुलिस ने उसकी सुनी नहीं। इसके बाद पीड़ित पुलिस कमिश्नर के सामने पेश हुआ। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर बर्रा थाने में महिला उसके पति बेटे समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जरौली फेस 2 निवासी अभय सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार उसकी मुलाकात सन 2022 में बारादेवी निवासी महिला से हुई थी। उसी दौरान मोबाइल नम्बर एक दूसरे के साथ साझा किए। महिला से मोबाइल के माध्यम से बातचीत शुरू हो गई। दोनों में अच्छी दोस्ती हो गयीं।



फोटो और वीडियो दिखाकर महिला और उसके परिवार वालों ने दस लाख रुपए मांगे। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। अभय ने तब उनसे कहा कि वह इतने रुपए नहीं दे पाएगा। इस पर महिला और उसके परिजनों ने कहा कि वह दो लाख रुपए एक मुश्त दे और फिर 50 हजार रुपए हर माह देने को कहा।

उनके चंगुल से निकलने के लिये अभय ने रकम देने के लिए हां कर दी। उसने अपने दोस्तों से दो लाख रुपए उधार देकर महिला को दे दिए।

रिपोर्ट के मुताबिक अभय ने महिला के खाते में कुछ माह तक 20-30 हजार रुपए जमा भी कराए। मगर जिस महीने रुपए देने में देरी होती थी। महिला और सभी लोग अभय को बुलाकर लात घूसों से मारते- पीटते व भद्दी भद्दी गालियां देते थे। अभय की रिपोर्ट अनुसार आरोपियों ने उसे बैंक की चेके भी साइन कराकर अपने पास रख ली थी। 29 सितम्बर 2024 की रात 8:35 बजे महिला ने फोन कर बर्रा 8 स्थित पेट्रोल पंप के पास बुलाया। वहां पर आरोपियों ने अभय के तमंचा सटाकर फायर किया। मगर वह मिस हो गया। फिर तमंचे की बट से अभय के गले व सिर पर कई वार किए। अभय वहां बेहोश हो गया और आरोपी उसे मरा समझकर वहां से चले गए ।

## कानपुर-झांसी हाईवे व मुगुल रोड़ मे अनैतिक रूप से की जा रही मौरंग धुलाई का मौके पर जाकर किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी भोगनीपुर सर्वेश कुमार द्वारा कानपुर-झांसी हाईवे व मुगुल रोड़ मे अनैतिक रूप से की जा रही मौरंग धुलाई के सम्बन्ध में भूगर्भ जल विभाग, विद्युत, खनिज व राजस्य की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार (मध्य) भोगनीपुर, अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) पुखराया, हाईड्रोलॉजिस्ट भूगर्भ जल विभाग, खनिज अधिकारी, कानपुर देहात व प्रभारी निरीक्षक थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात रहें। निरीक्षण में ग्राम पिपरी में जांच के दौरान 1 वाहन बिना नम्बर (वाहन सं0 UP 77 AT 7951 जोकि आर०सी० प्रपत्र को जांचने पर ज्ञात हुआ) के अतिरिक्त एम०एम०-11 न होने के कारण उपरोक्त वाहन को खान अधिकारी कानपुर देहात द्वारा थाना भोगनीपुर की अभिरक्षा मे सुपुर्द कर दिया गया है। सुपुर्दगीनामा साथ में संलग्न है। सेराज पुत्र सुल्तान नि० पिपरी, धर्म सिंह पुत्र राजाराम नि० पिपरी, नसरूद्दीन पुत्र बदलू नि० हलधरपुर, राहुल पुत्र रमेश कुमार नि० हलधरपुर व छोटू सचान निवासी मकरन्दापुर के मौरंग धुलाई केन्द्रों की जांच की गई, जोकि अवैध रूप से संचालित थे, को तत्काल रूप से बन्द कराते हुये निर्देशित किया कि समस्त औपचारिकता पूर्ण करके व सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्तिके उपरान्त ही कोई कार्यवाही करें। धर्म सिंह पुत्र राजाराम निवासी पिपरी जोकि निजी नलकूप के कनेक्शन के स्थान पर वाणिज्य कनेक्शन का उपयोग कर रहे थे। इसके विद्युत कनेक्शन को मौके पर कटवाते हुये भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 126 के अन्तर्गत कार्यवाही कर दी गयी है।



# बुमराह अगुआई करेंगे, राहुल के पारी का आगाज करने की संभावना: गंभीर

**मुंबई (भाषा)** मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि नियमित कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होने के कारण पर्थ में पहले टेस्ट में भारत का नेतृत्व करेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने संकेत दिया कि रोहित के नहीं खेलने पर लोकेश राहुल को पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। भारतीय टीम का दूसरा दल सोमवार को पर्थ के लिए रवाना होगा लेकिन रोहित भारत में ही रुकेंगे। अनिश्चितता बनी हुई है कि रोहित श्रृंखला के पहले मैच में खेलेंगे या नहीं।

गंभीर ने कहा, देखिए फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम लोग आपको बता देंगे कि स्थिति क्या होगी। उम्मीद है कि वह उपलब्ध होंगे लेकिन आप जो भी जानना चाहते हैं वह आपको श्रृंखला शुरू होने से पहले पता चल जाएगा।

उन्होंने कहा, बुमराह उपकप्तान हैं इसलिए जाहिर है कि वह टीम की अगुआई करेंगे। अगर रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो वह पर्थ में कप्तानी करेंगे। रोहित की संभावित अनुपस्थिति से बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर एक स्थान खाली हो जाएगा और गंभीर ने कहा कि पदार्पण का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन और राहुल में से एक को चुना जाएगा। ये दोनों भारत ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट खेले थे।

गंभीर ने कहा, बेशक ईश्वरन है, केएल वहां (ऑस्ट्रेलिया में) है। अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आने पर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, वहां विकल्प मौजूद हैं। ऐसा नहीं है कि कोई विकल्प नहीं है। उस स्थान पर काफी विकल्प हैं। जैसे ही पहला टेस्ट मैच करीब आएगा हम सर्वश्रेष्ठ एकादश खिलाने की कोशिश करेंगे जो हमारे लिए काम कर सके।



हालांकि उन्होंने पर्याप्त संकेत दिए कि राहुल का अनुभव नए खिलाड़ी ईश्वरन की मौजूदा फॉर्म पर भारी पड़ सकता है।

गंभीर ने कहा, हां, क्योंकि कई बार आप अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भी जाते हैं। मुझे लगता है और यही एक व्यक्ति की खूबी है कि वह (राहुल) शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है और वह छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकता है। बाएं हाथ के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, इसलिए आपको इस तरह के काम करने के लिए काफी प्रतिभा की आवश्यकता होती है और उसने एक दिवसीय प्रारूप में भी विकेटकीपिंग की है।

तो कल्पना कीजिए कि कितने देशों में राहुल जैसे खिलाड़ी हैं जो बल्लेबाजी की शुरूआत कर सकते हैं और छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं? उन्होंने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह (राहुल) हमारे लिए यह काम कर सकते हैं, खासकर अगर रोहित पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो।

गंभीर ने पदार्पण का इंतजार कर रहे ऑलराउंडर नितीश रेड्डी का समर्थन किया जिनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 21 है और उन्हें आगामी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर पर तरजीह दी गई है। गंभीर ने संकेत दिया कि फिलहाल शारदुल के लिए दरवाजे बंद हैं।

उन्होंने कहा, ह्यह्ययह आगे बढ़ने के बारे में भी है और मुझे लगता है कि यह खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ समूह है जिन्हें हमने देश के लिए काम करने के लिए चुना है।

शारदुल गाबा में भारत की जीत के नायकों में से एक थे। उन्होंने कुछ विकेट चटकाने के अलावा अर्धशतक जड़े और सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर रहे हैं।

## गंभीर को मीडिया से दूर रखें, उनका आचरण सही नहीं: मांजरेकर

**नयी दिल्ली (भाषा)** गौतम गंभीर पर अप्रत्याशित रूप से तीखा हमला बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सोमवार को कहा कि भारतीय मुख्य कोच के पास प्रेस से बातचीत करते समय सही आचरण और शब्दों का अभाव है और उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से उन्हें मीडिया से बात करने की जिम्मेदारियों से दूर रखने का आग्रह किया।

मांजरेकर की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रस्थान से पूर्व गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों बाद आई है।

अपनी बेबाकी के लिए पहचाने जाने वाले गंभीर ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के रन बनाने के लिए संघर्ष करने, कोहली की फॉर्म पर रिकी पोंटिंग की टिप्पणी, भारतीय टीम में बदलाव के दौर और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम संयोजन पर सवालों के जवाब दिए।

मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, मैंने अभी-अभी गंभीर को प्रेस



कॉन्फ्रेंस में देखा। बीसीसीआई के लिए उन्हें इस तरह की जिम्मेदारियों से दूर रखना समझदारी होगी, उन्हें पर्दे के पीछे से काम करने देना चाहिए। मांजरेकर ने सुझाव दिया कि कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर मीडिया को संभालने के लिए बेहतर होंगे।

उन्होंने कहा, उनके (गंभीर) पास बातचीत करते समय ना तो सही व्यवहार है और न ही सही शब्द। रोहित और अगरकर मीडिया के सामने आने के लिए बेहतर लोग हैं। हालांकि मांजरेकर ने अपने ट्वीट में यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस का कौन सा हिस्सा आपत्तिजनक लगा।

### न्यूज ब्रीफ

## निशानेबाज ऐश्वर्य, सामरा ने किया निराश, रमेशभाई ने जीता रजत पदक

नयी दिल्ली (भाषा) भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस. रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता।

रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये। वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन दौर में रमेशभाई ने 630.0 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर थे। उमामहेश और ऐश्वर्य ने 629.8 और 628.3 का स्कोर करके क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था। सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है। वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। फ्रांस की अगाथे गिरार्ड (462.3) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पोलैंड की जूलिया पियोट्रोस्का (462.0) और अन्ना जानसेन (450.2) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

## मणिपुर, हरियाणा सीनियर पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**चेन्नई (भाषा)** मणिपुर और हरियाणा ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने अपने आखिरी पूल मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



मणिपुर ने असम को 10 . 0 से हराया। पूल एच के इस मुकाबले में लैशराम दीपू सिंह ने हैट्रिक लगाई। वहीं हरियाणा ने मिजोरम को पूल बी में 8 . 0 से मात दी जिसमें चार गोल रोहित ने किये। पूल ए से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीयू भी अंतिम आठ में पहुंच गए जिन्होंने छत्तीसगढ को 3 . 1 से हराया। मणिपुर पहले क्वार्टर फाइनल में पंजाब से खेलेगा जबकि हरियाणा का सामना महाराष्ट्र से होगा। तीसरा क्वार्टर फाइनल तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के बीच होगा जबकि चौथा ओडिशा और कर्नाटक के बीच खेला जायेगा।

## एंडरसन अगर चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम में शामिल हुए तो आश्चर्य नहीं होगा: वॉन

**नयी दिल्ली (भाषा)** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अगर चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम का हिस्सा बनते हैं तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि यह पूर्व चैंपियन टीम ऐसे तेज गेंदबाज को पसंद करती है जिनके पास स्विंग कराने की क्षमता है।

एंडरसन ने इस साल की शुरूआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। इस 42 साल के दिग्गज ने खुद को पहली बार आईपीएल की नीलामी में शामिल किया है।

वॉन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कहा, आपने जेम्स एंडरसन का जिक्र किया, मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर जिमी एंडरसन चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा बने। इस पॉडकास्ट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट भी शामिल थे।

वॉन ने कहा, चेन्नई सुपरकिंग्स एक ऐसी टीम है जो शुरूआती ओवरों में स्विंग करने की क्षमता वाले गेंदबाजों को पसंद करती है। उनकी टीम में हमेशा ही एक ऐसा गेंदबाज रहा है, चाहे वह शारदुल ठाकुर हो या कोई और। मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर जिमी एंडरसन चेन्नई की टीम में दिखे।

एंडरसन ने अपना पिछला टी20 मैच 10 साल पहले 2014 में खेला था। टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए वह कभी भी इस लीग का



हिस्सा नहीं रहे हैं। वह आईपीएल की मेगा नीलामी में 1.25 करोड़ रुपये की आधार कीमत के साथ शामिल हुए है।

एंडरसन से जब इस फैसले के बारे में पूछे गया था तो उन्होंने कहा कि वह इस खेल के बारे में अपनी समझ बढ़ाने के लिए इस नीलामी में शामिल हो रहे हैं। एंडरसन ने पिछले सप्ताह बीबीसी रेडियो पॉडकास्ट पर कहा था, मेरे मानना है कि मेरे पास अब भी खेल को कुछ देने की क्षमता है। मैं अभी भी खेल सकता हूं। मैंने कभी आईपीएल नहीं खेला है, मैंने कभी इसका अनुभव नहीं किया है और कई कारणों से मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरे पास देने के लिए और भी बहुत कुछ है। आईपीएल की मेगा नीलामी का आयोजन 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगा। इसकी नीलामी के लिए 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

## भारत ने महिला एसीटी हॉकी के पहले मैच मलेशिया को 4 . 0 से हराया

**राजगीर (बिहार) (भाषा)** गत चैम्पियन भारत ने महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूनार्मेंट के पहले मैच में सोमवार को मलेशिया को 4 . 0 से हराया।

भारत के लिये संगीता कुमारी ने आठवें और 55वें मिनट में, प्रीति दुबे ने 43वें और उदिता ने 44वें मिनट में गोल किये।

भारत को मंगलवार को दक्षिण कोरिया से खेलना है।

अन्य मैचों में जापान ने कोरिया से 2 . 2 से ड्रॉ खेला जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने थाईलैंड को 15 . 0 से हराया।

### न्यूज ब्रीफ

## अमूल इस महीने के अंत तक यूरोप में प्रवेश करेगा: प्रबंध निदेशक




नयी दिल्ली (भाषा) गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन एस मेहता ने सोमवार को कहा कि अमूल अमेरिका में अपने उत्पाद पेश करने के बाद इस महीने के अंत तक यूरोपीय बाजार में प्रवेश करेगा। जीसीएमएमएफ अपने दुग्ध उत्पाद लोकप्रिय अमूल ब्रांड के तहत बेचता है। मेहता ने यहां भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा, हम इस महीने के अंत तक यूरोप में दूध... नए उत्पाद पेश करेंगे। कंपनी पहले स्पेन में उत्पाद पेश करेगी और फिर यूरोप के अन्य देशों में विस्तार पर विचार करेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय दुग्ध उद्योग को अन्य देशों में गैर-शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है और इन्हें हटाने से निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मेहता ने कहा, हमारे लिए बाजार में अवसर बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि दूध देश में 10 करोड़ से अधिक परिवारों की आजीविका का स्रोत है और अधिकतर उत्पादक छोटे तथा सीमांत किसान हैं। भारत 30 प्रतिशत शुल्क पर डेयरी उत्पादों के आयात की अनुमति देता है। उन्होंने दावा किया कि अमूल का कारोबार 80,000 करोड़ रुपये का है और अब यह वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत दुग्ध तथा और खाद्य ब्रांड है। इससे 36 लाख किसान जुड़े हैं। जीसीएमएमएफ ने भारतीय प्रवासियों तथा एशियाई आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिकी बाजार में चार तरह के दूध मार्च में पेश किए थे।

## सेबी का जुर्माना न देने पर वसूली कार्यवाही के दौरान ब्याज में छूट, कमी पर विचार

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जुमार्ना अदा करने में विफल रहने पर वसूली कार्यवाही के दौरान ब्याज में छूट या कमी करने पर विचार करने का प्रस्ताव किया है।

नियामक ने सुझाव दिया कि प्रस्ताव के तहत छूट या कटौती के लिए आवेदन आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 220(2ए) के तीन मानदंडों की पूर्ति का समर्थन करने वाले दस्तावेजों के साथ किया जा सकता है।

आवेदन संबंधित वसूली अधिकारी के पास किया जाना चाहिए। धारा 220(2ए) विशिष्ट शर्तों के तहत इस ब्याज में छूट या कमी की अनुमति देती है। इन मानदंडों में ऐसी राशि का भुगतान शामिल है, जिसे चुकाने में आवेदक



को वास्तव में कठिनाई हो। इसके अलावा चूक आवेदक के नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण हुई हो और आवेदक ने जांच में पूरा सहयोग किया हो।

सेबी ने अपने परामर्श पत्र में सुझाव दिया कि आवेदन को केवल तभी स्वीकार किया जाएगा, जब मांग का नोटिस पहले ही दिया जा चुका हो और देय मूल राशि का पूरा भुगतान किया गया हो। सेबी का वसूली अधिकारी आवेदन को सक्षम प्राधिकारी के पास भेजेगा, जो 12 महीने के भीतर निर्णय लेगा।

## गोयल ने कहा, 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**नयी दिल्ली (भाषा)** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के बड़े निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह लक्ष्य हासिल करने का भरोसा जताया।

गोयल ने कहा, आइए, हम 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साझेदारी करें, बशर्ते कि हम चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर को पार कर जाएं। हमें 2,000 अरब डॉलर का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से बहुत प्रयास करने होंगे।

## आईआरएफ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सड़क हादसों में मौतों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली (भाषा)** अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने पत्र में जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा उपायों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रणनीतियों को लागू करने का सुझाव दिया है।

नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में सालाना लगभग पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें 1.5 लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं जबकि तीन लाख घायल होते हैं। हाल ही में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को तीन प्रतिशत का



नुकसान होता है। कपिला ने कहा, सरकार, कॉरपोरेट और गैर-सरकारी निकायों द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न अभियान चलाने के बावजूद सड़क उपयोगकताओं के लिए सबसे खतरनाक स्थानों में से एक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसलिए समाज के हर स्तर पर जन जागरूकता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और निरंतर भागीदारी को बढ़ावा देना जरूरी है। कपिला ने कहा कि राष्ट्र के नेता और भारत के मूल्यों और आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने वाले व्यक्ति के रूप में आईआरएफ सड़क सुरक्षा पहल को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री के समर्थन का विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता है। आईआरएफ ने प्रधानमंत्री से अपने संबोधनों में सड़क सुरक्षा को शामिल करने का आग्रह किया है। उसने कहा कि प्रधानमंत्री अपने संबोधनों सुरक्षा सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन के महत्व को बताएंगे तो यह लाखों लोगों विशेषकर युवाओं तक पहुंचेगा।

अन्य सुझावों में आईआरएफ द्वारा तैयार सड़क सुरक्षा गान को 23 भारतीय भाषाओं और 10 विदेशी भाषाओं में स्कूलों, कार्यालयों आदि में फैलाना शामिल है।

## रूस के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत: जयशंकर

**मुंबई (भाषा)** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और रूस के बीच बढ़ते व्यापार घाटे के मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अप्रैल-अगस्त में भारत का रूस को निर्यात केवल 2.24 अरब डॉलर रहा, जबकि इस अवधि के दौरान आयात बढ़कर 27.35 अरब डॉलर हो गया। इस तरह व्यापार घाटा 25.11 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। ऊंचे व्यापार घाटे की मुख्य वजह रूस से कच्चे तेल का आयात है।

रूस फिलहाल भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। कच्चे तेल को रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण



के बाद कुछ यूरोपीय देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद से परहेज करने के बाद रूसी तेल छूट पर उपलब्ध था, जिससे भारत ने वहां से आयात बढ़ाया है।

यहां भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने रूस के साथ व्यापार संतुलन को बेहतर बनाने में मदद के लिए गैर-शुल्क और नियामकीय बाधाओं को दूर करने की भी वकालत की। उन्होंने कहा, व्यापार संतुलन को तत्काल सुधारने की आवश्यकता है क्योंकि यह एकतरफा है। इसके लिए जरूरी है कि गैर-शुल्क बाधाओं और नियामकीय अड़चनों को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दोनों देशों का आपसी व्यापार 66 अरब डॉलर है।

इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय मुद्राओं में, खासकर ह्यमौजूदा परिस्थितियोंह्ल में व्यापार के आपसी निपटान की वकालत की।

विदेश मंत्री ने कहा, विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते अभी एक प्रभावी तंत्र हैं। हालांकि, अल्पावधि में भी राष्ट्रीय मुद्रा निपटान के साथ बेहतर व्यापार संतुलन जरूरी है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मॉस्को में वार्षिक शिखर सम्मेलन और पिछले महीने कजान में हुई बैठक ने रणनीतिक दिशा प्रदान की है।

## भारत में दूरसंचार से वंचित लोगों को जोड़ने का काम करेगा सैटेलाइट संचार: सिंधिया

**नयी दिल्ली (भाषा)** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि वह उपग्रह संचार नेटवर्क या गैर-स्थलीय नेटवर्क के विकास को बड़ी उम्मीद के साथ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये माध्यम दूरसंचार से वंचित लोगों को जोड़ने के अलावा संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में नये अवसर तैयार करेंगे। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा आयोजित दक्षिण एशियाई दूरसंचार नियामक परिषद में सिंधिया ने कहा कि गैर-स्थलीय नेटवर्क नए अनुप्रयोगों की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के प्रति सरकार के संकल्प को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। सिंधिया ने कहा कि गैर-स्थलीय नेटवर्क के आने से दूरसंचार प्रौद्योगिकी में एक नया मोड़ आया है और इससे दूरसंचार से अछूती आबादी को जोड़ने में बहुत मदद मिलेगी। सरकार ने बिना



नीलामी के उपग्रह संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने का फैसला किया है, जिससे एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक जैसी कंपनियों को खासतौर से लाभ होगा।

भारती समूह समर्थित वनवेब और जियो सैटकॉम को सैटकॉम सेवाओं के लिए परमिट मिले हैं, लेकिन उनकी मूल कंपनियों ने नीलामी के बिना स्पेक्ट्रम के आवंटन का विरोध किया है। दूरसंचार परिचालकों के विरोध के बावजूद सिंधिया ने स्पष्ट किया है कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन दूरसंचार अधिनियम 2023 के अनुसार प्रशासनिक पद्धति से किया जाएगा।

नई दिल्ली, मंगलवार 12 नवंबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



माफिया, पत्थरबाजों और त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों और व्यवधान पैदा करने वालों से 'निपटने' के लिए झारखंड में 'डबल इंजन' की सरकार की जरूरत है।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की झारखंड के डाल्टनगंज में आयोजित विशाल जनसभा में सम्मिलित हुए दयाशंकर सिंह।




# नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक ने उपराष्ट्रपति को 'नेशनल एक्सप्रेस की प्रति' भेंट कर, आगामी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया



उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी को नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता नेशनल एक्सप्रेस की प्रति भेंट करते हुए साथ में डॉ० नंदकिशोर जी गर्ग संस्थापक (महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी) तथा शंकर ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष श्री संत कुमार चौधरी व बीकानेर वाला समूह के सीएमडी सीरीज श्यामसुंदर अग्रवाल (बाबू भाई जी) आदि।





महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमेन श्री विनीत लोहिया, संस्थापक श्री नंदकिशोर गर्ग, तथा ट्रस्टी श्रीवास्तव देव गर्ग वी श्ंकरा एजुकेशन ग्रुप (ndiit) के अध्यक्ष डॉ संत कुमार चौधरी, व नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक विपिनगुप्ता।

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**विज्ञान भवन नई दिल्ली।** विगत दिवस देश की सबसे लोकप्रिय शैक्षणिक संस्थान महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के ''रजत जयंती समारोह विज्ञान भवन नई दिल्ली में मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी को नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता नेशनल एक्सप्रेस की प्रति भेंट करते हुए साथ में डॉ० नंदकिशोर जी गर्ग संस्थापक (महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी) तथा शंकर ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष श्री संत कुमार चौधरी व बीकानेर वाला समूह के सीएमडी सीरीज श्यामसुंदर अग्रवाल (बाबू भाई जी) आदि देश की प्रमुख हस्तियां उपस्थित थी कि अवसर पर श्री गुप्त ने श्री धनकर जी को डॉक्टर वेद प्रताप वैदिक जो उपराष्ट्रपति जी के परम मित्र और वैचारिक मार्गदर्शन देने वाले सहयोगी थे की स्मृति करते हुए कहा कि आप नेशनल एक्सप्रेस के आगामी कार्यक्रम दिसंबर २०२४ में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं और अपना कार्यक्रम सुनिश्चित करें, विदित हो कि उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी को नेशनल एक्सप्रेस की ओर से नेशनल एक्सप्रेस समूह द्वारा प्रत्येक वर्ष किए जाने वाले स्थापना दिवस एवं राष्ट्रपिता बापू सम्मान के भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति महोदय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु पत्र प्रकाशन समूह की ओर से पहले ही भेजा जा चुका है।

# डॉ. चंदना राउलजी को 'परंपरा' सम्मान से सम्मानित किया गया

## शास्त्रीय कला और गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली,** डॉ. चंदना राउल को भारत के शास्त्रीय कला और गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित कार्यक्रम 'परंपरा' के 10वें संस्करण में परिचय फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारत के संविधान क्लब में आयोजित किया गया था, जिसमें डॉ. राउल के शास्त्रीय कला के संरक्षण और मार्गदर्शन में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी गई।विकास फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती मृदुला ठाकुर प्रधान इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

उनके साथ पद्मश्री उस्ताद गुलफाम अहमद खान, सरोद वादक, और अन्य गणमान्य व्यक्ति, जिनमें डॉ. एम. एम. पल्लम राजू और भूटान व स्लोवेनिया के राजदूत भी शामिल थे, कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण ₹क्लासिकल परफॉर्मिंग आर्ट्स का भविष्य₹ नामक पैनल चर्चा थी, जिसमें गुरु शोवना नारायण, गुरु शेरोन लोवेन, गुरु गीता चंद्रन, गुरु लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, और साधना श्रीवास्तव जैसे प्रख्यात कलाकारों ने भाग लिया। इस चर्चा ने शास्त्रीय कला को जीवित रखने में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित किया, जिससे परिचय फाउंडेशन की सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

# "भारत विकास परिषद" का उत्तर क्षेत्र 2 की राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संपन्न

## राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा मुख्य अतिथि सांसद सुभाष बराला ने सेवा संस्कार कार्यों को सारहा है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फतेहाबाद हरियाणा भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-2 द्वारा क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा पश्चिम प्रान्त की फतेहाबाद शाखा के आतिथ्य में भव्यता के साथ संपन्न हुआ,प्रतियोगिता में क्षेत्र के 9 प्रांतों में से 8 प्रांतों की टीमों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राकेश शर्मा, क्षेत्रीय महासचिव ने की। राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला कार्यक्रम के मुख्यअतिथि तथा श्रीमती सविता टुटेजा, वाईस चेयरपर्सन नगर परिषद फतेहाबाद ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। राष्ट्रीय संगठन मंत्री माननीय सुरेश जैन जी की गरिमामायी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा कई गुणा बढ़ा दी।





फतेहाबाद के होटल सेवन स्पाईसिज में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत से हुआ। कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री के.के.अरोड़ा राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन के मार्ग दर्शन में समूहगान हुआ इसके पश्चात दिल्ली एवं हरियाणा के प्रांतों से प्रान्त स्तर की विजेता टीमों द्वारा पहले हिन्दी व फिर संस्कृत के गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति से सभागार में सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

निर्णायक मण्डल में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में संगीत विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार शर्मा व डॉ. स्वरित शर्मा व श्री विकास रेल्हन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। क्षेत्र स्तर की इस प्रतियोगिता में हरियाणा उत्तर प्रांत की दी माईस्टोन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैथल की टीम प्रथम स्थान पर, आयोजक प्रान्त हरियाणा पश्चिम की सेंट जोसेफस इंटरनेशनल स्कूल, हिसार की टीम द्वितीय स्थान पर व हरियाणा दक्षिण प्रांत की होली चाईल्ड पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद की टीम तृतीय स्थान पर रही। दिल्ली पश्चिम प्रांत की एसएस मोटा सिंह वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल, दिल्ली की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस क्षेत्र स्तर की विजेता टीम को 15 दिसम्बर 2024 को बेंगलुरू में राष्ट्रीय स्तर की समूहगान प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र 2 का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।

आज की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र, सभी विद्यालयों को सहभागिता का स्मृतिचिन्ह व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को पुरस्कार व स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने अपने संबोधन में परिषद द्वारा किए जा रहे संस्कार व सेवा के कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अपनी ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सविता टुटेजा ने अपने संबोधन में वर्तमान परिपेक्ष्य में संस्कारों का महत्व तथा परिषद के द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा क्षेत्रीय महासचिव ने सम्पूर्ण राष्ट्र में चल रहे संस्कार के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला तथा क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं को आज के सफल कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता हेतु बधाई प्रेषित की। माननीय सुरेश जैन जी का उद्बोधन परिषद कार्यकर्त्ताओं के साथ-साथ सभागार में उपस्थित सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी गुरूजनों व संगीतज्ञों को परिषद से जुड़ कर इसके संस्कार एव सेवा के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में भागीदार बनने का आहवाहन किया तथा प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शाखाध्यक्ष श्री अंकित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

आज के इस कार्यक्रम में महिपाल यादव राष्ट्रीय सचिव ग्राम विकास, डॉ परमजीत पाहवा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव, जियालाल बंसल क्षेत्रीय सचिव संस्कार, कैलाश शर्मा क्षेत्रीय सचिव सेवा, राकेश कुमार क्षेत्रीय सचिव, राजकुमार क्षेत्रीय सचिव, अनिल गौड़ क्षेत्रीय सचिव* ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर कार्यक्रम की शोभा में वृद्धि की। आयोजक प्रांत हरियाणा पश्चिम की ओर से प्रांतीय संरक्षक सी.पी.आहुजा, ऊर्जावान प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग, कार्यक्रम संयोजक व उपाध्यक्ष सम्पर्क रविन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष संस्कार हरिओम भारद्वाज, प्रांतीय संगठन सचिव अशोक शर्मा, प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख रेखा गुप्ता, प्रांतीय सह संयोजक रक्तदान ओमानंद गुप्ता, राकेश मखीजा जिला समन्वयक फतेहाबाद ने आयोजन की व्यवस्थाओं में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

फतेहाबाद शाखा के आतिथ्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की सफलता का श्रेय शाखाध्यक्ष अंकित शर्मा के नेतृत्व में उनकी पूरी कर्मठ टीम को जाता है। शाखा सचिव योगेश मेहता ने कुशल मंच संचालक किया । सभी व्यवस्थाएं सटीक थी। प्रतिभागियों के ठहरने से लेकर कार्यक्रम के समापन तक कोई व्यवधान न होना आयोजकों की टीम के सामंजस्य का परिचायक है। श्रीमती लवलीन सरदाना के मार्ग दर्शन में शाखा की मातृशक्ति ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई।

# उत्तर प्रदेश में नाबालिग सगी बहनों के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कारावास

**कौशांबी** (उप्र), (भाषा) यहां की एक अदालत ने दो नाबालिग सगी बहनों के साथ दुष्कर्म के अभियुक्त को सोमवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) शशांक खरे ने बताया कि जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने स्थानीय थाने में 22 जून, 2022 को तहरीर दी थी कि उसकी छह और नौ वर्ष की दो बेटियां गांव के बाग में जामुन खाने गई थीं।

तहरीर के मुताबिक, बाग में शहंशाह (24) ने दोनों बेटियों को बहला फुसला कर उनके साथ दुष्कर्म किया।

खरे ने बताया कि इस मुकदमे के दोष सिद्ध अभियुक्त शहंशाह को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 10,000 रुपये जुर्माना लगाया।

# कामधेनु आरोग्य संस्थान में गोपाष्टमी महोत्सव का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नूँह-तावडू।** गाँव बिस्सर-अकबरपुर कामधेनु आरोग्य संस्थान में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर आरोग्य संस्थान में मुख्य अतिथिविपुल गोयल, मन्त्री,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं सिविल एविएशन विभाग, हरियाणा सरकार,आशीर्वचनगौभक्त श्रद्धेय श्री संजीव कृष्ण ठाकुर,अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भागवत कथावाचक एवं संस्थापक,समर्पण गोशाला, गोवर्धन, अतिविशिष्ट अतिथि तेजपाल तंवर, विधायक सोहना, प्रताप जी, माननीय हरियाणा प्रान्त-संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूरणमल यादव,उपाध्यक्ष, हरियाणा गौ सेवा आयोग, गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, डॉ. डी.पी. गोयल, संस्थापक, कैनविन फाउंडेशन, गुरुग्राम तथा हरियाणा राज्य और देश के अनेक महानुभाव उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम शशि गुप्ता ने हवन का शुभारम्भ किया ।हवन का संचालन आदर्श गर्ग तावडू ने किया ।हवन प्रथा के अनुसार नवम्बर मास में जिन लोगों के जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि थी, उनके नाम से अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई तथा समस्त मानव जाति के हित में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई ।तत्पश्चात सभी अतिथियों ने गोभक्तों के साथ गौ पूजन किया ।ख्यातिप्राप्त कवि दिनेश रघुवंशी ने मंच का संचालन करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया ।संस्थान के संस्थापक डॉ एस.पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागतार्थ परिचय करवाते हुए उनकी गौ-भक्ति का संक्षिप्त वर्णन किया और बताया कि कामधेनु गोधाम में वर्ष 2013 से वैदिक मासिक हवन का अनवरत आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी गौ-भक्तों का लगातार यहाँ आने के लिए धन्यवाद भी किया ।स्वागत कार्यक्रम में विपुल गोयल का स्वागत एस.पी.गुप्ता,यशपाल सिंगल, वर्तिका अग्रवाल तथा ग्राम पंचायत बिस्सर (राजबीर सरपंच एवं अन्य),ग्राम पंचायत कलवाड़ी(राजेन्द्र सरपंच एवं अन्य), अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन(गोपाल शरण गर्ग एवं अन्य), अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन(राष्ट्रीय सचिव दुर्गादत्त गोयल एवं अन्य)ने संयुक्त स्वागत किया । श्रद्धेय श्री संजीव कृष्ण ठाकुर का शशि गुप्ता,योगेश मोदी,आचार्य मनीष शर्मा, प्रियंक गुप्ता ने, तेजपाल तंवर का रुचिर गुप्ता, प्रियंक गुप्ता ने, प्रताप जी का दिनेश गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, दीपक जैन ने, पूरणमल यादव का पुरेन्द्र गोयल,ऊषा गर्ग ने, गोपाल शरण गर्ग का श्याम सुन्दर गुप्ता, महावीर वोहरा, नरेश गुप्ता ने, डॉ. डी.पी. गोयल का विशाल गर्ग, सुन्दर लाल सिंगला, प्रेसिडेन्ट, सीनियर सिटिज़न वाटिका, प्रियंक गुप्ता ने तुलसी का पौधा, कामधेनु स्मृति चिन्ह



एवं संस्थान में पंचगव्य निर्मित घी का गिफ्टपैक भेंट करके किया ।इसके अलावा राव इन्द्रजीत के निजी सचिव ब्रह्म दत्त, गौ सेवा आयोग के सदस्य हकीम आस मोहम्मद, आशा विष्णु भगवान, दीपक आनन्द, नवीन पाराशर, दिनेश रघुवंशी का स्वागत भी विपुल गोयल, ठाकुर संजीव कृष्ण जी, तेजपाल तंवर, डॉ एस.पी. गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पायल-विशाल गर्ग को भी सम्मानित किया गया क्योंकि उनकी सुपुत्री हर्ष्या गर्ग ने अपनी नौकरी की पहला वेतन गौशाला में समर्पित कर दिया ।

विपुल गोयल ने अपने सम्बोधन में सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि गौ सेवा का पर्याय बन चुके कामधेनु आरोग्य संस्थान में आज मुझे डॉ. एस.पी. गुप्ता ने आमंत्रित किया मैं उनका आभारी हूँ। जबसे भाजपा की सरकार देश तथा प्रदेश में आई है तब से 300 करोड़ की धनराशि जो कि गौशालाओं के उत्थान हेतु दी जाती थी, उसे बढ़ा कर अब 510 करोड़ किया जा चुका है। जिसके साथ ही प्रदेश में हर उस किसान को 30 हज़ार रुपये सहायता राशि दिए जाने पर भी सरकार काम कर रही है जो गाय पालने का काम करते हैं। पूरे हरियाणा में सड़कों पर घूमने वाली गायों को बचाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। उन लोगों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो दूध निकालने के बाद गायों को सड़कों पर भटकने कि लिए छोड़ देते हैं। सरकार गौ रक्षा कि लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गायों के सड़कों पर घूमने की समस्या का निवारण जल्द हो जाएगा ।तेजपाल तंवर ने अपने सम्बोधन में डॉ. गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौ माता पर हाथ फेरने मात्र से ही मनुष्य की आधी बीमारियाँ दूर हो दाती हैं ।इसीलिए हमें गौ माता की पूजा करनी चाहिए तथा सभी को अपने घरों में गाय पालनी चाहिए ।प्रताप जी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में शशि गुप्ता की प्रेरणा को नमन करते हुए कहा कि भारत की पूजा पद्धति तथा सभी त्योहारों में गौ माता का विशेष महत्व है जिसे हमें निरन्तर इसी प्रकार आगे बढ़ाते रहना है ।

इस अवसर पर पूरणमल यादव में गोपाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौशालाओ में 510 करोड रुपए की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सहमति दी है और गौ सेवा आयोग ने संकल्प लिया है कि गोभक्त और सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा गौमाताओं की सेवा करेंगे ।गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि जंगल में मंगल करने वाले आई.ए.एस अधिकारी होते हुए सीमा पार की और आज इसी का नतीजा है लोगों के बीच गौसेवा कर रहे हैं ।इस अवसर पर हरियाणा हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष औरंगजेब खान ने कहा कि हमें हिंदू और सनातनी होने पर गर्व होना चाहिए । प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक गाय सेवा करे । उन्होंने कहा कि गौ हत्या पर अंकुश लगाया जाना चाहिए ।डॉ. डी.पी. गोयल ने डॉ. एस.पी. गुप्ता तथा शशि गुप्ता को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें गौ माता की सेवा ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए जिससे आरोग्यता तो आएगी ही, साथ ही साथ हमारी आने वाली पीढ़ी में संस्कार भी उत्पन्न होंगे ।श्रद्धेय श्री संजीव कृष्ण ठाकुर ने अपने आशीर्वचन में गोपाष्टमी की शुभकामनाएँ देते हुए गौ माता के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि यदि कहीं कार्यक्षेत्र पर जातो समय यदि हमें कोई भूखी गौ माता दिखे और हम उसे अपने भोजन में से रोटी उसे दें तो उस व्यक्ति पर कभी दरिद्रता नहीं आती । यदि हमें राष्ट्र की सेवा करनी है तो सर्वप्रथम हमें अपने वैयक्तिक कर्तव्यों का शुद्धतापूर्वक निर्वहन करना होगा । अहम् से वयम् तक की यात्रा ही समाज को उन्नति पर ले जाएगी ।

अन्त में कामधेनु आरोग्य संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता ने सभी महानुभावों का कामधेनु प्रांगण में पधारने और मार्गदर्शन देने पर धन्यवाद व्यक्त किया तथा साधुवाद दिया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने कामधेनु आरोग्य वैलनेस संस्थान एवं कामधेनु गोधाम का अवलोकन किया तथा गौवंश को सवामणि एवं चारा अर्पित करने के उपरान्त प्रसाद ग्रहण किया ।इस अवसर पर पूर्व आई.पी.एस यशपाल सिंघल, पूर्व डी.जी. योगेश चन्द्र मोदी पूर्व आई.पी.एस,श्रीमती आशा विष्णु भगवान, महावीर भारद्वाज, गौभक्त आचार्य मनीष शर्मा, दिनेश गुप्ता, नवीन झा दिल्ली, राजेन्द्र सिंह गुरुग्राम, तेजपाल बिस्सर, कृष्ण कुमार बिस्सर, आयुष गुप्ता, दीपक के आर गुप्ता, सुनील कुमार गर्ग, नीलम वर्मा, सी.ए. दिनेश गोयल व देश के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।